






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 327

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

शुक्रवार | 13 सितंबर, 2024


## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का किया शुभारंभ

# बिना भेदभाव समाज के हर तबके को मिले संसाधनों पर अधिकार : सीएम

### 57 जनपदों, 350 तहसीलों, 825 विकासखंडों में बनाएंगे अटल आवासीय जैसे विद्यालय: सीएम

- सीएम योगी ने कहा- चरणबद्ध तरीके से आवासीय विद्यालयों का करेंगे विस्तार, बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का बनेंगे माध्यम
- अटल आवासीय विद्यालय में सीएम योगी ने छात्रों के साथ किया संवाद, शिक्षक बन छात्रों को दी नसीहत, बार-बार न दोहराएं गलतियां

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जनपदों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। यही नहीं, उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी। इससे पूर्व सीएम योगी ने कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं। वहीं सीएम ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किया। इसके अतिरिक्त विज्ञान रत्न और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अग्रणी छात्रों को भी सीएम ने पुरस्कार प्रदान किया। वहीं, छात्रों ने सीएम योगी के स्वागत में नृत्य प्रस्तुतियां देकर उनका दिल जीत लिया।




### बिना भेदभाव समाज के हर तबके को मिल रही उत्तम शिक्षा

सीएम योगी ने कहा कि व्यक्ति हो या समाज, उसे सुशिक्षित किए बगैर आप सभ्य और समर्थ समाज और राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते। सीएम योगी ने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता का मानक बने। बिना भेदभाव के समाज के हर तबके के बच्चे को उसकी जाति, चेहरा, क्षेत्र और भाषा पूछे बगैर देश, समाज, सरकार के संसाधनों पर अधिकार मिलना चाहिए। इसी अधिकार का अहसास दिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय को शिक्षा के एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। सीएम ने कहा कि अभी औपचारिक रूप से एक क्लास रूम में बच्चों के साथ इंटरैक्शन का अवसर मिला। प्रतिभा जाति, मत और मजहब की बंधक नहीं होती। प्रतिभा कहीं भी पैदा हो सकती है, उसको सिर्फ एक मंच देना है। उसके लिए उचित अवसर उपलब्ध करवाना है और यही सरकार का दायित्व होना चाहिए।

### जिन्होंने हमेशा शोषण किया वो गरीबों की पीड़ा नहीं समझ पाएंगे

सीएम ने बंटवारे की राजनीति करने वालों पर हमला करते हुए कहा कि ये जाति के नाम पर लड़ाने वाले समाज में सामाजिक न्याय के नाम पर सामाजिक वैमनश्यता पैदा कर देश के दुश्मनो को प्रोत्साहित करने वाले लोग गरीबी के दंश को क्या झेल पाएंगे, क्या समझ पाएंगे। जिन लोगों ने हमेशा शोषण किया, अराजकता फैलाई, कभी गरीबी नहीं देखी, उनसे उम्मीद करना कि वो बीओसी बोर्ड से जुड़े हुए रजिस्टर्ड श्रमिक या इन निराश्रित बच्चों जिन्होंने कोविड कालखंड में अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है, उनकी पीड़ा को समझ पाएंगे। उन लोगों के पास उसे समझने के लिए न समय है, न फुर्सत है, क्योंकि उनके अपने ऐजेंडे हैं। उनका एकमात्र एजेंडा और ध्येय राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों को बांटना है। इसके अलावा उनको कुछ भी नहीं दिखाई देता। ये चाहते हैं कि एक गरीब कभी गरीबी, अभाव और अशिक्षा से मुक्त न होने पाए। अगर हो जाएगा तो इनके बंटवारे और सामाजिक वैमनश्यता की राजनीति पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। इसलिए येन केन प्रकारेण ये लोग समाज को विभाजन की कगार पर पहुंचाना चाहते हैं। यही कारण है कि सरकारें पहले भी थीं, पैसा पहले भी था, लेकिन गरीबों के बच्चों के लिए शिक्षा का प्रबंध नहीं किया गया। सीएम योगी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जो लोग अराजकता पैदा करना चाहते हैं, अव्यवस्था पैदा करना चाहते हैं, माफियागीरी करना चाहते हैं उनकी चूलों को हिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय एक मॉडल के रूप में स्थापित हो रहा है।

### अभाव और अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन

अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी कहते थे कि जो समाज अशिक्षा और अभाव का सफलतापूर्वक मुकाबला कर ले उसको सुरक्षित और समृद्ध होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। ये अभाव और अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। अभाव आता है गरीबी से, अकर्मण्यता से, अराजकता से, भ्रष्टाचार से, आपसी बंटवारा से और जहां भी भ्रष्टाचार होगा, अराजकता होगी, अभाव होगा, वहां पर जंगलराज भी होगा, अव्यवस्था होगी, असुरक्षित माहौल होगा, किसी का सम्मान नहीं होगा। वहीं, जब समाज को सही दिशा में नेतृत्व न मिले तो अशिक्षा जैसी बीमारियां तेजी के साथ फैलती हैं और समाज का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आता है। ऐसे में गरीबी, भुखमरी, अभाव ये सारी विकृतियां समाज में देखने को मिलती हैं। श्रद्धेय अटल जी को एक व्यापक जीवन का अनुभव था और उस अनुभव को उन्होंने अपने शब्दों से, अपने काव्यों के माध्यम से और जब सरकार में आने का अवसर प्राप्त हुआ तो इन बुराइयों से लड़ने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य किया था।

### छात्रों में राष्ट्र प्रथम का भाव जगाएं शिक्षक

सीएम योगी ने शिक्षकों से अपील की कि इन बच्चों को सर्वागीण विकास की ओर ले जाने की आवश्यकता है। उनका शारीरिक और मानसिक विकास हो, वो बौद्धिक रूप से परिपक्व हों, उनकी प्रतिभा को बिना भेदभाव के समाज के सामने लाने की अवश्यकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे के साथ भेदभाव न हो। सामाजिक, शैक्षणिक, व्यवहारिक रूप से उन्हें यह बताने की आवश्यकता है कि हर बच्चे का एक ही ध्येय हो और वो ये कि मेरे लिए जीवन की पहली प्राथमिकता मेरा देश होगा। उनके मन में देश के प्रति संपूर्ण समर्पण का भाव होना चाहिए। अगर इस भाव के साथ वो काम करेंगो तो न केवल इस प्रकार के संस्थानों की स्थापना को साकार करने में मदद मिलेगी अपितु और लोग भी इस दिशा में जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि बताते हुए खुशी हो रही है कि अटल आवासीय विद्यालय का मॉडल देखकर तमाम लोगों ने ऑफर किया है कि विद्यालय बनाने में हम भी इसमें सहयोग करना चाहते हैं।

### प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे 2000 ऐसे विद्यालय

सीएम योगी ने आगामी कार्ययोजना को लेकर कहा कि प्रदेश के हर गरीब बच्चे को, हर वंचित के बच्चे को बिना भेदभाव शिक्षा प्राप्त हो सके इसके लिए अगले सत्र में हमने बेसिक शिक्षा परिषद को 57 जनपदों में विद्यालयों की स्थापना हेतु पैसा दे दिया है। 57 जनपदों में ऐसे विद्यालय खुलने जा रहे हैं। सीएम कंपोजिट विद्यालय के रूप में हम उन्हें स्थापित करने जा रहे हैं और तीसरे चरण में इसे हम सभी तहसीलों में लेकर के जाएंगे। प्रदेश में 350 तहसील हैं , उनमें एक-एक विद्यालय बनेगा। चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालय बनेंगे। 825 विकास खंडों में इस तरह के विद्यालय बनेंगे तो किसी भी गरीब का बच्चा अच्छी और उत्तम शिक्षा से वंचित नहीं रहने पाएगा। उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। अटल आवासीय विद्यालय कक्षा 6 से लेकर 12वीं क्लास तक के लिए हैं। इनमें कंप्यूटर, स्किल डेवलपमेंट, खेलकूद, कला और संगीत की जानकारी दी जा रही है। हालांकि जो 57 विद्यालय बनने जा रहे हैं उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। उनमें बाल वाटिका भी बनेगी। यानी प्री प्राइमरी से लेकर 3 से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को भी वहां एडमीशन देकर नई पीढ़ी को भी इससे जोड़ने का काम करेंगे, ताकि वो भी अपने भावी विद्यालय को देख सकें। इन विद्यालयों में खेलकूद के साथ हेल्थ चेकअप की भी व्यवस्था की गई है।

### हर हाल में एक अगस्त तक की जाए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत

सीएम योगी ने अपने संबोधन में अटल आवासीय विद्यालय प्रबंधन को निर्देश भी दिए कि अगले वर्ष से हर हाल में कक्षा 6 और कक्षा 9 के बच्चों के लिए लिखित परीक्षा 15 जून तक आयोजित की जाए और 15 जुलाई तक बच्चों के प्रवेश लेकर 1 अगस्त तक हर हाल में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत कर दी जाए। उन्होंने ये भी निर्देश दिया कि साल में दो बार बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक भी की जाए और उनसे संवाद किया जाए। उन्होंने कहा कि अभिभावक भी अपने बच्चों के भविष्य को बनते देखें और समाज में उसका प्रचार करें, ताकि अन्य बच्चों को भी इसका लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि कोई सिफारिश नहीं, बल्कि मेरिट को ध्यान में रखकर बच्चों को प्रवेश दें,तो इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इसके अलावा सीएम ने कहा कि वर्ष में एक बार अटल आवासीय विद्यालयों में खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों की प्रतिस्पर्द्धा का भी आयोजन किया जाए। पहले विद्यालय स्तर पर और फिर प्रदेश स्तर पर जो भी बच्चे इसमें सफलता प्राप्त करते हैं उन्हें वार्षिक उत्सव के अवसर पर सम्मानित किया जाना चाहिए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री मनोहर लाल (मन्नू कोरी), लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, विधान परिषद सदस्य रामचंद्र प्रधान, इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, लाल जी प्रसाद निर्मल, विधायक जया देवी, अमरेश कुमार, ओपी श्रीवास्तव, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन अनिल कुमार उपस्थित रहे।



### टीचर बने सीएम योगी, दिए छात्रों के सवालों के जवाब

अटल आवासीय विद्यालयों के द्वितीय शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ करने लखनऊ के मोहनलालगंज के सिठौली कला स्थिति विद्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां बच्चों के साथ क्वालिटी समय बिताया। इस दौरान न सिर्फ सीएम योगी ने प्रतिभाशाली छात्रों के द्वारा बनाए गए इनोवेटिव मॉडल्स को देखा और उसकी सराहना की, बल्कि क्लासरूम जाकर बच्चों से संवाद भी किया। सीएम योगी ने शिक्षक बनकर छात्रों को सफलता के मंत्र भी बताए, जबकि छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। इस दौरान सीएम योगी ने छात्रों के साथ ग्रुप फोटोशूट भी कराया तो सेल्फी भी क्लिक की।

### छात्रों के बनाए मॉडल्स देखकर सीएम ने जताई खुशी

कार्यक्रम के लिए मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले छात्रों द्वारा बनाए गए इनोवेटिव मॉडल्स की प्रदर्शनी देखी। इस प्रदर्शनी में स्मार्ट डस्टबिन, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक, ऑटोमैटिक स्ट्रीट लाइट, ऑबस्टिकल अवॉइडिंग रोबोट, कंप्यूटर मॉडल, कैलीग्राफी और आर्ट एंड क्राफ्ट जैसे डिवाइस प्रस्तुत किए गए, जिसे देखकर सीएम योगी ने छात्रों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। छात्रों ने उन्हें अपने मॉडल्स की विशेषताएं भी बताईं। एक बच्ची ने सीएम योगी का चित्र भी बनाया, जिस पर सीएम योगी ने अपने सिग्नेचर भी किए। इस अवसर पर सीएम ने सभी बच्चों के साथ फोटोशूट भी कराया। यहां से सीएम योगी सीधे क्लासरूम पहुंचे, जहां उन्होंने बच्चों से विद्यालय के बारे में, पढ़ाई के बारे में चर्चा की और उन्हें चॉकलेट वितरित की। सीएम योगी ने बच्चों से पूछा कि पहले किस तरह की शिक्षा प्राप्त कर रहे थे और अब उनके जीवन में क्या बदलाव आया है। बच्चों ने बताया कि अब उन्हें अब स्मार्ट क्लास में पढ़ने का सुअवसर मिल रहा है।

### बार-बार न दोहराएं गलती

इस दौरान सीएम योगी ने छात्रों के सवालों के जवाब भी दिए। एक छात्र ने पूछा कि हाल ही में हमने लखनऊ में स्वतंत्रता दिवस की परेड में भाग लिया था, जहां हमें पुरस्कार भी मिला था। क्या हम दिल्ली की परेड में भी जा सकते हैं। इस सवाल के जवाब में सीएम योगी ने मुस्कुराते हुए कहा कि हां जरूर भेजा जाएगा। इसी तरह एक बच्चे ने पूछा कि जब आप स्कूल में पढ़ते थे तो क्या आपको भी गलती करने पर डांट पड़ती थी। इस पर सीएम ने शिक्षक की तरह छात्रों को नसीहत दी कि गलती अनजाने में हो जाए तो उसके लिए व्यक्ति दोषी नहीं होता है, उसमें सुधार की गुंजाइश होती है, लेकिन बार-बार गलती को दोहराना नहीं चाहिए। व्यक्ति कार्य करेगा तो गलती होगी, लेकिन यदि गलती बार-बार दोहराता है तो वह आदतन कर रहा है। स्वाभाविक रूप से हर बच्चे के जीवन में यह चीजें होती हैं। जब आप कुछ भी कार्य करिए, मेहनत करिए। अच्छी दिशा में कार्य करेंगे तो परिणाम अच्छे आएंगे। सवाल-जवाब के बाद सीएम योगी ने सभी बच्चों के साथ सेल्फी भी ली।

### जनता का ही पैसा है, जिसका सदुपयोग किया जा रहा

इस दौरान एक बच्ची ने अटल आवासीय विद्यालय में अच्छी व्यवस्था के लिए सीएम योगी का धन्यवाद देते हुए पूछा कि जब वो बच्चे थे तब क्या उन्हें भी इसी तरह की शिक्षा का अवसर मिला था। इस पर सीएम योगी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना है जो आप लोगों के लिए यह व्यवस्था बनाई गई है। वास्तव में यह जनता का ही पैसा है। गलत हाथों में पैसा जाता है तो वो इसका दुरुपयोग करते हैं। सही हाथों में पैसा जाता है तो ऐसे ही सदुपयोग होता है जैसे आपके लिए इतना अच्छा विद्यालय बना है। अटल आवासीय विद्यालय अभी 16 बन चुके हैं और 2 बन रहे हैं। 57 अन्य जनपदों में भी हम बना रहे हैं। इससे हजारों बच्चों का कल्याण होने वाला है। अगर सही रास्ते पर चलोगे तो मंजिल मिलेगी, अगर गलत रास्ते पर चलोगे तो भटक जाओगे। यूपी सरकार ने अटल आवासीय विद्यालय के लिए भवन और भूमि उपलब्ध करवाने के साथ ही रजिस्टर्ड श्रमिकों के सेस के पैसे से यहां की हर दिन की गतिविधियों के संचालन के लिए एक कॉर्पस फंड बनाया है।

# माकपा के महासचिव सीताराम येचुरी का निधन

### 72 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस, एम्स को दान हुआ पार्थिव शरीर

- येचुरी का गुरुवार दोपहर 3:05 बजे 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



वरिष्ठ नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार थे। उन्हें पिछले दिनों एम्स में भर्ती किया गया था। एम्स की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, येचुरी का गुरुवार दोपहर 3:05 बजे 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को शिक्षण और शोध उद्देश्यों के लिए एम्स, नई दिल्ली को दान कर दिया है 72 वर्षीय माकपा नेता सीताराम येचुरी को पहले 19 अगस्त को एम्स में भर्ती कराया गया था। बाद में उन्हें आईसीयू में ले जाया गया था। तभी से उनका इलाज किया जा रहा है। गुरुवार को उनकी तबीयत एक बार फिर बिगड़ गई थी।

### येचुरी के निधन पर झुकाया गया सीपीएम का झंडा

येचुरी के निधन के बाद पार्टी कार्यालय में पार्टी का झंडा आधा झुका दिया गया। पार्टी ने इस मौके पर एक्स पर पोस्ट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और एम्स के डॉक्टरों के प्रति आभार जताया।

### सीताराम येचुरी को राजनेताओं ने दी श्रद्धांजलि

वरिष्ठ नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन के बाद राजनेताओ ने शोक व्यक्त किया है। गुरुवार को कई राजनेताओं ने सीताराम येचुरी को श्रद्धांजलि दी।

> वह देश की गहरी समझ रखने वाले और भारत के विचार के रक्षक थे। सीताराम येचुरी जी एक मित्र थे। मैं हमारे बीच होने वाली लंबी चर्चाओं को याद करूंगा। दुख की इस घड़ी में उनके परिवार, दोस्तों और समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। -राहुल गांधी

> सीताराम येचुरी का निधन हम सभी के लिए एक गहरी क्षति है। हमारे देश के प्रति उनकी वर्षों की सेवा और समर्पण सम्मान के योग्य है। वह स्वाभाविक रूप से एक सभ्य इंसान थे, जो राजनीति की कठोर दुनिया में संतुलन और सौम्यता की भावना लेकर आए। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे और उनके प्रियजनों को इस त्रासदी का सामना करने की शक्ति और साहस मिले।
> -प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

> अनुभवी सीपीआई-एम नेता सीताराम येचुरी के निधन पर गहरा दुख हुआ। वह भारतीय राजनीति की सबसे सम्मानित आवाज़ों में से एक दिग्गज व्यक्ति थे। वह मुद्दों पर अपनी बौद्धिक सोच और जमीनी स्तर पर लोगों से जुड़ाव के लिए जाने जाते थे। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ उनकी गहन बहसों ने उन्हें अपनी पार्टी से परे भी पहचान दिलाई। उनके परिवार, साथियों और अनुयायियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। उसकी आत्मा को शांति मिले।
> -चंद्रबाबू नायडू, आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री

> सीपीआई (एम) के महासचिव सीताराम येचुरी के निधन से गहरा दुख हुआ। वह एक अच्छे इंसान और बहुभाषी विद्वान थे। उन्होंने अपने ज्ञान, बुद्धि और अटूट दृढ़ विश्वास से सार्वजनिक जीवन को समृद्ध किया। उन्होंने यूपीए-एक सरकार को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और न्यूनतम साझा कार्यक्रमों का मसौदा तैयार करने का नेतृत्व किया। इसने महत्वपूर्ण मुद्दों पर भारत के नीतिगत दृष्टिकोण को बदल दिया। इंडिया गठबंधन बनाने में उनकी भूमिका और राज्यसभा में उनके प्रभावशाली हस्तक्षेप ने उन्हें पूरे राजनीतिक क्षेत्र में सम्मान दिलाया। 2023 में मेरे शपथ ग्रहण समारोह में उनकी उपस्थिति एक यादगार स्मृति है। उनके परिवार और साथियों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।
> -सिद्धारमैया, कर्नाटक के सीएम

## जम्मू-कश्मीर चुनाव से 6 दिन पहले 3 आतंकी ठिकाने मिले

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सेना ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के 6 दिन पहले कुपवाड़ा, कुलगाम और पुलवामा जिले में गुरुवार,12 सितंबर को आतंकियों के 3 ठिकानों को खोज निकाला। कुपवाड़ा से भारी मात्रा में गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किया। वहीं, कुलगाम, पुलवामा में सिर्फ ठिकाने का पता चला। कुपवाड़ा के केरन सेक्टर में आतंकियों ने यह ठिकाना एक बड़े पेड़ की जड़ में गड्ढा खोदकर बनाया था। जड़ में 5 से 6 फीट जगह मिली। यहां से्च-47 के 100 से ज्यादा कारतूस, 20 हैंड ग्रेनेड और 10 छोटे रॉकेट मिले।

### इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी जानकारी

इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया। सेना को यह खुफिया जानकारी जम्मू-कश्मीर में तैनात एक इलेक्शन ऑब्जर्वेजर से मिली थी। जम्मू-कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर 3 फेज में 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे। रिजल्ट 8 अक्टूबर को आएगा।

# उत्तर प्रदेश के पांच नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कार्यक्रम शुरू करने को मिली मंजूरी

### औरैया, चंदौली, गोंडा, लखीमपुर खीरी और कौशाम्बी में स्वायत्त राज्य मेडिकल कॉलेजों में 100 एमबीबीएस सीटों के लिए मंजूरी का अनुरोध किया गया था

- कानपुर देहात और ललितपुर मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 कर दी गई
- 600 नई एमबीबीएस सीटें सृजित हुई हैं
- जिससे राज्य में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नई सीटों की कुल संख्या 1,200 हो गई

**जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के पांच नए मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस कार्यक्रम शुरू करने को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार कानपुर देहात और ललितपुर मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 100 कर दी गई है। इस कारण 600 नई एमबीबीएस सीटें सृजित हुई हैं, जिससे राज्य में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए नई सीटों की कुल संख्या 1,200 हो गई है। महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह ने कहा, विभाग ने हाल ही में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को एक अपील प्रस्तुत की, जिसमें औरैया, चंदौली, गोंडा, लखीमपुर खीरी और कौशाम्बी में स्वायत्त राज्य मेडिकल कॉलेजों में 100 एमबीबीएस सीटों के लिए मंजूरी का अनुरोध किया गया। उन्होंने कहा, ÷इसके अलावा, हमने कानपुर देहात और ललितपुर में एमबीबीएस सीटों को 50 से बढ़ाकर 100 करने की अनुमति मांगी है। मंत्रालय ने इन सभी मेडिकल कॉलेजों में 100 एमबीबीएस सीटों के लिए मंजूरी दे दी है, जिससे एमबीबीएस की 600 सीटें और बढ़ जाएंगी।

#### सीएम योगी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से की थी बात

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से इस संबंध में बातचीत की थी, जिसके बाद मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्यों ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) में अपील दायर की थी।

#### 5,150 सीटें सरकारी मेडिकल कॉलेजों में और 6,050 सीटें निजी मेडिकल कॉलेजों में हैं

इसके बाद पहली अपील में सात मेडिकल कॉलेजों को मान्यता मिल गई। 11,200 एमबीबीएस सीटों में से 5,150 सीटें सरकारी मेडिकल कॉलेजों में और 6,050 सीटें निजी मेडिकल कॉलेजों में हैं।

# बाल संरक्षण व महिला कल्याण की योजनाओं का कराएं प्रचार प्रसार : डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला बाल कल्याण संरक्षण समिति, महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी में विजन, मिशन, विभाग का संगठनात्मक ढांचा, जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय, ग्राम पंचायत स्तरीय, वार्ड स्तरीय बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टाफ सेंटर, मिशन वात्सल्य बाल कल्याण एवं संरक्षण, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड, उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, पीएम केयर, स्पॉन्सरशिप, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, उत्तर प्रदेश रानी लक्ष्मीबाई महिला एवं बाल सम्मान कोष, निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल भिक्षा वृत्ति रोको अभियान आदि विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी में जिला विद्यालय निरीक्षक तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि जो विद्यालयों के ड्रॉप आउट बच्चे हैं, उनकी सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा को उपलब्ध कराए। साथ ही बाल संरक्षण समिति से समन्वय भी स्थापित करें। बाल श्रम के अंतर्गत श्रम प्रवर्तन अधिकारी अभियान चलाकर छापामारी की कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास पीडी विश्वकर्मा से कहा कि बाल संरक्षण व महिला कल्याण की जो योजनाएं संचालित है, इसकी विस्तृत जानकारी आंगनवाडी कार्यकत्रियों के माध्यम ग्राम पंचायत पर प्रचार प्रसार कराया जाए। जिलाधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव से कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कराकर सूची जिला प्रोबेशन अधिकारी को उपलब्ध कराए ताकि उन दिव्यांग बच्चों को स्पॉन्सरशिप दिलाया जा सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक भी दिव्यांग बच्चों की सूची उपलब्ध कराए। उन्होंने सीडब्ल्यूआर के सदस्यों से कहा कि जो निराश्रित बच्चे हैं, उनका चिन्हांकन करके जिला प्रोबेशन अधिकारी को सूची उपलब्ध कराए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि ग्राम पंचायत पर कम उम्र के बच्चे विवाह न करें के बारे में जो निर्देश शासन द्वारा दिए गए हैं, बाल पेंटिंग कराए। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि जनपद के सभी ग्राम पंचायतों पर बाल संरक्षण समिति का गठन करके बैठक की जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत जो शासन से योजनाएं लागू की गई है, उसमें जो कार्य किया जाना है, उसके लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मिलकर कार्य करें और लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जाए। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत राज्य अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी सुनहरी लाल, बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह, बाल संरक्षण समिति के अध्यक्ष राकेश माथुर, सदस्य उर्मिला देवी आदि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने गुरूवार को चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण कार्यालय के निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों का रखरखाव, साफ-सफाई आदि को देखा। जिलाधिकारी ने कार्यालय के वरिष्ठ सहायक शैलेंद्र सिंह से कहा कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों की सीट पर नेम प्लेट भी लगाया जाए। साथ ही पत्रावलियों का अच्छी तरह से रखरखाव कराया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सचिव चित्रकूट विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण राजेश प्रसाद, अवर अभियंता ज्ञानेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ सहायक शैलेंद्र सिंह, मानचित्रकार राकेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## डीएम एसपी व विधायक ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई

माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने जनपद की कोंच तहसील क्षेत्र के सलैया बुजुर्ग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील कोंच के संभावित बाढ़ प्रभावित ग्राम सलैया बुजुर्ग का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से स्थिति की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ को देखते हुए पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था व एसडीआरएफ टीम तैनात कर दी गई है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ प्रभावितों को सुगमता से सुरक्षित स्थल पर बनाई गई राहत शिविर उच्च प्राथमिक विद्यालय में विस्थापित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए। राहत शिविर पर आवश्यकता अनुसार चिकित्सा टीम तैनात कर दी जाए तथा यहां प्रयाप्त मात्रा में सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहें, आवश्यकतानुसार लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं का सुगमता से पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। गांव के प्रभावित व्यक्तियों को राहत शिविर में पहुंचा जा रहा है उनके खाने-पीने का इंतजाम की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पशुओं को भी सकुशल सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया है उनके समुचित व्यवस्था जैसे भूसा, चारा, घास आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते रहें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, उप जिलाधिकारी कोंच ज्योति सिंह, क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### स्कूटी सवार ने ई रिक्शे में मारी टक्कर, मासूम की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र में कालपी रोड पर तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी। जिसमें ई रिक्शा पर सवार महिला की गोद से ढाई वर्षीय मासूम उछलकर सड़क पर गिरकर घायल हो गया और उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरसौखी निवासी राघवेंद्र की पत्नी सुलेखा बीते मंगलवार की देर शाम ई रिक्शा पर सवार होकर बाजार से अपने गांव की ओर जा रही थी। बताया गया है कि महिला की गोद में उसका ढाई वर्षीय बेटा शौर्य भी था। इस दौरान जब ई रिक्शा फैक्ट्री एरिया से गुजर रहा था। तभी उसमें तेज रफ्तार स्कूटी सवार ने टक्कर मार दी जिसकी टक्कर से महिला की गोद से उसका ढाई साल का बच्चा उछल कर नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसको आनन-फानन में उठाकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां पर उसकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुत्र की मौत की खबर सुनकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अचानक हालत बिगड़ने से गर्भवती महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा नियामतपुर निवासी गर्भवती महिला को हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उपचार के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गुढ़ा नियामतपुर निवासी संतोषी देवी 26 वर्ष पत्नी मनीष कुमार गर्भवती थी। अचानक हालत बिगड़ने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही पुत्र वधू की मौत की खबर परिजनों को हुई तो उनमें कोहराम मच गया। मामले में डाक्टरों का कहना है कि ब्रेन हैमरेज से उसकी मौत हुई है। उसके गर्भ में दो बच्चे थे शायद इसी कारण चिंता में यह घटना हो गई। फिलहाल कोतवाली प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र पटेल ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### गुमशूदी की रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कक्षा नौ का छात्र दो दिन पूर्व स्कूल जाने के लिए कहकर घर से निकला था। लेकिन वह न तो स्कूल पहुंचा और न ही लौटकर घर पहुंचा। मां ने बेटे के लापता होने की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नया खंडेराव निवासी सुनीता उर्फ अनीता पत्नी सुनील पांचाल ने पुलिस को बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा राममोहन कक्षा नौ में पढ़ता है। बीती 10 अगस्त की सुबह वह स्कूल के लिए तैयार हुआ और स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकल गया। छुट्टी के समय तक जब वह वापस घर नहीं लौटा तो उन्होंने स्कूल में जाकर पूछतांछ की। जहां पता चला कि वह स्कूल गया ही नहीं है। इसके बाद उन्होंने उसके दोस्तों से भी जानकारी ली लेकिन कोई कुछ नहीं बता सका। मां ने बताया कि नाते रिश्तेदारी और अन्य स्थानों पर तलाश करने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं लगा है। पीड़ित मां ने बेटे की बरामदगी की गुहार कोतवाली पुलिस से लगाई है। वहीं, पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू कर दी है।

### सितम्बर तक लक्ष्य पूर्ण न होने पर होगी कार्रवाई : डीएम

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरूवार को चकबंदी प्रक्रिया धीन ग्रामों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में धारा 52 के अंतर्गत लक्षित 9 ग्राम पंचायतों के सम्बन्ध में सहायक चकबंदी अधिकारी, कानूनगों व लेखपाल को निर्देशित किया कि जो लक्ष्य दिया गया है, उसे सितंबर तक पूर्ण कराए नहीं तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी ने बताया कि 10 वर्ष से अधिक समय से लंबित ग्रामों में धारा 4 की अंतर्गत सर्वे के लिए चकबंदी आयुक्त को पत्र लिखा जा चुका है, जिससे टीम गठित होते ही इसका सर्वे कर लिया जाएगा । चकबंदी न्यायालय में लंबित वादों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि जल्द से जल्द इसका निस्तारण कराए। उन्होंने चकबंदी अधिकारी मानिकपुर को निर्देशित किया कि मानिकपुर की स्थिति ठीक नहीं है इसमें प्रगति कराए। नियम ( 109 क) के निस्तारित वादों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने कहा कि लंबित वादों का निस्तारण जल्द से जल्द कराएं। उन्होंने ने कहा कि ग्राम अदालत, ग्राम चौपाल के आयोजन भी करते रहे जिससे कि वादों का निस्तारण अधिक से अधिक किया जा सके। आईजीआरएस के सम्बन्ध में कहा कि बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी व चकबंदी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसमें किसी प्रकार की गलती न होने पाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मन आदि मौजूद रहे।

### थाना पहाड़ी में महिला बीट प्रणाली के सुदृढीकरण एवं बीट आवंटन के सम्बन्ध में कर्मियों के साथ हुई गोष्ठी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर महिला सम्बन्धी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय द्वारा थाना पहाडी पर महिला बीट प्रणाली के सुदृढीकरण एवं बीट आवंटन के सम्बन्ध में थाना पर नियुक्त समस्त कर्मियों के साथ गोष्ठी कर उच्चाधिकारियों के दिए गये आदेश निर्देशों से अवगत कराया गया। उन्होंने गोष्ठी में थानों पर नियुक्त महिला बीट पुलिस कर्मियों का उनकी बीट में नियमित भ्रमण कर महिलाओं-बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाओं यूपी-112 नम्बर, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बूलेन्स सेवा, 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। साथ ही थाने की महिला हैल्पडेस्क पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनकर उनका समय से निस्तारण के लिए निर्देशित किया।

## टायर फटने से अनियंत्रित कार डिवाइडर फांदकर दूसरी कार से टकराई, 13 घायल

जन एक्सप्रेस । उरई



एट थाना क्षेत्र में हाईवे पर तेज रफ्तार कार का टायर फटने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराते हुए दूसरी साइड से आ रही कार से भिड़ गई। हादसे में दोनों कारों पर सवार करीब 13 लोग घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा। एट थाना क्षेत्र में नेशनल हाईवे पर झांसी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार का ग्राम गिरथान के नजदीक अचानक अगला टायर फट गया। जिससे वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराती हुई दूसरी साइड से आ रही अर्टिगा कार से टकरा गई। जिससे दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गई। इस हादसे में विटारा ब्रेजा कार सवार गौरव, विनय जॉन, स्टेनी जॉन, जॉन पेटिक, कशिश, सुनीता निवासी झांसी घायल हो गए हैं। वहीं उरई से झांसी जा रहे अर्टिका कार सवार चालक राम लखन, राजेश, अशोक, राजदीप, त्रिलोकी सिंह, देवेंद्र सिंह घायल हो गए। घटना से कार सवार लोगों में चीख पुकार मच गई, और राहगीरों की भीड़ मौके पर इकट्ठा हो गई। राहगीरों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हाईवे एंबुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है। वहीं कुछ घायलों की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही अतिरिक्त जॉइंट मजिस्ट्रेट नेहा व नायब तहसीलदार रोहन मौके पर पहुंचे और उन्होंने हादसे की जानकारी ली। वहीं क्षतिग्रस्त वाहनों को हाइवे से हटवाकर यातायात को बहाल कर दिया गया है।

### जिलाधिकारी ने ली मनरेगा अमृत सरोवर के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरूवार को मनरेगा कार्यों, अमृत सरोवर, ग्राम पंचायतों में लाइब्रेरी स्थापना, एसएलडब्ल्यूएम के कार्यों तथा पंचायत भवन एवं अन्त्येष्टि स्थल के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों से कहा कि ग्राम पंचायतों पर आरआरसी सेंटर निर्माण कार्य के लिए भूमि सम्बन्धी मामले जो है, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि सभी उप जिलाधिकारियों को सूची देकर पत्र भी जारी कराया जाए। जिन ग्राम पंचायतों पर लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, उनमें किताबों की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। एसएलडब्ल्यूएम निर्माण कार्य विकासखंड पहाडी के अंतर्गत गांव में प्रगति अत्यंत खराब है। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि सम्बन्धित ग्राम पंचायत के सचिव के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिन गांव पर निर्माण हो गया है, वहां पर कार्य शुरू कराया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन का सौंदर्यीकरण कराना है, उसको भी तत्काल सचिव कार्य शुरू कराए। ग्राम पंचायतों पर जो भी कार्य हो गए हैं, उसका भुगतान कराया जाए। अगर भुगतान करने लायक नहीं है तो उसका विवरण अंकित कर निस्तारण कराया जाए। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह ने बताया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत जिन विद्यालयों व आंगनबाडी केन्द्रों पर पहुंच मार्ग नहीं है, वहां कार्य कराए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि इसकी सूची उपलब्ध कराए। उप जिलाधिकारियों से कहा कि चकरोडो का जो विवाद है, उसका निस्तारण कराया जाए ताकि मनरेगा योजना से उन चकरोडो पर कार्य कराया जा सके। उप जिलाधिकारियों व खंड विकास अधिकारियों से कहा कि जिन विद्यालयों, आंगबाडी केन्द्रों के लिए पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य कराया जाना है, उनको गंभीरता से लेकर कार्य कराए।

## भूमि सम्बन्धित विवादों को कराएं निष्पक्षता से निस्तारित : डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशणप्पा जीएन की अध्यक्षता में गुरूवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से सम्बन्धित बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना व मुख्यमंत्री आवास योजना अभी तक लक्ष्य के सापेक्ष कम रहा है। इसमें कुछ प्रमुख कारण भूमि विवाद रहा है। उन्होंने अपर पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि जो पुलिस से सम्बन्धित विवाद है, उसका निस्तारण कराए। उन्होंने कहा है कि पुलिस से सम्बन्धित विवाद की सूची उपलब्ध कराए। साथ ही थाना दिवस, तहसील दिवस के अवसर पर निस्तारण कराए। साथ ही कहा कि भूमि सम्बन्धित विवाद उप जिलाधिकारी वार्ता कर निस्तारण कराए। जिलाधिकारी ने कहा कि 67 प्रधानमंत्री आवास योजना एवं 23 मुख्यमंत्री आवास योजना जो भूमि विवाद होने के कारण रुका हुआ है। अब नए सर्वेक्षण में किसी प्रकार की त्रुटि नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी चरण 2024 से 25 व 28 से 29 तक योजना के क्रियान्वयन तथा सर्वेक्षण किया जाना है। इसके अंतर्गत सचिव व लेखपाल लाभार्थी की जमीन का चिन्हांकन व पर्यवेक्षण में अपना उत्तरदायित्व सही निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण के दौरान ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल लगाएंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी लाभार्थी के आधार कार्ड अथवा जॉब कार्ड एंट्री में कोई त्रुटि न होने पाए नहीं तो सम्बन्धित सचिव के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वे में शिथिलता बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि अपूर्ण आवास के बारे में सोचते हुए पारदर्शिता के साथ कार्य करें। विकास खंड स्तर पर सर्वेक्षण का शुभारंभ का आयोजन किया जाए। उन्होंने परियोजना निदेशक को निर्देशित किया कि मुख्यालय में एक कंट्रोल नंबर भी जारी किया जाए कि कहीं भी पैसा मांगने की शिकायत आती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत आगामी चरण वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक योजना का क्रियान्वयन तथा वर्हिवेशन के लिए नए मानक सरकार द्वारा निर्धारित किया गया है। जिसमें मोटर चलित तीन चार पहिया वाहन का स्वामी, यंत्रीकृत तीन, चार पहिया कृषि उपकरण का स्वामी, 50000 रूपए या उससे ऊपर के किसान क्रेडिट कार्ड धारक, वह परिवार जिसमें कोई भी सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, सरकार के साथ पंजीकृत गैर-कृषि उद्योमों वाले परिवार, परिवार का कोई भी सदस्य 15000 रूपए प्रतिमाह से अधिक कमाता हो, आयकर चुका रहे हैं। प्रोफेशनल टैक्स चुका रहे हैं। 2.5 एकड या अधिक सिंचित भूमि का स्वामी हो, 5 एकड या अधिक असिंचित भूमिका स्वामी हो वह व्यक्ति अपात्र माना जाएगा। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

### सदस्यता को लेकर भाजपाइयों ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता महा अभियान पर्व के क्रम में भाजपा कार्यालय में सहकारिता प्रकोष्ठ की बैठक क्षेत्रीय संयोजक आशुतोष तिवारी एवं सह संयोजक उदित नारायण के सानिध्य में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने की। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने सभी से सदस्यता के लिए सक्रिय होने के लिए कहा। सहकारिता के जिला संयोजक योगेश जैन ने कहा कि जो लक्ष्य निर्धारित है, उसे हर हाल में पूरा करना है। बैठक में किसानों से जुडे हुए खाद एवं यूरिया डीएपी की समस्या के मुद्दे उठे। जिसे प्रदेश स्तर तक भेजा जाएगा इस मौके पर सह संयोजक चंद्र मोहन द्विवेदी, प्रकाश पांडेय, शारंगधर, सुशील द्विवेदी, गनिवा आदि मौजूद रहे।

## आवास सर्वे में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : सीडीओ

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



विकास भवन सभागार में सीडीओ ने गुरुवार को पत्रकार वार्ता की। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनांतर्गत पात्र लाभार्थियों के चयन को लेकर प्रत्येक गांव में घर-घर शुरू होने जा रहे सर्वे की जानकारी दी। साथ ही सतर्क होकर पारदर्शिता से पात्र लाभार्थियों का चयन करने के लिए सचिवों को निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत आवास 2024-2025 की सूची में पात्रता के बारे में सचिवों को जानकारी दी गई है। सर्वेक्षण में किसी भी दशा में अपात्र व्यक्तियों का चयन न किया जाए। पात्र परिवार किसी भी दशा में छुटने न पाए। सर्वे में नाम सम्मिलित करने के लिए किसी भी स्तर पर कोई फार्म भरने की आवश्यकता नहीं है। सर्वे सिर्फ आवास प्लस की एप के माध्यम से ही किया जाएगा। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की गाइड लाइन का पालन शत प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि आवास सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन की किसी भी योजना में अपात्र लोगों का चयन अपराध की श्रेणी में आता है। अपात्र लाभार्थी के चयन की शिकायत मिलने पर दोषी सचिव और सम्बन्धित कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर ग्राम्य विकास विभाग के परियोजना निदेशक सच्चिदानंद प्रसाद ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण पात्र व्यक्तियों के चयन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी।



## मंदाकिनी को पर्यावरण प्रदूषण से बचाने के लिए बंद करना होगा प्लास्टिक के दोना और पत्तल का प्रयोग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

सिंगल यूज प्लास्टिक एवं थर्मोकोल से बने उत्पाद के रोकथाम के लिए बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला गंगा समिति, जिला पर्यावरण समिति एवं वृक्षारोपण समिति द्वारा गुरूवार को मंदाकिनी नदी के किनारे संचालित आश्रम सुरिजकुण्ड में किया गया। उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व डॉ एनके सिंह ने कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक के थैले एवं थर्मोकोल से बने उत्पाद के प्रयोग होने से पर्यावरण बहुत दूषित हो रहा है। जिसका प्रभाव प्रकृति पर पडता है। प्रकृति को बचाना हमारा धर्म है। उन्होंने कहा कि आश्रम में प्रयोग होने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक व थर्मोकोल से बने उत्पाद दोना, पत्तल, गिलास का प्रयोग न होने दे। इसकी जगह कागज एवं पत्तों से बने उत्पाद का प्रयोग करें। कागज एवं पत्ते से बने उत्पाद मिट्टी में सड कर खाद का रूप लेती है। आश्रम के महन्त रामवदन दास ने कहा कि जो भी आश्रम में पालीथीन एवं थर्मोकोल से बने उत्पाद दोना, पत्तल सब नदी में बह कर चले जाते है। जिससे नदी दूषित होती है। उन्होंने आश्वसन दिया कि उनके आश्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक एवं थर्मोकोल से बने उत्पाद का प्रयोग नही किया जायेगा। साथ ही जो प्रतिदिन कीर्तन करने वाले एवं श्रद्धालुओं को भोजन स्टील की थाली में भोजन कराया जायेगा। इस अवसर पर सिंगल यूज प्लास्टिक एवं थर्मोकोल से बने उत्पाद को रोकने के लिए नई पहल की शुरूआत करने के क्रम में उप निदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व द्वारा आश्रम को स्टील की थालियाँ भेट की गयी। इस मौके पर उप क्षेत्रीय वनाधिकारी हरिशंकर सिंह, जिला परियोजना अधिकारी गोपाल कृष्ण गुप्ता, श्रद्धालु हेमराज सिंह, राम बहादुर, सुशील कुमार अनुरागी, धर्मराज सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

### अध्यापकों एवं शिक्षामित्रों का ब्लाक स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** तहसील मऊ अंतर्गत अहिरी में अध्यापक एवं शिक्षामित्रों का ब्लाक स्तरीय चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का आयोजन हुआ। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी मऊ की उपस्थिति में विद्यालयों से सम्बन्धित जानकारी तथा बच्चों को लेकर सवाल जवाब के तहत चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ हुआ। प्रशिक्षण में तहसील मऊ अंतर्गत आने वाले सभी गांवों व कस्बों में नियुक्त अध्यापक, शिक्षामित्र शामिल हुए। प्रशिक्षण केन्द्र में एआरपी छबिलाल प्रजापति, एआरपी महेश प्रसाद, एआरपी सुशील कुमार पाण्डेय, एआरपी गंगाधर द्विवेदी, एआरपी आनंद कुमार मिश्र की मौजूदगी में 50 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण ले रहे हैं।

### अग्रहरि समाज विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में मां बंजारी देवी कि निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के कर्वी में हर वर्ष की भांति इस बार भी अग्रहरि समाज ने मां बंजारी देवी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें जिला मुख्यालय के साथ ही जिले से सभी क्षेत्रों के लगभग हजारों स्वाजातीय बंधुओं ने बढ चढ शोभायात्रा में शामिल होकर एकता का परिचय देते हुए नाचते गाते शकंर बजार से बनवारीपुर मोड से होते हुए ट्राफिक चौराहे से चकरेही चौराहे पर गुप्ता मैरिज हाल में जाकर समापन हुआ। समापन के मैरिज हाल में गोष्ठी का आयोजन किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गयी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T10 Dt 11.09.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते है। **क्र. सं.:-** 1, **कार्य का नाम:-** टीआरडी / इज्जतनगर विभाग में 02 वर्ष की अवधि के लिए ओएचई डिपो में ओएचई रखरखाव, ब्रेकडाउन एवं टीआरडी डिपो के मैनिंग हेतु आउटसोर्सिंग से संबंधित कार्य।, **टेंडर रिफरेंश नं.:-** SRDEE-TRD-IZN-2024-25-T10, **कार्य का अनुमानित लागत रुपया में:-** 2,77,55,979.70, **अमानत राशि/बिड सिक्यूरिटी:-** 2,88,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया में:-** 00, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:-**04.10.2024 11:00, **कार्य पूरा करने की अवधि:-** 24 माह, • खुली ई-निविदा दिनांक 04.10.2024 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी**
मुजाधि/विद्युत-128 इज्जतनगर

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 26°C |
| कानपुर | 30°C | 26°C |
| देहरादून | 29°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 32°C | 26°C |

# भाजपा ने प्रदेश को फेक एनकाउंटर की राजधानी बना दिया : अखिलेश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने यूपी को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। सुल्तानपुर डकैती कांड में मंगेश यादव को घर से उठाकर मार दिया गया। मंगेश की हत्या की गई है। एनकाउंटर के समय जो पुलिसकर्मी था वो चप्पल में था। यूपी में झूठे एनकाउंटर हो रहे हैं। अभी तक एनकाउंटर में सबसे ज्यादा पीडीए के लोग मारे गए हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मठाधीश और माफिया में ज्यादा फर्क नहीं होता है।

### अयोध्या में भाजपा ने जमीनों की लूट की

अखिलेश यादव ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा ने अयोध्या में जमीनों की लूट की है। इसमें अधिकारी भी शामिल हैं। गरीबों की जमीन सस्ते दामों पर ली और फिर सर्किल रेट बढ़ा दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाया जाना चाहिए। इसके लिए दिमाग लगता है। जब हमारी सरकार आएगी तो अयोध्या को विश्वस्तर का शहर बनाएंगे। गरीबों को अगर सर्किल रेट बढ़ाकर दाम देना पड़ेगा तो देंगे। समाजवादी पार्टी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सपा नेता पवन पांडेय ने अखिलेश यादव की प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी दी है। भाजपा नेताओं ने अयोध्या में सेना की जमीन कब्जा ली है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जमीन कब्जाने का काम भाजपा नेता, सरकार और अधिकारी मिलकर कर रहे हैं। सपा नेता ने आरोप लगाया कि विकास की परियोजनाओं के बहाने गरीबों की जमीन को लूटा जा रहा है। कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने रजिस्ट्री के कागज मीडिया में भी दिखाए और अखिलेश यादव को सौंपे। यूपी विधानसभा में नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने योगी सरकार पर फर्जी एनकाउंटर करवाने के आरोप लगाए। कहा कि कुछ लोगों को पकड़कर हाथ-पांव बांध दिए जाते हैं और गोली मारकर घायल कर दिया जाता है। इस तरह एनकाउंटर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हत्या, लूट और डकैती की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रदेश में अपराध बेलगाम हैं।

### अखिलेश यादव ने मायावती के दावों पर दिया जवाब बोले, अपनी कमियां छिपाने के लिए लगा रहीं आरोप

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मायावती के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि वो अपनी कमियां छिपाने के लिए आरोप लगा रही हैं। जिस समय गठबंधन टूटा मैं आजमगढ़ में था। मंच पर बसपा के नेता थे मैंने उनसे पूछा कि गठबंधन क्यों तोड़ा? मैं मीडिया को क्या जवाब दूंगा? अब वो अपनी कमियां छिपाने के लिए आरोप लगा रही हैं। अखिलेश यादव मायावती के उन आरोपों का जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि 2019 के लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा के नेताओं ने उनका फोन उठाना बंद कर दिया था। सपा के लोग हार से निराश थे। बसपा को 10 सीटें मिली थीं। मायावती ने ये दावा अपनी उस बुकलेट में किया था जो कि उपचुनाव और 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बांटी जा रही थीं। 2019 के चुनाव में यूपी में सपा व बसपा ने गठबंधन में चुनाव लड़ा था जिसमें सपा को पांच और बसपा को 10 सीटें प्राप्त हुई थीं।

## संस्कृत के अध्येता को कश्मीर शैवदर्शन के दृष्टा की भांति सक्रियता से कमर कस के काम करना चाहिए : प्रोफेसर रस्तोगी

**✻ लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह में साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



वृहस्पतिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के 67वें दीक्षांत समारोह में साप्ताहिक कार्यक्रमों के अंतर्गत संस्कृत तथा प्राकृत भाषा विभाग में संस्कृत रसप्रश्न प्रतियोगिता एवं एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। विशिष्ट व्याख्यान में मुख्य वक्ता पद्मश्री प्रोफेसर नवजीवन रास्तोगी रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में संस्कृत की दशा एवं दिशा के प्रति सभा में उपस्थित सभी लोगों को प्रेरणा प्रदान की। उन्होंने संस्कृत को जीवंत बनाने के लिए छोटे-छोटे प्रयत्नों पर काम करने के लिए उत्साहित किया। कश्मीर शैव दर्शन के विद्वानों में अन्यतम अभिनवगुप्त परंपरा के अधिकृत विद्वान पद्मश्री प्रोफेसर रस्तोगी ने दर्शन की भाषा में समझाते हुए कहा कि संस्कृत के अध्येता को कश्मीर शैवदर्शन के द्रष्टा की भांति सक्रियता से कमर कस के काम करना चाहिए। संस्कृत हमारे अस्तित्व और अस्मिता की भाषा है। कार्यक्रम के अध्यक्ष कलासंकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर अरविंद मोहन ने अपने वक्तव्य में कहा कि संस्कृत को समसामयिक बनाना होगा हम केवल इसके प्राचीन वैभव को लेकर आगे नहीं जा सकते। वर्तमान युग की आवश्यकताओं को पहचान कर आधुनिक विषयों में संस्कृत भाषा के माध्यम से लेखन को प्रोत्साहन मिलना चाहिए तभी हम इस प्राचीन भाषा के साथ न्याय कर सकें। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत विभाग के समन्वयक डॉक्टर अभिमन्यु सिंह जी ने किया। कार्यक्रम की संचालन विभागीय शोधछात्रा कविता वर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ.सत्यकेतु ने किया। आज मैराथन चली रस प्रश्न (क्विज) प्रतियोगिता का सफल संचालन डॉ अशोक कुमार सतपति ने किया इस में निर्णायक डॉक्टर ऋचा पांडेय तथा डॉ0 गौरव सिंह रहे। कार्यक्रम के अंत में संस्कृत महोत्सव एवं दीक्षांत समारोह के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। संस्कृति तथा प्राकृत भाषा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक डॉ0 भुवनेश्वरी भारद्वाज, डॉ0 अशोक कुमार शतपथी, डॉ0 बृजेश कुमार सोनकर, डॉ0 गौरव सिंह, डॉ0 ऋचा पाण्डेय तथा ज्योतिर्विज्ञान विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के डॉ0 अनिल कुमार पोरवाल, डॉ0 विष्णुकांत शुक्ल, डॉ0 विपिन कुमार पांडेय, डॉ0 अनुज कुमार शुक्ल, डॉ प्रवीण बाजपेयी आदि अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग डेढ़ सौ छात्रों की उपस्थिति रही।

## दो दिन तक भारी बारिश के आसार, कई जिलों के लिए रेड अलर्ट, तेज रफ्तार से चलेगी हवा



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

विदा होने से पहले मानसून पूरे प्रदेश में छाया हुआ है। इससे अधिकांश जिलों में गुरुवार को भी बारिश हुई। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए उत्तराखंड से सटे जिलों बरेली, शाहजहांपुर, फर्रुखाबाद, बिजनौर, मुरादाबाद व रामपुर आदि में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, पश्चिमी यूपी और मध्य प्रदेश से सटे विभिन्न इलाकों के लिए भारी बारिश का ऑरेंज व येलो अलर्ट जारी किया गया है। दरअसल, बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दाब क्षेत्र के यूपी की ओर खिसकने से यूपी के अधिकांश जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच 20 से 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। वहीं, बुधवार को झांसी में सर्वाधिक 99.8 मिमी, आगरा में 38 मिमी, हमीरपुर में 29 मिमी, बरेली में 25.4 मिमी, इटावा में 11 मिमी, लखनऊ में 6.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, अधिकतम तापमान की बात करें तो बस्ती में सर्वाधिक 37 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। वाराणसी में 35 और गोरखपुर में 34.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ। इसी तरह प्रदेश में सबसे न्यूनतम तापमान मुजफ्फरनगर में 22.8 और कानपुर व झांसी में 23.7 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### भारी से बहुत भारी बारिश होने की उम्मीद

बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कन्नौज, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, अमरोहा, पीलीभीत, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया।

भारी बारिश की संभावना

बांदा, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बाराबंकी, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, औरैया व आसपास।

## गोमतीनगर में रिटायर्ड दरोगा के हिस्ट्रीशीटर बेटे को मारी गोली, सिविल अस्पताल में भर्ती



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ के गोमतीनगर इलाके में बुधवार रात करीब 10 बजे घर के बाहर कार में दोस्त के साथ बैठे रिटायर्ड दरोगा के हिस्ट्रीशीटर बेटे को चार-पांच लोगों ने गोली मार दी। गोली युवक के पैर में लगी है। उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल युवक प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम करता है। उसने एक व्यक्ति पर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसीपी गोमतीनगर विकास जायसवाल ने बताया कि विपुलखंड में रिटायर्ड दरोगा राम सहोदर परिवार सहित रहते हैं। उनका बेटा धनंजय सिंह (24) गोमतीनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और प्रॉपर्टी डीलिंग का भी काम करता है। बुधवार रात 10 बजे वह राहुल के साथ घर के बाहर कार में बैठा था। इस बीच अचानक पहुंचे चार-पांच अज्ञात युवकों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने धनंजय को पीटते हुए गोली मार दी। गोली धनंजय के दाहिने पैर में लगी। इस बीच धनंजय के साथ मौजूद दोस्त राहुल सिंह शोर मचाते हुए भागा तो आरोपियों ने उसे भी दौड़ा लिया। शोर सुन आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े तो हमलावर भाग निकले। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल धनंजय सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। धनंजय ने सिंकू नाम के एक युवक पर हमले का आरोप लगाया है। एसीपी ने बताया कि तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देख रही है। साथ ही धनंजय के मोबाइल फोन की कॉल डिटेल भी खंगाल रही है।

## मोबाइल देखता रहा मरीज और हो गया ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह सुपरस्पेशियलिटी कैंसर संस्थान के डॉक्टरों ने नई तकनीक से ब्रेन ट्यूमर का ऑपरेशन करने में सफलता हासिल की है। इस तकनीक में मरीज को बेहोश नहीं किया जाता है। इसके बजाय केवल ऑपरेशन वाले हिस्से को सुन्न किया जाता है। मरीज सोए न इसलिए उसको मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने दिया गया। संस्थान के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने बताया कि नई तकनीक को अवेक क्रैनियोटॉमी कहा जाता है। लखनऊ निवासी हरीशंकर प्रजापति (56) को सिर में तेज दर्द की शिकायत के बाद निजी अस्पताल में दिखाया गया था। जांच में ब्रेन ट्यूमर का पता चला। इस ऑपरेशन में मरीज को लकवा मारने का खतरा भी था। इसको देखते हुए परिजन उसे लेकर कल्याण सिंह कैंसर संस्थान पहुंचे। कैंसर संस्थान में न्यूरोसर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजेंद्र कुमार ने नई तकनीक अवेक क्रैनियोटॉमी के जरिये ऑपरेशन करने का फैसला किया। इस तकनीक का इस्तेमाल तब किया जाता है, जब ट्यूमर ब्रेन के ऐसे हिस्से में हो, जो व्यक्ति की स्पीच और हाथ-पैर के मूवमेंट को नियंत्रित करता हो। इसमें मरीज को बेहोश करने के बजाय सिर्फ ऑपरेशन वाले हिस्से को सुन्न किया गया। ऑपरेशन के दौरान मरीज अपने हाथ व पैर का इस्तेमाल करता रहा। ध्यान न भटके और उलझन न हो, इसलिए मरीज को मोबाइल फोन पर सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने दिया गया। ऑपरेशन के दौरान नर्व मॉनिटरिंग मशीन से पूरे दिमाग की मैपिंग की जाती रही। अब मरीज पूरी तरह से स्वस्थ है। संस्थान के निदेशक डॉ. आरके धीमन व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने न्यूरोसर्जरी टीम को बधाई दी है।

### ऑपरेशन टीम में ये रहे शामिल

डॉ. विजेंद्र कुमार, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. विपिन साहू, रेजिडेंट डॉ. अंजनी सिंह, डॉ. असिम रशीद, डॉ. रुचि सक्सेना, सीनियर रेजिडेंट डॉ. श्रुति।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सामूहिक सुंदरकांड पाठ 15 अक्टूबर को

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** अयोध्याजी जन्मभूमि परिसर में मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक मासिक सुंदरकाण्ड पाठ का सिलसिला 11 सितम्बर से शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से लखनऊ की ईश्वरीय स्वप्नाशी सेवा समिति की सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल को इसका दायित्व सौंपा गया है। इस प्रथम सोपान में सैकड़ों की संख्या में समिति की विशेष रूप से डिजाइन की गई पीले रंग की साड़ी पहनकर महिलाओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। अयोध्याजी की स्थानीय मातृशक्तियों ने ही नहीं बल्कि लखनऊ और नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र की उत्साहित महिलाओं ने भी सक्रिय सहभागिता की। सपना गोयल ने गुरुवार को अयोध्याजी से लखनऊ लौट कर संवाददाताओं को बताया कि इस क्रम में दूसरा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ 15 अक्टूबर को अयोध्या में जन्मभूमि परिसर में किया जाएगा।

### राजकीय वाहन चालक संघ का मांगों पर सुनवाई न होने के कारण आन्दोलन का निर्णय

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजकीय वाहन चालक संघ राज्य कर विभाग तीन सूत्रीय मांग–पत्र पर प्रमुख सचिव से द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से मांगो पर निस्तारण करने हेतु समय मांगा था, लेकिन समय नहीं मिला।संघ के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश शर्मा की अध्यक्षता 10 सितम्बर को प्रदेश के प्रान्तीय पदाधिकारी एवं जोनल जिलाध्यक्ष,मंत्री मुख्यालय पर बैठक सम्पन्न हुई। तीन सूत्रीय मांग–पत्र पर सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि यदि अनुरोध किये जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी। प्रान्तीय संघ द्वारा द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समस्याओं का हल कराना चाहता था, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। निर्णय लिया गया कि विभाग द्वारा प्राइवेट वाहन चालकों को आउट सोर्सिंग पर न रखा जाये। 120 वाहन चालकों के पद शासन स्तर पर विचाराधीन है, उसको स्वीकृत किया जाये।प्रान्तीय महामंत्री सूरज कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2009 विभाग में 120 वाहन चालक पद भर्ती हेतु आयुक्त राज्य कर के माध्यम से कई बार प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजय, दिनेश कुमार वर्मा, तेजशंकर, अनुराग शर्मा, कृष्ण कुमार, पंकज राय, नरेश, विजय, रविन्द्र कुमार, अरविन्द, चन्द्रजीत शामिल हुये।

### सीताराम येचुरी के निधन पर जद यू के प्रदेश अध्यक्ष ने जताया दुख

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** वामपंथी दल सीपीएम के दिग्गज नेता सीताराम येचुरी के आकस्मिक निधन पर जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने गहरा दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से भारतीय राजनीति में अपूरणीय क्षति हुई है जिसकी भरपाई होना बहुत ही कठिन है। सर्वश्रेष्ठ सांसद से सम्मानित सीताराम येचुरी सेक्युलरिज्म और आर्थिक समानता जैसे मूल्यों के प्रति आजीवन प्रतिबद्ध रहे। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्रसंघ का हिस्सा रहे सीताराम येचुरी आपातकाल के दौर में जेल जाने से उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत किया। करीब पांच दशकों के अपने राजनीतिक करियर में वामपंथ की धुरी रहे । उन्हें वामपंथी दलों को भारतीय राजनीति में गठबंधन की राजनीति में लाने का श्रेय है। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने दिवंगत आत्मा को चिर शान्ति प्रदान करने एवं शोक–संतप्त परिजनों को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## शिव सबसे बड़े राष्ट्रवादी, साम्यवादी व समाजवादी : चिदंबरानंद सरस्वती

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



शिवत्व आध्यात्मिक तत्व ही नहीं संपूर्ण वैज्ञानिक अवधारणा है। इनमे सृजन कर्ता,पालक और संहर्ता तीनों स्वरूप समान रूप से विद्यमान हैं।जहाँ सृष्टि के सृजन से पालन तक का दायित्व निभाते हैं वहीं सृष्टि के कल्याण के लिए दुष्टों के संहार से भी पीछे नहीं हटते।यह उदगार श्री हरि हर सेवा समिति के तत्वावधान में जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर सात स्थित सूर्या लान में श्री शिव महापुराण कथा का प्रवचन करते हुए कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा, वैश्विक परिपेक्ष्य में देखें तो शिव से बड़ा राष्ट्रवादी देवता नहीं है।वह सच्चे अर्थों में साम्य और समाजवाद के प्रतीक हैं। बिना किसी विशिष्ट स्वरूप मात्र एक पत्थर की बटिया में उन्हें कोई भी समान रूप से प्राप्त कर सकता है। उनकी पूजा के लिए न सिर्फ जल ही पर्याप्त है बल्कि वह संसार की त्याज्य वस्तुओं को सप्रेम स्वीकारते हैं,बस श्रद्धा चाहिए। सरल भाव के चलते सर्व समाज के लिए समान रूप से उपलब्ध हैं। शिव की यही सरलता उन्हें वैश्विक मान्यता की प्रमुख कारक है। आज विश्व के हर कोने में महादेव को पूजने वाले मिल जाएंगे। मुस्लिम देशों सहित तमाम देशों में उत्खनन में प्राप्त शिव लिंग व मूर्तियों का प्राप्त होना शिव के विश्व व्यापी होने का स्वत÷ प्रमाण है। भगवान शिव भगवान राम को जहां अपना आराध्य बताते हैं वहीं प्रभु राम ÷सिव द्रोही मम दास कहावा,सो नर मोहि सपनेहु नहिं पावा ÷ कहकर उनकी श्रेष्ठता को निरूपित करते हैं। वास्तव में शिव और राम एक ही तत्व हैं। दोनों में दोनों विराजमान हैं। भारतीय संस्कृति की यही विशिष्टता है कि वह सभी को अपना आराध्य चुनने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। यही हिन्दुत्व का मूल है जो अन्य मजहबों से भिन्न करता है।उसे शिवत्व प्रदान करता है। तमाम विकृतियों और मतभेदों से ग्रस्त विश्व को शिवत्व, जो कल्याण का उद्घोष है, की राह अपनानी ही होगी अन्यथा संहार के लिए तैयार होना पड़ेगा। श्री शिव महापुराण के आध्यात्मिक स्वरूप की चर्चा करते हुए कहा कि शिव चरित्र अपना कर मानव मात्र परम सुख प्राप्त करने में समर्थ हो सकता है।कथा के शुभारंभ से पूर्व एकेटीयू मंदिर से हाथी, घोड़े,ऊंट,रथादि व बाजे गाजे सहित एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में एक रूप साड़ियों में सिर पर कलश उठाए महिला श्रद्धालुओं के साथ तमाम लोग उपस्थित थे। शोभायात्रा के दौरान पूरे जानकीपुरम विस्तार में जगह जगह स्वागत किया गया।कथा स्थल पर शोभायात्रा को स्वामी जी द्वारा संक्षिप्त उद्बोधन दिया गया। अपराह्न नैमित्यिक कथा का प्रारंभ हुआ।इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों, महिला मंडल व विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं के अलावा स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में कथा श्रवण का लाभ उठाया। कथा 18 सितंबर तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से 7 बजे तक चलेगी और समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

### सीएम योगी ने बदले मंत्रियों के प्रभार

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** सीएम योगी ने जिले के प्रभारी मंत्रियों के जिलों में बदलाव कर दिया है। माना जा रहा है कि यह बदलाव लोकसभा चुनाव के परिणामों और आने वाले दस सीटों में होने वाले उपचुनावों को देखते हुए किया गया है। इन बदलावों में सभी 53 मंत्रियों का जिला बदला गया है। दो डिप्टी सीएम को किसी भी जिले का प्रभारी नहीं बनाया गया है। उनके पास पहले भी जिलों का प्रभार नहीं था। जिसमें कैबिनेट मंत्री के साथ राज्य प्रभार वाले प्रभार वाले मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। अयोध्या और आजमगढ़ देख रहे मंत्री सूर्य प्रताप शाही को लखनऊ और संत कबीर नगर का प्रभार दिया है। इस तरह वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही जो लखनऊ और गोरखपुर देख रहे थे को अंबेडकर नगर का प्रभारी बनाया गया है। वाराणसी के प्रभारी रहे मंत्री जयवीर सिंह को वहां से हटा लिया गया है। उन्हें प्रयागराज और रायबरेली का प्रभार दिया गया है।

### गुणात्मक शिक्षा वही जिसमें संस्कार साफ झलकें

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सर्वोदय इण्टर कालेज न्योछना बाराबंकी के स्थापना दिवस पर मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व डीडीसी राजेन्द्र प्रसाद वर्मा 'पप्पू' एवं विशिष्ठ अतिथि नोडल अधिकारी ब्लाक सिद्धौर शोभावती ने माँ सरस्वती की मूर्ति का अनावरण किया । मुख्य अतिथि ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा-2024 में 90 फीसदी अंक के साथ प्रथम स्थान पर आए छात्र प्रियांशु गौतम को साइकिल एवं इण्टर मीडिएट में प्रथम स्थान पर आयी छात्रा कु. प्रियंका को सिलाई मशीन प्रदान की। कक्षा-6 से 12 तक के उत्तीर्ण प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओ को ट्राली बैंग एवं बैंग आदि देकर पुरस्कृत किया। रमेशचन्द्र वर्मा वरिष्ठ लिपिक, सत्तीश चन्द्र तिवारी कार्यालय सहायक को मुख्य अतिथि एवं विद्यालय के प्रबन्धक, दिनेश यादव, राजेश वर्मा उपाध्यक्ष सपा द्वारा अंगवस्त्र, छाता, ट्राली बैग, रामचरित मानस आदि प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि गुणात्मक शिक्षा वही जिसमें संस्कारो की साफ झलक दिखें। बच्चे भगवान का रूप होते है।अभिभावक अपने पाल्यों को शिक्षको बड़ी उम्मीद के साथ सौपता है। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है।

### सिद्धार्थनगर में छात्रावासों के कायाकल्प के लिए मिला बजट, बेहतर होंगी सुविधाये

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग की ओर से जनपद सिद्धार्थनगर में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावासों में सुविधाओं को और अधिक बेहतर किया जाएगा। इसके लिए विभाग ने 97.78 लाख रुपए जारी किये हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बताया कि जारी धनराशि से छात्रावास की सुविधाओं को और अधिक बेहतर किया जाएगा, ताकि वहां रहने वाले विद्यार्थियों को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। समाज कल्याण मंत्री बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े परिवार के बच्चों तक सुविधाओं का लाभ बेहतर तरीके से पहुंच सके। योग्य शिक्षकों की नियुक्ति के साथ ही छात्र–छात्राओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है। सिद्धार्थनगर के सकतपुर, सनई और घरुवार, बढ़नी में संचालित राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास में छात्रावास भवन के मरम्मत के साथ रंगाई–पुताई के कार्य, आन्तरिक सीवर कार्य, एवं पेयजल, इलेक्ट्रिक संबंधित कार्य कराने के लिए 97.78 लाख रुपये प्रदान किये गये हैं।

**लखनऊ नगर निगम**
टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ. फोन-फैक्स: 0522-2622440, ई-मेल: nnlko@up.nic.in

पत्रांक : D-348/CE(E/M) **ई–निविदा सूचना** दिनांक : 11.09.2024

ई–निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा विभिन्न कार्यों की ई–निविदायें, ई–निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर दिनांक 13.09.2024 से दिनांक 30.09.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है । पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर०टी०जी०एस०/एन०ई०एफ०टी०/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। उक्त ई–निविदा दिनांक 30.09.2024 को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा। किसी भी ई–निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा । अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणक की धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि आदि को उक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

**मुख्य अभियन्ता**

# हिंदी से ही हमारे देश की पहचान है, हिंदी के बिना संपूर्ण विकास संभव नहीं : शरद पाठक

✳ 14 सितंबर हिंदी दिवस के पावन पर्व पर संस्थान ने की बैठक, हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



हिंदी को राष्ट्रभाषा घोषित किए बिना देश की सभ्यता व संस्कृति सुरक्षित नहीं, हिंदी से ही हमारे अस्मिता की पहचान है, हिंदी के बिना संपूर्ण और समृद्ध राष्ट्र की कल्पना अधूरी है उक्त वक्तव्य आज श्रृंगारहाट अयोध्या स्थित रघुनाथ भवन वैद जी के मंदिर में हिंदी प्रचार प्रसार सेवा संस्थान की बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाज सेवी मित्र मंच के शरद पाठक ÷बाबा÷ ने व्यक्त किया,उक्त अवसर पर उन्होंने कहा कि हिंदी ही हमारे सनातन धर्म व संस्कृति की संवाहक है, बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार राम केर सिंह ने कहा कि हिंदी के राष्ट्रभाषा बने बिना भारत देश अधूरा है, संस्थान के उपाध्यक्ष विंध्यवासिनी शरण पांडिया ने कहा कि आगामी 14 सितंबर हिंदी दिवस के पावन पर्व पर संस्थान द्वारा तुलसी स्मारक भवन (रानी बाजार चौराहा) अयोध्या में संगोष्ठी, सम्मान समारोह व सांस्कृतिक आयोजन किए गए हैं जिसमें आप लोग पूरी सहभागिता निभाईये।

बैठक का संचालन करते हुए संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ0 सम्राट अशोक मौर्य ने आए हुए सभी साहित्य प्रेमियों का आभार प्रकट होते हुए अपील की कि आगामी 14 सितम्बर के कार्यक्रम को तन मन धन से जुट कर सफल बनावें जिससे अयोध्या की धरती से देश को एक सशक्त संदेश जाए और हिंदी देश की राष्ट्रभाषा व विश्व की संपर्क भाषा बन सके, जिससे हमारी संस्कृति और सभ्यता सुरक्षित रह सके। समारोह को सुव्यस्थित संचालित करने के लिए विभिन्न समितियां गठित की गई,उक्त अवसर पर अपने सुझाव व सलाह संप्रेषित करने वालों में प्रमुख रूप से अयोध्या प्रेस क्लब के अध्यक्ष महेंद्र त्रिपाठी, परमजीत कौर,परमिंदर कौर, गुड़िया त्रिपाठी, पत्रकार केतकी निषाद, सोनाली साहू, सुधा सिंह, कथावाचक मनिषा पांडेय, अनिरुद्ध प्रसाद शुक्ला दीपचंद राही,नरेंद्र पाठक, ओमप्रकाश सैनी पत्रकार, विश्वनाथ शुक्ला, इंसान अली शाह, संगीता आहूजा, मनीष चंद्र पांडेय,गोविंद लाल सोनी नीतू पांडेय, प्रियंका त्रिपाठी, पलक पांडेय, डाश्अनुराधा मौर्य,प्रीति देवी, संजीव कुमार, सुशील श्रीवास्तव,संगीता प्रदेश अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह वत्स, वरिष्ठ पत्रकार भानु प्रताप सिंह चंद्रवंशी, अजेंद्र पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## अयोध्या में निकलने वाले जुलुसे मोहम्मदी के मार्गों की साफ सफाई व सुरक्षा व्यवस्था के लिए दिया गया ज्ञापन

✳ जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

✳ अंजुमन मुहाफ़िज़ मसाजिद, मक़ाबिर के तत्वाधान में रविवार को निकलेगा जुलुसे मोहम्मदी

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



हर साल की तरह इस साल भी जुलूस ए मोहम्मदी अपने पुरखुलूस अंदाज में बड़े अकीदतों मोहब्बत के साथ मानाया जाएगा यह जूलूस अंजुमन मुहाफिज मकाविर मक़ाबिर के जेरे नजर में मोहल्ला बक्सरिया टोला से निकलेगा। जुलुसे मोहम्मदी अशर्फी भवन दोराही, आलमगंज कटरा, दोराही कुआँ, टढ़ी बाजार होता हुआ कुटिया बिजली शहीद मजार रेलवे स्टेशन के पास पहुंचकर सम्पन्न होगा। इसमें पन्द्रह सौ से दो हजार की संख्या में लोग शिरकत करेंगे जिसमें बच्चे, बुजुर्ग महिलाएं भी शामिल होंगी। जुलुसे मोहम्मदी के निकलने वाले रास्तों की साफ सफाई व सुरक्षा के मद्देनज़र इंतेज़ामिया कमेटी ने जिलाधिकारी को सम्बोधित एक ज्ञापन सौंपा है। इंतेज़ामिया कमेटी ने ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि यह त्यौहार हम सभी मुसलमानों के लिए बहुत ही अहम त्यौहार कि। हमारे नबी सल्लल्लाहों अलैहे वाले वसल्लम कि जश्न ईद मिलादुन्बी उनकी पैदश्इश के मौके पर मनाया जाता कि। यह खुशी पूरी दूनिया में मनाया जाता है लेकिन अयोध्या में एक दिन पहले मनाया जाता कि, जो ग्यारह रबी उल अव्वल दिनांक 15.09.2024 दिन इतवार को मनाया जाएगा। इस त्यौहार में जिले की कई अंजुमन अपना-अपना नातिया कलाम पेश करने के लिए आएंगे और जगह-जगह स्टेज की व्यवस्था भी रहेगी। जिसमें इनके खाने पीने वा कलाम पढ़ने वाले बच्चों के हौसला अफजाई के लिए इनाम दिए जाने की व्यवस्था की जाएगी। इसी अंजुमन के साथ-साथ अखाड़ा भी रहेगा जिसमें बच्चे अपना-अपना खेल दिखाएंगें उसके बाद रात्रि 8:30 बजे तक वापस हो जाएंगे। इंतेज़ामिया कमेटी ने प्रशासन से मांग की है।

## श्री अयोध्या न्यास द्वारा तीन विद्यालयों में रोपित किए गए 50 पौधे

**जनएक्सप्रेस/अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा लगातार जिले के विभिन्न विद्यालयों में पौधरोपण किया जा रहा है। पौधरोपण अभियान में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधे रोपित किए जाते है जिससे छात्रों में पर्यावरण संरक्षण का भाव जाग्रत हो। गुरूवार को मिल्कीपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मंझनपुर में 20 पौधे, प्राथमिक विद्यालय भीखी का पुरवा 20 पौधे तथा विवेकानंद पब्लिक स्कूल बहादुरगंज में 10 पौधों को रोपित किया गया। पौधों के संरक्षण के लिए सभी में ट्री गार्ड लगाए गए हैं। रोपित किए गये पौधों में नीम, पीपल, बरगत समेत अन्य पौधे सम्मलित है।

## जिला कारागार में बन्दियों के विधिक अधिकार विषय पर आयोजित हुआ जागरुकता शिविर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली




उ0 प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ तथा माननीय जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अनुपम शौर्य अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली द्वारा जिला कारागार रायबरेली का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अपर जिला जज सचिव द्वारा जिला कारागार की महिला बैरक के अतिरिक्त अस्पताल पाकशाला लीगल ऐड क्लीनिक व काष्ठ प्रशिक्षण केन्द्र का अवलोकन किया गया सचिव द्वारा बन्दियों से पूछा गया कि उनके पास अधिवक्ता है अथवा नहीं तथा ऐसा कोई बन्दी तो नहीं है जिसकी जमानत न्यायालय से होने के बाद भी जमानतदार न दाखिल होने के कारण रिहाई नहीं हो सकी हो। कारागार के चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान बन्दी रोगियों की समस्याओं को सुना गया।

निरीक्षण के पश्चात महिला बन्दियों को विधिक रुप से जागरुक करने हेतु विधिक जागरुकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित महिला बन्दियों को उनके विधिक अधिकार बताये गये तथा यह भी बताया गया कि जिनकी जमानत माननीय उच्च न्यायालय से होनी है तथा उनके पास अधिवक्ता न हो तो वह माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति इलाहाबाद को प्रार्थना पत्र लिखकर निःशुल्क अधिवक्ता हेतु जेल में स्थित लीगल ऐड क्लीनिक के माध्यम से मदद ले सकते हैदौरान निरीक्षण व विधिक जागरुकता कार्यक्रम में प्रशिक्षु न्यायिक अधिकारी समृद्धि मिश्रा निलांचल चौधरी हर्षिता सिंह परितोष प्रकाश जेलर हिमाशुँ रौतेला व डिप्टी लीगल एड डिफेन्स काउन्सिंल जय सिंह यादव उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद ने राइजिंग चाइल्ड स्कूल में किया गुरु वंदन कार्यक्रम

**जनएक्सप्रेस/रायबरेली।** गुरु और शिष्य के मध्य पारस्परिक सामंजस्य संस्कार और सम्मान की परम्परा को बनाए रखने के लिए भारत विकास परिषद का गुरुवंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजगि चाइल्ड स्कूल में वंदेमातरम् गीत के साथ प्रारंभ हुए कार्यक्रम का शुभारंभ भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय संरक्षक डॉ आरबी श्रीवास्तव प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर वाजपेयी गुरुवंदन कार्यक्रम के संयोजक राजाराम मौर्य राइजिंग चाइल्ड स्कूल के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव और प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव द्वारा भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक अरविन्द श्रीवास्तव एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष नवल किशोर वाजपेयी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भारत विकास परिषद के द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी क्षेत्रीय संरक्षक और आरबी श्रीवास्तव ने दिया तथा गुरुवंदन छाः अभिनंदन कार्यक्रम को किए जाने के महत् को संयोजक राजाराम मौर्य ने विस्तार बताया कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों की ईमानदारी और राष्ट्र के प्रति प्रेम भावना दिखाई दी। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव द्वारा शपथ भी दिलाई गई।

## रूदौली तहसील अंतर्गत अमराई गांव में निर्मित अटल आवासीय विद्यालय के द्वितीय सत्र का वर्चुअल माध्यम से शुभारम्भ



जन एक्सप्रेस । अयोध्या

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सबको शिक्षा-उत्तम शिक्षा के उद्देश्य से प्रदेश के सभी मण्डल मुख्यालयों में बनाये गये अटल आवासीय विद्यालयों के द्वितीय सत्र का शुभारम्भ लखनऊ के अटल आवासीय विद्यालय से प्रदेश के सभी मंडलों में निर्मित अटल आवासीय विद्यालयों का वर्चुअल माध्यम से किया।अयोध्या के रूदौली तहसील अंतर्गत अमराई गांव में निर्मित अटल आवासीय विद्यालय के द्वितीय सत्र के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। सजीव प्रसारण के दौरान मण्डलायुक्त गौरव दयाल, विधायक रूदौली रामचन्द्र यादव, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी ऋषिराज सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी विद्यालय में उपस्थित रहे। सत्र शुभारम्भ के अवसर पर विधायक रामचन्द्र यादव ने विद्यालय के छात्र छात्राओं, अभिभावकों तथा आसपास के आम नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में प्रदेश के सभी मंडलों में अटल आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य कराया गया है। इसके अंतर्गत समाज के श्रमिक भाइयों एवं कोरोना के दौरान निराश्रित हुए बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान की जा सकेगी जो बच्चे आगे चलकर देश का भविष्य होंगे। उन्होंने कहा कि इन विद्यालयों में समाज के शोषित वर्ग के बच्चों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा के साथ ही रहने हेतु उत्तम सुविधाएं प्रदान की जाती है। रूदौली विधानसभा का यह सौभाग्य है कि इस विद्यालय का निर्माण विधानसभा के अंतर्गत हुआ है, जिसमें मण्डल के सभी जिलों के श्रमिक भाईयों के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करेंगे। मण्डलायुक्त ने द्वितीय सत्र शुभारम्भ की शुभकामनाएं सभी बच्चों एवं विद्यालय के अध्यापकों व कर्मचारियों को दी। उन्होंने बताया कि इस सत्र में कुल 280 बच्चे शामिल हुए है जिसमें 140 बच्चे कक्षा 6 में व 140 बच्चे कक्षा 9 में अध्ययन करेंगे। इस प्रकार अब विद्यालय में दोनों सत्रों को मिलाकर 360 बच्चे शिक्षा ग्रहण करेंगे, जिनमें 50 प्रतिशत छात्र बालक व 50 प्रतिशत छात्र बालिका है।जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह ने भी इस सत्र में शामिल हुए बच्चो को शुभकामनाएं दी । कार्यक्रम के दौरान संयुक्त विकास आयुक्त विजय कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष मां कामाख्या शीतला प्रसाद शुक्ल, उपश्रमायुक्त श्रीमती प्रतिभा तिवारी सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य ,छात्र-छात्राएं, अभिभावक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत मण्डलायुक्त ने विधायक रूदौली, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के साथ विकासखण्ड मवई की ग्राम पंचायत आदि।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत आम घाट का किया निरीक्षण



**जनएक्सप्रेस/अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत थानाक्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक के आमघाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। एवं संबंधित अधिकारियों को घाट पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा की घाट पर पर्याप्त साफ सफाई तथा सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम रखे जाएं,मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में नाव की उपलब्धता बनी रहे। और यह भी सुनिश्चित करें कि मूर्ति विसर्जन के दौरान अनावश्यक लोग नाव में ना बैठे।इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह,तहसीलदार व अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक के तबादले से व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने खुशियां मनाई

**जनएक्सप्रेस/रायबरेली महराजगंज।** हलोर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ क्षेत्र के व्यापारियों ने रायबरेली पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के तबादले पर एक–दूसरे को मुंह मीठा कराकर खुशियां मनाई। व्यापार मंडल अध्यक्ष हलोर प्रदीप पटेल ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर रायबरेली पुलिस अधीक्षक के तबादले की गुहार लगाई थी जिसको मुख्यमंत्री ने संज्ञान में लेते हुए 10 सितंबर दिन मंगलवार को रायबरेली पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल का तबादला किया गया। इस पर व्यापार मंडल ने मुख्यमंत्री आभार प्रकट किया। व्यापार मंडल अध्यक्ष प्रदीप पटेल ने बताया कि विगत एक माह से रायबरेली जनपद में अपराधों की बाढ़ से आ गई थी। जिले में बढ़ते अपराध को नियंत्रित करने में जिले के पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल नाकाम रहे। बीते एक माह से पूरे जनपद में चोरी व लूट की घटनाएं आम हो गई थी। श्री पटेल ने बताया कि हाल ही में गदागंज के थाना प्रभारी राकेश चंद्र आनंद द्वारा एक निर्दोष व्यापारी को सलाखों के पीछे भेज दिया जिससे पूरे जनपद के व्यापारियों में गदागंज थाना प्रभारी के प्रति रोष व्याप्त है इस अवसर पर कोषाध्यक्ष तेजभान सिंह, संगठन मंत्री श्रीराम, उपाध्यक्ष मोहम्मद हुसैन, उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, उपाध्यक्ष रामराज, सदस्य देवेंद्र शुक्ला, सदस्य राम बहादुर वर्मा, संगठन मंत्री गिरधारी लाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सिंह, महामंत्री बैजनाथ गुप्ता, उपाध्यक्ष याकूब, सदस्य बरकत सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब रायबरेली द्वारा फलदार पौधों का किया गया वृक्षारोपण

**जनएक्सप्रेस/रायबरेली।** रोटरी क्लब रायबरेली द्वारा वरिष्ठ रोटेरियन एवं जनपद के ख्यातिलब्ध उद्योगपति संजय जीवनानी जी के प्लाट पर फलदार पौधों का वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें आम अमरूद जामुन के फलदार वृक्ष रोपित किए गए इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब रायबरेली के अध्यक्ष रोटेरियन राकेश कक्कड़ जी कार्यक्रम में आए सभी रोटेरियन का एवं आए हुए सभी पूर्व अध्यक्षों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ करने की घोषणा की कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी पूर्व अध्यक्षों ने कार्यक्रम अधिकारी एवं कार्यक्रम संयोजक को बधाइयां दी कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी रोटेरियन संजय जीवनानी ने कियारोटेरियन संजय जीवनानी जी वृक्षारोपण कार्यक्रम के कार्यक्रम अधिकारी एवं संयोजक रोटेरियन सुशांत टंडन जी के साथ-साथ रोटेरियन आरके सोनी जी रोटेरियन विमल तलरेजा जी रोटेरियन राजीव भार्गव जी रोटेरियन अजय त्रिवेदी जी रोटेरियन विवेक मेहरोत्रा जी रोटेरियन विजय सिंह जी रोटेरियन राकेश चंदानी एवं रोटेरियन संदीप जैन जी रोटेरियन गोविंद खन्ना जी उपस्थित रहे।

## चकबंदी कार्यों को लेकर डीएम व एसपी ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत चकबंदी कार्यों को लेकर जनपद के सबसे पुराने गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।इस दौरान बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस गांव में कुल 1464 खातेदार हैं।तथा 3697 गाटा संख्या है।गांव में कुल तीन मजरे हैं। उन्होंने बताया कि इस गांव में 1980 के दशक से चकबंदी की प्रक्रिया चली आ रही थी।जो अब 2024 में पूर्ण हुई है।सभी अभिलेख काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में थे।जिन्हें बड़ी मशक्कत के बाद दुरुस्त कराया गया है।अब चकबंदी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सारे अभिलेखों,नक्शा को तहसील में जमा कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन खतौनी ना होने के कारण इस गांव के लोगों को शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था।अब चकबंदी की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत सभी अभिलेख व खतौनी ऑनलाइन फीड की जाएगी।उसके उपरांत ग्रामीण शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।उन्होंने बताया कि धारा 52 का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा।शासन की स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत इस गांव में धारा 52 की कार्यवाही सम्पन्न हो जाएगी। चौपाल के दौरान डीएम व एसपी ने ग्रामीणों से चकबंदी प्रक्रिया से संतुष्ट होने की जानकारी ली गई।जिस पर सभी ग्रामीणों ने कहा कि चकबंदी प्रक्रिया से किसी को कोई परेशानी नहीं है।वही चौपाल में ग्रामीणों द्वारा बताया गया की 2003 में गांव में 159 लोगों को पट्टा आवंटन हुआ था।जिनका राजस्व अभिलेखों में अभी तक अमलदरामद नहीं हो पाया है।इसके लिए डीएम ने उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना व तहसीलदार मुसाफिरखाना को निर्देशित किया कि एक माह के अंदर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कमियों को दुरूस्त कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

## धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा 08 नवम्बर तक लागू : एडीएम ई

रायबरेली। जनपद में 16 सितम्बर को ईद मिलाद-उल-नवी (बारावफात), 17 सितम्बर को श्री गणेश अनन्त चतुर्दशी एवं विश्वकर्मा पूजा, 02 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयन्ती, 03 से 11 अक्टूबर तक नवरात्रि दुर्गा पूजा, 12 अक्टूबर को दशहरा विजयादशमी, 17 अक्टूबर को बाल्मीकि जयन्ती, 30 अक्टूबर को नरक चतुर्दशी, 31 अक्टूबर को दीपावली, 02 नवम्बर को गोवर्धन पूजा, 03 नवम्बर को भैया दूज/ चित्रगुप्त जयन्ती, 07 नवम्बर को छठ पूजा, का त्यौहार/पर्व मनाया जाना है एवं 27 अक्टूबर 2024 को पी0सी0एस0 (प्रा0) परीक्षा, होना प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त संचारी रोगों के प्रभावी रूप से रोकथाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देश का क्रियान्वयन किया जाना है। उक्त परिस्थितियों के दृष्टिगत वर्तमान में समयाभाव के कारण पक्षों को सुनने के उपरान्त आदेश पारित किया जाना सम्भव।

## टाउन एरिया अमेठी में तालाब पर हो रहा अवैध कब्जा



जन एक्सप्रेस । अयोध्या

नगर पंचायत अमेठी के वार्ड नंबर बारह में पावर हाउस के पास स्थित तालाब पर अवैध कब्जा किया जा रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पावरहाउस के पास स्थित तालाब पर पक्का निर्माण हो रहा है। किसी नागरिक की शिकायत पर एक बार प्रशासन ने निर्माण कार्य को रुकवाया दिया था।तब नगर पंचायत के एक चर्चित सभासद ने अतिक्रमणकारी और शिकायतकर्ता के बीच समझौता करा दिया था।बताते चलें कि अमेठी नगर पंचायत के कुल क्षेत्रफल में लगभग सत्तर प्रतिशत तालाब है।प्रशासन और टाउन एरिया की सहमति से तालाब की आराजी पर हो रहे अतिक्रमण से मोहल्ले के लोगों में नाराजगी है।मोहल्लेवासियों ने बताया कि अतिक्रमण करने वाले ने अपनी जमीन बेचकर तालाब पर अतिक्रमण शुरू कर दिया है।और संबंधित लोगों पर बड़ी रकम खर्च कर रहा है।वार्ड के लोगों ने बताया कि अतिक्रमणकारी को एक कथित प्रेस फोटोग्राफर का संरक्षण है।मोहल्ले के नागरिकों ने बताया कि कथित फोटोग्राफर की तहसील प्रशासन में मजबूत पकड़ है।जिससे स्थानीय प्रशासन ने भी नजर फेर ली है। उल्लेखनीय है कि अमेठी नगर पंचायत के तालाबों पर लगातार अतिक्रमण जारी है। सरकारी संपत्ति होने के नाते दबंग अतिक्रमणकारियो के विरुद्ध सामान्य नागरिक सामने नहीं आते।

## व्यापार मंडल द्वारा विद्युत सब स्टेशन हेतु जमीन की मांग की गई

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष अतुल कुमार गुप्ता अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष त्रिलोचन सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में मंडल का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी महोदय से मिलकर बताया कि रायबरेली में काफी समय से विद्युत ट्रिपिंग लो वोल्टेज की समस्या की शिकायत बिजली विभाग से की गई जिस पर बिजली विभाग द्वारा डिग्री कॉलेज चौराहे पर एक 33/11 के वी का सब स्टेशन बनाए जाने का प्रस्ताव बनाया विभाग द्वारा जिस पर साढे 5 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे,जिसके लिए 2250 स्क्वायर फीट जमीन जो आयुर्वेदिक जिला अस्पताल के निकट फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज के नाम पट्टा की गई मंडल द्वारा विद्युत सब स्टेशन हेतु जमीन की मांग की गई जमीन देने के लिए कहा क्योंकि फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज की जमीन का पट्टा भी समाप्त हो चुका है और आज तक उसका कोई भी इस्तेमाल कॉलेज के हित में नहीं किया गया। 33/11 के वी का सब स्टेशन बन जाने से डिग्री कॉलेज रोड कलक्टरेट जिला अस्पताल जिला कारागार एवं मुख्य बाजार की बिजली की ट्रिपिंग लो वोल्टेज की समस्या दूर हो जाएगी जमीन मिलते ही सब स्टेशन बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो जाएगी जिला अधिकारी महोदय ने आश्वासन दिया कि जल्द इस पर कार्य किया जाएगा ज्ञापन देने वालों में प्रदेश युवा मंत्री सोनू वर्मा जिला संरक्षक महेंद्र अग्रवाल जिला कोषाध्यक्ष चंद्र प्रकाश गुप्ता नगर अध्यक्ष केके गुप्ता जिला युवा अध्यक्ष पंकज प्रजापति नगर युवा अध्यक्ष दिलदार राइनी मोहम्मद शकील वी के रावत शिखर श्रीवास्तव विक्की सिंह आदि उपस्थित रहे।

## समाजवादी लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक सम्पन्न नवनियुक्त पदाधिकारियों को सौंपे गये नियुक्त पत्र

रायबरेली। समाजवादी लोहियावाहिनी की मासिक बैठक पार्टी के कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष फहीम अहमद के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में पीडीए छात्र जागरूकता अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो में चर्चा हुई। संगठन की मजबूती पर भी बल दिया गया। बैठक में सदर विधान सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देते हुए जिलाध्यक्ष मो0 फहीम ने कहा कि आगामी-2027 में होने वाले विधान सभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए अभी से कमर कस लें। सदर विधान सभा मो0 कैफ खान ने नवनियुक्त साथियों को माल्यापण किया एवं मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर श्री कैफ खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ही प्रदेश में नौजवान, किसानों एवं आमजनमानस के हितों के लिए कार्य करती है और उत्तर प्रदेश का विकास समाजवादी पार्टी की सरकार में ही हो सकता है। नवनियुक्त पदाधिकारियों में मुख्य रूप से शैलेन्द्र यादव महासचिव सदर विधान सभा, अजीत कुमार उपाध्यक्ष, पीयूष यादव, कुलदीप यादव, मनीष कुमार, सत्यम मिश्रा, आकाश कुमार, मयंक सिंह, अतहर खान एवं वसीम को सदर विधान सभा का सचिव मनोनीत किया गया तथा रवि यादव, महेन्द्र प्रताप, अशफाक उल्ला, आर.के. भारती को जिला सचिव एवं मो0 आसिफ, सुनील यादव को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सचिन सोनकर, पुष्पेन्द्र यादव वि.स. अध्यक्ष हरचन्दपुर, दीपचन्द्र वि.स. अध्यक्ष सलोन, बॉबी, गुड्डू, संगम यादव, विकास श्रीवास्तव, अरविन्द यादव, सूरज, अजीत, अमित यादव, विजय यादव, अमरजीत यादव, गौरव, आदिल, गोविन्द आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# बंद पड़ी लाल इमली मिल को चालू कराने को लेकर कपड़ा मंत्री से मिले सांसद रमेश अवस्थी






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

नई दिल्ली में कानपुर के सांसद रमेश अवस्थी ने गुरुवार को केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से मुलाकात की और कानपुर के विकास पर चर्चा की। सांसद ने केंद्रीय कपड़ा मंत्री को कानपुर की लाल इमली मिल को फिर से चलवाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा से अवगत कराया। साथ ही कानपुर के विकास के तमाम मुद्दों पर उन्होंने केंद्रीय मंत्री से विस्तार पूर्वक बातचीत की। उन्होंने लाल इमली कर्मचारी संघ की ओर से दिए गए ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही के लिए आग्रह किया। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने आश्वासन दिया कि वो लाल इमली मिल को पुनः चलवाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की घोषणा का स्वागत करते हैं। जल्दी ही राज्य सरकार से बात करके इसके लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करेंगे। कपड़ा मंत्रालय की कानपुर में निष्प्रयोज्य पड़ी सम्पतियों के निरीक्षण को टीम बनाई जा रही है।

जो जल्द ही कानपुर आ कर सर्वे करेंगी। उन्होंने लाल इमली कर्मचारी संघ की ओर से दिए गए ज्ञापन पर त्वरित कार्यवाही के लिए आग्रह किया।

कपड़ा मंत्री ने कर्मचारी संघ की बकाया वेतन आदि मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए संस्था ने संभाली कमान दो हजार से अधिक लोगों को पहुंचाई राहत-सहायता



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

प्रदेश मे आई बाढ़ मे अपना सब कुछ गंवा चुके परिवारों की मदद के लिए एक संस्था राष्ट्रीय सैनिक छात्र सेवा परिषद आगे आई है। इस अभियान की संस्था के अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने खुद ही कमान संभाल ली है और 50 जिलों की सीधी निगरानी कर रहे हैं।बाढ़ त्रासदी से जूझ रहे पीड़ितों को बीते कई दिनो से लगातार भोजन सूखा राशन, दूध, पहनने को कपड़े, ओढ़ने-बिछाने के लिए कंबल-चटाई से लेकर दवाई तक घर-घर पहुंचाई जा रही है। कीचड़ और पानी से लथपथ रास्तों पर चलकर लोग दूरदराज गांवों तक पहुंच रहे हैं। शहर से लेकर गांव तक बेघर परिवारों को संकट की इस घड़ी मे सहारा देने के लिए खाद्य पदार्थ का वितरण किया जा रहा है। संस्था ने पानी का पाउच भी उपलब्ध कराया है।वहीं जनपद के विभिन्न जगह-जगह राहत सामग्री का वितरण जारी है। संस्था की टीम नाव के सहारे बाढ़ पीड़ितों को राहत पैकेट पहुंचा रही है संस्था के पदाधिकारी से लगा सदस्यों ने भी बाढ़ से प्रभावित गांव-गांव मे राहत सामग्री का वितरण किया है। इसी का नतीजा है कि अब तक बाढ़ से प्रभावित कई हजार से अधिक लोगों को राहत सहायता पहुंचाई जा चुकी है।

### कुल 2250 राहत सामग्री का वितरण किया गया

राहत सामग्री मे आटा, चावल, अरहर की दाल, हल्दी, मिर्च, सब्जी मसाला, सरसों का तेल, नमक, आलू, भुने चना, गुड़, मोमबत्ती, माचिस, बिस्कुट, साबुन, लाई का वितरण किया गया और बच्चों को शिक्षा भी दी जा रही है। लोगो ने कहा कि हम धन्यबाद देते हैं संस्था के अध्यक्ष अंकित शुक्ला को जिन्होंने हमे भिक्षा दान मे इतना समान दिया और 500 परिवारों मे राशन पहुंचाया। संस्था की टीम मे जुटे वितरण करने वालों मे राष्ट्रीय भवानी प्रसाद शुक्ला, अमन सिंह, मोहित शुक्ला, विमल गुप्ता, अमन यादव, अजय, सुधांशु, अमन सिंह, कुवंर राज सिंह, अश्वनी शुक्ला आदि शामिल थे। इस संस्था ने जहां एक तरफ लोगों मे भोजन पैकेट व पानी का वितरण कराया वहीं दूसरी तरफ पशुओं के लिए चारा भी उपलब्ध कराया।





### हमसफर एक्सप्रेस के एसी कोच में रेलकर्मी ने किशोरी को छेड़ा, भीड़ ने पीटा, मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बरौनी-दिल्ली हमसफर (क्लोन स्पेशल) एक्सप्रेस के एसी कोच में रेलकर्मी ने किशोरी से छेड़छाड़ कर दी। इस पर भीड़ ने उसे जमकर पीटा। कानपुर सेंट्रल पर जीआरपी ने उसे उतारा और लेकर थाने पहुंचे। यहां मेडिकल की बात सुनते ही हालत बिगड़ गई। एंबुलेंस से उसे केपीएम अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पीड़िता की मां की तहरीर पर जीआरपी ने रिपोर्ट दर्ज कर लखनऊ ट्रांसफर कर दी। बिहार के मुजफ्फरपुर के सरमस्तीपुर निवासी प्रशांत कुमार (34) रेलवे में ग्रुप डी कर्मचारी था। मुजफ्फरपुर में ही उसकी तैनाती थी। वह दिल्ली जाने के लिए मंगलवार देर रात सीवान से हमसफर (क्लोन स्पेशल) एक्सप्रेस 02563 में जनरल टिकट पर सवार हो गया। टीटी ने पेनाल्टी लेकर इसका एसी का टिकट बना दिया था। उसे आश्रित कोटे से नौकरी मिली थी। इसी कूपे की सीट नंबर 41 और 42 पर गुरुग्राम निवासी परिवार भी सफर कर रहा था।

# गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने ठेले वाले से लेकर व्यापारियों को दिलाई भाजपा की सदस्यता






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

भाजपा के सदस्यता अभियान का दूसरे दिन का बूथों पर प्रवास कार्यक्रम अंतर्गत, गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने, अपनी विधानसभा अंतर्गत, दो सेक्टरों के 05 बूथों पर जाकर, व्यापारियों के बीच जाकर एवं मोची भाई एवं हलवाई भाई एवं ताला चाबी बनाने वाले भाई एवं पान की दुकानों पर एवं ठेलों पर तथा चाय की दुकानों पर,मेडिकल स्टोरों पर, ऑटो पार्ट्स की दुकानों पर, एवं बस्ती में जाकर तथा घरों पर जाकर पार्टी के कुल 213 सदस्य बनाए।

विधायक जी ने बताया कि रतनलाल नगर मंडल के 3 बूथों पर बूथ क्रमांक-255,258,319 पर सदस्य बनाये तत्पश्चात विधायक जी ने भीगते हुए, बरसते पानी में, छाता लेकर, सीसामऊ विधानसभा के, अपने प्रभार वाले चुन्नीगंज मंडल में जाकर, घर घर जाकर, डॉक्टरों की क्लीनिक, राशन की दुकानों पर घर-घर कुंडी खटखटाकर व्यापारियों के बीच जाकर परचून की दुकानों पर जाकर, बूथ नंबर 38,41,42,43, 46 कुल पांच बूथों पर, एवं कुल 02 सेक्टरों, जिनमें एक मेकराबर्टगंज 03 एवं दूसरा मेकराबर्टगंज 02 पर, वार्ड नंबर 15 मेकराबर्टगंज पर, आज जाकर, कुल 213 पार्टी के सदस्य बनाए।

विधायक जी ने सदस्य बनाते समय, आम जनता को केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया तथा कहा यदि कोई भी समस्या लाभ लेने में आती है तो उसके लिए हम सब लोग मिलकर,आपकी मदद करेंगे और आपको पात्र बनाकर सरकार की तमाम योजनाओं से लाभान्वित करेंगे। यही हमारे मोदी जी एवं योगी जी का लक्ष्य है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक सुरेंद्र मैथानी, पार्षद नीरज गुप्ता, पार्षद सौरभ पार्षद अंकित मौर्य, पार्षद लक्ष्मीकोरी मडल अध्यक्ष सुमित पावा, मण्डल अध्यक्ष करन सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक चंचल मिश्रा, बूथ अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार, बूथ अध्यक्ष सुधा पांडे, शक्ति केंद्र संयोजक हिमांशु पांडे, बूथ अध्यक्ष देवांश सेठठी, बूथ अध्यक्ष सुबोध कुमार, बूथ अध्यक्ष अमित गौतम, आशीष, नीरज चौहान, विक्रांत चौहान, विवेक बिश्नोई, अंशु अग्निहोत्री, प्रवीण वाजपेई, मनु पोरवाल, धर्मेंद्र दुबे, पीयूष आनंद, बबलू मिश्रा, अमित कुमार डैनी आदि लोग मौजूद रहे।

# जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आवेदन फॉर्म भराए जाने को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आवेदन फार्म भरवाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई । बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर जनपद में कक्षा 5 में नामांकन के सापेक्ष शत प्रतिशत आवेदन फार्म बच्चों के नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु भरवाना सुनिश्चित करें। जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र अंतर्गत समस्त स्कूलों के कक्षा 5 में पंजीकृत समस्त बच्चों के शत प्रतिशत नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फार्म भरवाना सुनिश्चित किया जाए। यदि एक भी खंड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र अंतर्गत एक भी कक्षा 5 में पंजीकृत बच्चे का यदि आवेदन फॉर्म नहीं भराया गया तो संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण करने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए। राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा आवेदन फार्म भरवाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर जनपद में कक्षा 5 में नामांकन के सापेक्ष शत प्रतिशत आवेदन फार्म बच्चों के नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा हेतु भरवाना सुनिश्चित करें। जनपद के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र अंतर्गत समस्त स्कूलों के कक्षा 5 में पंजीकृत समस्त बच्चों के शत प्रतिशत नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन फार्म भरवाना सुनिश्चित किया जाए। यदि एक भी खंड शिक्षा अधिकारी क्षेत्र अंतर्गत एक भी कक्षा 5 में पंजीकृत बच्चे का यदि आवेदन फॉर्म नहीं भराया गया तो संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी का स्थानांतरण करने की कार्यवाही किए जाने के निर्देश जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए।

# सचिनदी मंडल में भाजपा सदस्यता अभियान के तहत सांगा ने बनाए सदस्य





**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सचेंडी मंडल में बैठक कर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे प्रदेश में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के अंतर्गत सैकड़ों नए सदस्यों को पार्टी से जुड़ा है।

कार्यक्रम के अंतर्गत संबोधित करते हुए बिठूर के विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा कि राहुल गांधी जी विदेश मे खालिस्तानियों के साथ बैठकर देश की छवि खराब कर रहे हैं अखिलेश यादव जी गुंडों बलात्कारियों का साथ दे रहे है। आज मोदी जी के नेतृत्व में देश विकसित भारत बनने के लिए अग्रसर है आज प्रदेश योगी जी के नेतृत्व मे उत्तर प्रदेश गुंडा मुक्त और सबसे ज्यादा एक्सप्रेसवे, सबसे ज्यादा हवाई अड्डा वाला प्रदेश बन चुका है इसलिए हम सभी भाजपा सदस्य बने। कार्यक्रम में जिला पंचायत स्वप्निल वरुण ने सबसे आग्रह किया की भारतीय जनता पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाए। कार्यक्रम के चलते पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा बिठूर विधायक का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष गोविन्द कुशवाहा ने कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर भूपेन्द्र सिंह चौहान गया प्रसाद सिंह, राजेंद्र त्रिपाठी, शतीश तिवारी विक्रांत सिंह तोमर तिलक सिंह चौहान रामकुमार कुरील, पुष्पेंद्र सिंह जादौन, शुभम कुशवाहा, राघवेंद्र कुशवाहा, आकाश दिवाकर, भानुप्रताप सिंह, संजय पासवान रहे।

### देश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा आईआईटी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**। आईआईटी कानपुर को तकनीक की मदद से देश की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की जिम्मेदारी मिली है। इसके लिए गुरुवार को आईआईटी कानपुर और नेशनल हेल्थ अथॉरिटी के बीच एमओयू हुआ है। अब आईआईटी कानपुर एआई की मदद से आयुष्मान भारत के डिजिटल मिशन के लिए प्लेटफार्म विकसित करेगा। इसमें मिशन के तहत उपलब्ध डेटा का उपयोग कर एआई मॉडल की मदद से बीमारियों का शुरुआती स्तर पर पता लगाने में मदद की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा की उपस्थिति में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव और एनएचए की सीईओ एलएस चांगसन और आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। समझौता ज्ञापन के तहत मशीन लर्निंग से जुड़े विभिन्न मॉडल, गुणवत्ता संरक्षण डेटाबेस, एआई मॉडल की तुलना और सत्यापन के लिए प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस प्लेटफॉर्म को एनएचए की ओर से नियंत्रित किया जाएगा, जिससे स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए एआई की क्षमता का पता चलेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए डेटा का उपयोग महत्वपूर्ण साबित होगा।

# नेवादा टोल प्लाजा पर दिखे संदिग्धों के फुटेज छिबरामऊ के स्वीट हाउस में भी मिले



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कालिंदी एक्सप्रेस को डिरेल करने की साजिश रचने के मामले में चल रही जांच में एजेंसियों को बड़ा सुराग हाथ लगा है। जांच एजेंसियों ने नेवादा टोल प्लाजा से मिले फुटेज के आधार पर जिन बाइक सवार दो युवकों को संदिग्ध की सूची में डालकर तलाश शुरू की थी, उनसे मिलते-जुलते हुलिये वाले युवक छिबरामऊ की मिठाई की दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। इसी मिठाई की दुकान के कैरीबैग में घटनास्थल से जांच अधिकारियों को विस्फोटक और पेट्रोल रखा मिला था। बैग मिलने के बाद ही एक टीम ने उस दुकान के सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर को कब्जे में लेकर फुटेज खंगालने शुरू किए थे। अभी तक की जांच में घटना वाले दिन घटनास्थल के आसपास भी ऐसे ही हुलिये वाले दो युवकों को देखने की बात सामने आई है, इसलिए अब एनआईए और एटीएस ने अपना फोकस इन दोनों संदिग्धों पर केंद्रित कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि चूंकि शहर की सीमाएं सील की जा चुकी हैं और बिना सघन चेकिंग के किसी भी वाहन को जिले से बाहर जाने नहीं दिया जा रहा।

साथ ही नेवादा टोल व जिले व आसपास के अन्य टोल, रेलवे स्टेशन व बस अड्डों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में दोनों संदिग्धों से मिलते-जुलते हुलिये वाले व्यक्ति की गतिविधि नहीं दिखी है। ऐसे में जांच एजेंसियां मान रही हैं कि साजिशकर्ता शहर में ही छिपे हुए हैं और जांच के ठंडा होने का इंतजार कर रहे हैं। ताकि बाद में वे जिला छोड़ सकें।

चूंकि छिपने के लिए मिश्रित आबादी के अलावा व सेंट्रल रेलवे स्टेशन के आसपास के छोटे और लो प्रोफाइल होटल मुफीद जगह माने जाते हैं। ऐसे में एजेंसियां ऐसे इलाकों के एक-एक होटल के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है।

इसके अलावा वहां के चौराहों पर लगे कैमरों की भी सीसीटीवी फुटेज को भी स्कैन किया जा रहा है।

### स्थानीय मददगारों की भी हो रही तलाश

संदिग्धों की तलाश के साथ ही एजेंसियों व पुलिस के अधिकारी उनके कथित स्थानीय मददगारों की भी तलाश कर रहे हैं। इस क्रम में प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े रहे या उनके किसी भी रूप में संपर्क में रहे लोगों को चिह्नित कर उनकी गतिविधियों की जांच की जा रही है। साथ ही पूर्व में किसी भी तरह की समाज में विद्वेष फैलाने वाली घटनाओं में शामिल रहे लोग भी एजेंसियों के रडार पर आ गए हैं।

### 500 कैमरों की फुटेज हो चुकी चेक, 50 से ज्यादा लोगों से पूछताछ

एडिशनल सीपी हरीश चंदर ने बताया कि इस घटना के सुराग तलाशने में लगी अलग-अलग टीमें अबतक 500 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों के कई सौ घंटों के फुटेज चेक कर चुकी हैं। साथ ही 50 से ज्यादा लोगों से पूछताछ की गई है। उनसे जो भी जानकारी मिली है, उसके आधार पर जांच की आगे की दिशा को तय कर अधिकारी अगले कदम उठा रहे हैं।

### 10 किलोमीटर की परिधि में हर संदिग्ध व्यक्ति पर नजर

कालिंदी एक्सप्रेस को बर्निंग ट्रेन बनाने की साजिश के मामले में अभी तक भले ही कोई व्यक्ति जांच एजेंसियों के हत्थे न चढ़ा हो, लेकिन टीमें घटनास्थल के 10 किलोमीटर के दायरे में रहने वाले हर उस व्यक्ति की पिछले कुछ समय की गतिविधियों की जांच में जुटी हैं, जो सोशल मीडिया या सामाजिक रूप से भी सरकार या देश विरोधी बात या पोस्ट कर चुका है।

# स्वाइन फ्लू रोगी की मौत, दो और रोगियों में पुष्टि

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में स्वाइन फ्लू ने दस्तक दे दी है। लालबंगला के रहने वाले स्वाइन फ्लू रोगी राधेश्याम (80) की हैलट में बुधवार दोपहर मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में मंगलवार को भर्ती किया गया था। डॉक्टरों ने बताया कि जब उन्हें भर्ती किया गया था, तब वे शॉक की स्थिति में थे। वे सांस तंत्र के रोग सीओपीडी के भी पुराने रोगी थे। इसके अलावा प्राइवेट अस्पताल में दो और रोगियों में स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। इनमें से एक महिला रोगी को बुधवार को हैलट इमरजेंसी में भर्ती किया गया। रोगी का सैंपल जांच के लिए लखनऊ भेजा जाएगा।

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के संचारी रोग नोडल अधिकारी डॉ. बीपी प्रियदर्शी ने बताया कि राधेश्याम को सीनियर फिजीशियन डॉ. एमपी सिंह के अंडर में भर्ती किया गया था। वह सिविल लाइंस स्थित एक हॉस्पिटल से रेफर होकर आए थे। उन्हें मेटरनिटी विंग के आइसोलेशन कक्ष में रखा गया था। इसके अलावा बुधवार को बादशाही नाका की रहने वाली रोगी नौलखी (50) को हैलट इमरजेंसी में भर्ती किया गया।

उन्हें भी सिविल लाइंस के हॉस्पिटल से रेफर किया गया।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# कश्मीरी की सोच बताएंगे विधानसभा चुनाव

**जम्मू-कश्मीर के चुनाव के विभिन्न दलों के स्थानीय नेता तो चुनाव प्रचार में उतर ही चुके हैं। बड़ी पार्टियों के राष्ट्रीय नेताओं की भी सभाएं शुरू हो गई हैं। जनसंपर्क अभियान चल रहा है। रोड शो निकाले जा रहे हैं। घर-घर जाकर नेता लोगों से वोट मांग रहे हैं। इस बार का विधानसभा चुनाव इस मायने में भी महत्वपूर्ण है कि कश्मीर घाटी में परिवारवादी दलों के दिन अब खत्म नजर आ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में जम्मू-कश्मीर के बुनियादी ढांचे का इस तरह विकास किया गया है कि पिछले दिनों श्रीनगर में जी-20 देशों की बैठक शांतिपूर्वक संपन्न हुई।**

*जम्मू-कश्मीर विधानसभा लिए 18 सितंबर से एक अक्टूबर 2024 तक तीन चरणों में चुनाव होने हैं। नतीजे आठ अक्टूबर 2024 को घोषित किए जाएंगे। इन चुनाव के परिणाम बताएंगे कि कश्मीर की जनता क्या चाहती है। आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में बडी तादाद में विकास हुआ। शांति लौटी। रोज की होने वाली पत्थरबाजी से जम्मू-कश्मीर की मुक्ति मिली। सिनेमा हाल खुल गए। पर्यटक आने लगे। मुहर्रम के जुलूस निकलने लगे। कश्मीर में बहुत कुछ बदल गया है, इसके बावजूद देखना यह है कि कश्मीर का मतदाता क्या इस विकास को पसंद करता है,या उसे मजहबी कट्टरता ही मंजूर है। जम्मू-कश्मीर में कुल 114 विधानसभा सीटें हैं लेकिन राज्य में विधानसभा सीटों के डिलिमिटेशन के बाद चुनाव केवल 90 सीटों पर ही होंगे। इसकी भी वजह है कि 24 सीटें पीओके यानि पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के लिए हैं। राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तनों के कारण इनमें से केवल 90 सीटों के लिए चुनाव होना तय है। वर्ष 2019 में जब जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के जरिए जब आर्टिकल 370 को हटाया गया तो राज्य में चुनावी सीटों की सीमाओं को फिर से निर्धारित करने के लिए परिसीमन प्रक्रिया शुरू की। मार्च 2020 में एक परिसीमन आयोग की स्थापना की गई। इसकी अंतिम रिपोर्ट मई 2022 में जारी की गई। इस रिपोर्ट ने विधानसभा सीटों की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 कर दी। इसमें छह सीटें जम्मू और एक कश्मीर में बढ़ी है।114 सीटों में 24 सीटें पाकिस्तान प्रशासित कश्मीर के क्षेत्रों के लिए आरक्षित हैं, इसका अर्थ है कि उन पर चुनाव नहीं लड़ा जा सकता है, इसलिए, चुनाव के लिए उपलब्ध सीटों की प्रभावी संख्या 90 है, जम्मू संभाग में 43 और कश्मीर संभाग में 47, राज्य का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद यहां पहली बार विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। राज्य में पिछले विधानसभा चुनाव दस साल पहले नवंबर-दिसंबर 2014 में हुए थे। चुनाव के बाद जम्मू और कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के गठबंधन ने राज्य सरकार बनाई। इसमें मुफ्ती मोहम्मद सईद मुख्यमंत्री बने। मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद का सात जनवरी 2016 को निधन हो गया। राज्यपाल शासन लगा पर कम समय के लिए लगा। फिर महबूबा मुफ्ती ने वहां मुख्यमंत्री पद के लिए रूप में शपथ ली। पिछली राज्य सरकार से जून 2018 में भाजपा ने पीडीपी के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। इसके बाद जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल शासन लागू हो गया। नवंबर 2018 में, जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने राज्य विधानसभा भंग कर दी। 20 दिसंबर 2018 को राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया। भाजपा की ओर से हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी घोषणापत्र जारी किया। इसमें आतंकवाद के सफाए और हिंदू मंदिरों और धार्मिक स्थलों के पुनर्निर्माण से लेकर कश्मीरी पंडितों की सुरक्षित वापसी और पुनर्वास तक, भाजपा ने कई प्रमुख वादे किए हैं। यह क्षेत्र में विकास, सुरक्षा और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए पार्टी के वादों और योजनाओं के अनुरूप है। नए जम्मू और कश्मीर के लिए 25 वादों में से, भाजपा ने जम्मू और कश्मीर को राष्ट्र के विकास और प्रगति में अग्रणी बनाने के लिए आतंकवाद और अलगाववाद को खत्म करने की कसम खाई।*

## एक्सप्रेस आलेख

**2011 के आंकड़ों के मुताबिक भारत में करीब दो करोड़ 60 लाख विकलांग हैं। हालांकि गैर-सरकारी संगठनों के मुताबिक इनकी संख्या और बढ़ी है और यह छह और सात करोड़ के बीच हैं। संबंधित सरकारी महकमों को सुनिश्चित करना चाहिए ताकि बिल्डर और आर्किटेक्ट दिव्यागों के मन-माफिक ही इमारतें खड़ी करें। दिव्यांगों को देश के बाकी नागरिकों की तरह देखा जाना चाहिए। उन्हें अहसानों की जरूरत तो नहीं पर सामाजिक सम्मान के वे अवश्य ही हकदार हैं। पेरिस पैरालंपिक के विजेताओं को भी उसी तरह से पुरस्कृत किया जाये, जैसे ओलंपिक खेलों के विजेता हुए हैं। देश में 16 किस्म की मान्य विकलांगता वें हैं।**

# पेरिस पैरालंपिक के संदेश को समझना जरूरी



आर.के.सिन्हा

**अगर पश्चिम की देशों की बात करें तो वहां पर सार्वजनिक भवनों के गेट बहुत भारी-भरकम नहीं होते, जिससे कि व्हीलचेयर पर बैठा व्यक्ति भी बिना किसी अन्य सहायता के स्वयं ही सुगमता से आ-जा सकता है। सभी प्रसाधन स्थान भी इन सुविधाओं को ध्यान में रख बनाए गए हैं।**

पेरिस में ओलंपिक खेलों में लचर प्रदर्शन के बाद पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन से सारा देश खुश है। हमारे एथलीटों ने अपने उल्लेखनीय और शानदार अविश्वसनीय प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है। इन दिव्यांग खिलाड़ियों ने शारीरिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अपने उल्लेखनीय खेल से हरेक भारतीय प्रेरित किया है। भारत ने पैरालंपिक में 29 पदकों (सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य) जीते, जो कि अबतक का एक रिकॉर्ड है। इसमें कोई शक नहीं है कि पदक तालिका में भारत का 18वां स्थान, सरकार द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन और सुविधाओं में बढ़ोत्तरी का ही प्रमाण है। इस पैरालंपिक में भारतीय कोचों और सहायक कोच भी पेरिस में खिलाड़ियों को हर तरह के सहयोग के लिए पर्याप्त संख्या में मौजूद थे। पहली बार भारतीय एथलीटों के लिए खेल गांव में एक स्पेशल रिकवरी सेंटर बनाया गया था। इससे खिलाड़ियों को चोटों से उबरने और अपनी फिटनेस को तेजी से सुधारने में मदद मिली, जिससे वे अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रख सके।भारत ने पेरिस पैरालंपिक में 77 कोच और सहयोगी स्टाफ भेजे, जो टोक्यो पैरालंपिक में भेजे गए 45 कोच और सहयोगी स्टाफ से कहीं ज्यादा थे। इससे खिलाड़ियों को बेहतर मार्गदर्शन और देखभाल मिली, जिसका सीधा असर उनके प्रदर्शन पर पड़ा। पैरालंपिक में देश की भागीदारी ने केवल 16 वर्षों में एक उल्लेखनीय छलांग लगाई है। 2008 में बीजिंग पैरालंपिक में पाँच एथलीटों के मुकाबले अब भारतीय दल 84 हो गया है। बीते रविवार को खेलों की समाप्ति से पहले भारत के पैरालंपियनों ने एक भारतीय रेस्तरां में सुस्वादु भोजन का आनंद भी लिया। हमारे खिलाड़ी जश्न के मूड में थे। ये जश्न मनाने के हकदार भी थे। यदि 2021 के टोक्यो पैरालंपिक में ही भारत ने संकेत दे दिए थे कि अब भारत पैरा स्पोर्ट्स के शिखर पर जाने को बेताब है।तो 2024 के पेरिस पैरालंपिक उस ख्वाब को भी हमारे दिव्यांग खिलाडियों ने काफी तक सच भी साबित कर दिया। एक दौर था जब भारत इन खेलों में दो-चार पदक ही ले पाता था। पर अब वह दिन चले गए। भारत अब दो अंकों में पदक हासिल कर रहा है और आसानी से अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ रहा है। बेशक, पिछले टोक्यो खेलों में भारत के 19 पदक के प्रदर्शन ने देश में पैरालंपिक खेलों को



**विकलांगों के आवास के लिए विशेष योजना बनाने की जरूरत है। व्हीलचेयर पर चलने वाली आबादी का मानना है कि कहीं भी प्रवेश की अगमता सुविधा होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक विकलांग व्यक्ति को अपने घर से बाहर लाने, कॉलेज या दफ्तर जाने के लिए, बस पकड़ने, शॉपिंग कांप्लेक्स जाने या अन्य सार्वजनिक इमारतों में प्रवेश की वैसी ही सुविधा होनी चाहिए।**

बढ़ावा देने की दिशा में एक लंबी छलांग लगाई थी। इस अर्थ में, पेरिस में यह देखना था कि क्या भारत इन खेलों में तेजी से आगे बढ़ रहा है अथवा नहीं। पैरालंपिक में हमारे श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही देश और समाज को दिव्यांगों के प्रति अधिक उदार और मानवीय रवैया अपनाना होगा। अभी भी दिव्यांगों के हक में बहुत कुछ किया जाना शेष है। क्या हमारे देश में दिव्यांगों विकलांगों के मन-माफिक घरों या कमर्शियल इमारतों का निर्माण हो रहा है? कतई नहीं। अब लक्जरी होम, सी-फेसिंग फ्लैट, एलिट होम वगैरह के दौर में कितने बिल्डर और आर्किटेक्ट सोचते भी हैं दिव्यांगों के मन-माफिक घर बनाने के संबंध में। वास्तव में, बहुत ही कम। अफसोस है कि हमारे यहां दिव्यांगो के लिए हाई-राइस बिल्डिंगों और दूसरे घरों में पर्याप्त जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर सही ढंग नहीं सोचा जा रहा। दिव्यांगों को लेकर रीयल एस्टेट कंपनियों और आर्किटेक्ट बिरादरी को ज्यादा संवेदनशील रुख अपनाना ही होगा। रीयल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े सभी स्टेकहोल्डर्स को विकलांगों और बुजुर्गों के लिए सुगम या कहें कि यूजर फ्रेंडली घर बनाने चाहिए। हालांकि भारत में रीयलएस्टेट सेक्टर ने बीते चंदेक दशकों के दौरान लंबी छलांग लगाई है,पर उन रीयल एस्टेट कंपनियों को उंगुलियों पर गिना जा सकता है जो दिव्यांगो तथा बुजुर्गों की सुविधा का ध्यान रखकर निर्माण कर रही हैं। अब उदाहरण के लिए आपको इस तरह की आवासीय और कमर्शियल इमारतें कम ही मिलेंगी जिनमें विकलांगों की व्हीलचेयर को लिफ्ट के अंदर लेकर जाया जा सकता है। लिफ्ट में इतना कम स्पेस रहता है कि व्हीलचेयर को उसके अंदर लेकर जाना मुमकिन नहीं होता। बाथरूम और किचन में कैबिनेट इतनी ऊंचाई में होते हैं कि दिव्यांग शख्स के लिए उनका इस्तेमाल करना बेहद कठिन होता है। इस तरह के मसलों को देखने की जरूरत है। अमेरिका में उन्हीं रियलटर्स को दिव्यांगों को घर मुहैया करवाने की इजाज़त दी जाती है, जो इसके लिए योग्य और प्रशिक्षित हैं लेकिन, भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है। भारत में मानसिक और शारीरिक तौर पर विकलांग लोगों को रोजाना किसी न किसी तरह के भेदभाव का सामना करना ही पड़ता है। 2011 के आंकड़ों के मुताबिक भारत में करीब दो करोड़ 60 लाख विकलांग हैं। हालांकि गैर-सरकारी संगठनों के मुताबिक इनकी संख्या और बढ़ी है और यह छह और सात करोड़ के बीच हैं। संबंधित सरकारी महकमों को सुनिश्चित करना चाहिए ताकि बिल्डर और आर्किटेक्ट दिव्यागों के मन-माफिक ही इमारतें खड़ी करें। दिव्यांगों को देश के बाकी नागरिकों की तरह देखा जाना चाहिए। उन्हें अहसानों की जरूरत तो नहीं पर सामाजिक सम्मान के वे अवश्य ही हकदार हैं। पेरिस पैरालंपिक के विजेताओं को भी उसी तरह से पुरस्कृत किया जाये, जैसे ओलंपिक खेलों के विजेता हुए हैं। देश में 16 किस्म की मान्य विकलांगता वें हैं। विकलांगों के आवास के लिए विशेष योजना बनाने की जरूरत है। व्हीलचेयर पर चलने वाली आबादी का मानना है कि कहीं भी प्रवेश की अगमता सुविधा होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक विकलांग व्यक्ति को अपने घर से बाहर लाने, कॉलेज या दफ्तर जाने के लिए, बस पकड़ने, शॉपिंग कांप्लेक्स जाने या अन्य सार्वजनिक इमारतों में प्रवेश की वैसी ही सुविधा होनी चाहिए, जैसी सामान्य लोगों के लिए होती है। देश में स्थिति यह है कि अधिकतर स्थानों पर विकलांग व्यक्ति आसानी से जा ही नहीं सकते हैं।

## एक्सप्रेस कविता

*हे ईश्वर जमीं नही दी आसमान तो दे,*
*थोड़ा सा जीने का अदद सामान तो दे।*
*बहुत की अभिलाषा आकांक्षा नहीं,*
*जीने का कोई तरीका आसान तो दे ।*
*रोज खाली हाथ लौटता हूं घर अपने,*
*किसी का भला हो ऐसा इमान तो दे।*
*बेहद ठंडी जमीं पर सोता हूं मैं रोज,*
*आकाश में नींद सोने की उड़ान तो दे।*
*बिना रोए दूध नहीं देती मां बच्चे को,*
*मांगू किसी से न कुछ ये वरदान तो दे।*
*बिना आवाज दिए देखता नहीं कोई,*
*सब एक हो जाएं कोई अजान तो दे।*
*नन्हे हाथ मेरे पहुंचते नहीं तुझ तक,*
*ज्ञान के आलोक की दुकान तो दे ।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***अपनी सीमाओ को छोड़ कर आगे बढ़ना होगा तब ही आप आगे बढ़ पाओगे, हमेशा अपने विचारों की शक्ति को महसूस करो और उसे मज़बूत बनाने पर कार्य करो***




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 22:24 तक |
| नक्षत्रः | पूर्वाषाढ़ा 21:22 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | सौभाग्य, 20:40 |
| सूर्योदयः | 06:05 |
| सूर्यास्तः | 18:20 |
| चंद्रमाः | धनु राशि में |
| राहुकालः | 10:41-12:13 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:48-12:37 |

# जन एक्सप्रेस

### करते नाम ख़राब !

*बैठ कर विदेश में ।*
*करते नाम ख़राब ।।*
*इसके बल पर हर पल ।*
*देखते हैं ख़्वाब ।।*
*हुआ नहीं सुधार ।*
*अहम है समाया ।।*
*इन्हीं का परिणाम ।*
*होता रहा सफ़ाया ।।*
*तालमेल ये ठीक नहीं ।*
*जनता रही निहार ।।*
*ऐसी चाल चलने से ।*
*है गिरता आधार ।।*
*प्रतिक्रिया तो आनी ।*
*जो आती हर बार ।।*
*धीरे-धीरे इससे ।*
*घटता पुनः प्यार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# ज्यादा चिया सीड्स खाने से हो सकता है पेट खराब



शरीर के सभी कार्यों के लिए ऊर्जा और पौष्टिक आहार की आवश्यकता होती है। आज बाजार में कई तरह के ड्राई फ्रूटस और सीड्स उपलब्ध हैं। यह सीड्स आपको आपके शरीर की जरूरत के अनुसार सभी पोषक तत्व प्रदान करने में मदद करती है। इन्हीं में शामिल चिया सीड्स का इस्तेमाल बीते कुछ वर्षों से अधिक मात्रा में होने लगा है। छोटे काले रंग के सीड्स सेहत का खजाना होते हैं। चिया सीड्स का सेवन आप कई तरह से कर सकते हैं। चिया सीड्स में कैल्शियम, ओमेगा 3 फैटी एसिड, आयरन, फाइबर, प्रोटीन और अन्य विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। आज के समय में वजन कम करने वालों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। लेकिन, एक्सपर्ट्स की मानें तो चिया सीड्स अधि मात्रा में खाने से आपको कई तरह की परेशानियां हो सकती है।

**क्या अधिक मात्रा में चिया सीड्स खाने से पाचन क्रिया पर अर पड़ता है?:** एक्सपर्ट्स की मानें तो चिया सीड्स को एक समय में अधिक मात्रा में खाना आपकी सेहत के लिए खराब हो सकता है। आगे जानते हैं कि चिया से पाचन क्रिया पर क्या प्रभाव पड़ता है।

**कब्ज की समस्या:** चिया सीड्स में घुलनशील फाइबर होते हैं, जो पानी को अवशोषित कर जैल जैसा रूप ले लेते हैं। यह फाइबर आपके पाचन तंत्र में भारीपन पैदा कर सकते हैं, जिससे कब्ज की समस्या उत्पन्न हो सकती है। खासकर अगर आप पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पीते हैं, तो चिया सीड्स आपकी आंतों में सूजन पैदा कर सकते हैं, जिससे मल त्यागने में कठिनाई हो सकती है।

**पेट में सूजन और गैस:** अत्यधिक फाइबर का सेवन करने से पेट में सूजन और गैस बन सकती है। चिया सीड्स का जैल जैसा गुण आपके पाचन तंत्र में अधिक पानी खींच सकता है, जिससे आपको भारीपन महसूस हो सकता है। जिन लोगों का पाचन तंत्र संवेदनशील होता है, उन्हें यह समस्या ज्यादा हो सकती है, और उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे चिया सीड्स का संतुलित मात्रा में सेवन कर रहे हैं।

**दस्त का खतरा:** अत्यधिक फाइबर के सेवन से पाचन तंत्र को अधिक स्टिम्युलेशन मिलता है, जिससे दस्त होने का खतरा बढ़ जाता है। चिया सीड्स में फाइबर की मात्रा अधिक होती है, और अगर शरीर इसे सही ढंग से पचा नहीं पाता, तो यह मल को ढीला और अधिक तरल बना सकता है। इसलिए, चिया सीड्स का सही मात्रा में सेवन पाचन समस्याओं को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है।

**चिया सीड्स का सेवन कितनी मात्रा में करना सुरक्षित होता है?:** फाइबर, ओमेगा-3 और प्रोटीन के अच्छे स्रोत होने के कारण, चिया सीड्स को संतुलित मात्रा में खाने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं। हालांकि, अत्यधिक मात्रा में खाने से होने वाले नकारात्मक प्रभावों से बचने के लिए यह जानना आवश्यक है कि एक दिन में कितनी मात्रा में चिया सीड्स का सेवन सुरक्षित और फायदेमंद होता है। आमतौर पर, वयस्कों के लिए 1 से 2 टेबलस्पून (लगभग 15-30 ग्राम) चिया सीड्स का प्रतिदिन सेवन सुरक्षित माना जाता है। इस मात्रा में फाइबर और अन्य पोषक तत्वों का पर्याप्त मात्रा में सेवन हो जाता है, जिससे पाचन तंत्र स्वस्थ रहता है और शरीर को आवश्यक पोषण मिलता है। अगर आप चिया सीड्स का सेवन पहली बार शुरू कर रहे हैं, तो इसे धीरे-धीरे अपनी दिनचर्या में शामिल करें और इसकी मात्रा को सीमित रखें।

## एक्सप्रेस विशेष

# उच्च शिक्षण संस्थानों के सामाजिक सरोकार



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**जो इस लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होंगे। इस वर्ष के बजट में शिक्षा के क्षेत्र के लिए अब तक का सबसे बड़ा आवंटन किया गया है। करीब डेढ़ लाख करोड़ रुपये का प्रावधान शिक्षा के क्षेत्र में किया गया है, जिसमें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के लिए का बजट शामिल है।**

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने के लिए सभी को सहयोग करना चाहिए। देश के विकास के लिए उत्कृष्टता की ओर बढ़ने की आवश्यकता है। भारत को विकसित और आत्मनिर्भर देश बनाने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। इस दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। बजट में शिक्षा, कौशल विकास, शोध के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं।**

**राज्यपाल** आनंदी बेन पटेल ने विश्वविद्यालयों को सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक बनाया है। इसके पहले विश्वविद्यालयों की भूमिका उच्च शिक्षा तक ही सीमित समझी जाती थी। दीक्षांत समारोह भी उच्च शिक्षा क्षेत्र तक ही सीमित रहते थे। आनंदी बेन पटेल ने पहली बार इस धारणा को बदलने का कार्य किया। उन्होंने यह बताया की विश्वविद्यालयों को सामाजिक सरोकारों के प्रति भी संवेदनशील होना चाहिए। ऐसा नहीं होना चाहिए की विश्वविद्यालय केवल स्नातक करने वाले बच्चों पर ही ध्यान दे। उसे तो अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों, गांव, किसान, कौशल विकास आदि सभी के प्रति अपनी भूमिका का विस्तार करना चाहिए। आनंदी बेन पटेल प्रारंभ से ही इस दिशा में कार्य कर रही है। वह दीक्षांत समारोह में आंगनबाड़ी केंद्रों को सुविधा सम्पन्न बनाने का भी संदेश देती है। बच्चों को शिक्षित और संस्कारी बनाने का संदेश देती है। उनका कहना है कि शिक्षित और सभ्य लोग ही एक शांतिमय और समृद्ध राष्ट्र के आधार स्तंभ होते हैं। शिक्षा समाज के सभी वर्गों की आकांक्षाओं को पूरा करने वाली होनी चाहिए। आंगनबाड़ी केंद्र देश की नींव होते हैं और मजबूत आधारशिला पर ही मजबूत देश का निर्माण होता है। सरकार एवं समाज को प्राथमिकता से आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं वहाँ पढ़ने वाले बच्चों पर ध्यान देना चाहिए। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने हेतु देश का एक भी बच्चा अनपढ़ ना हो, सभी को शिक्षा मिले, बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच हो, कुपोषित बच्चों को जन्म देने वाली गर्भवती माताओं का सुपोषण युक्त आहार सुनिश्चित हो। घर एवं आंगनबाड़ी केंद्र से बच्चों को संस्कार मिलता है तथा विभिन्न अनुसंधानों के अनुसार सात से आठ वर्ष की उम्र में बच्चे जीवन का अस्सी प्रतिशत चीज सीखते हैं। अतः घर एवं आंगनवाड़ी का वातावरण अच्छा होना चाहिए तथा बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाने चाहिए। आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ने वाले बच्चों के घर के परिस्थितियों की जानकारी भी शिक्षकों को होनी चाहिए और हम लोग जहां रहते हैं वहां अधीनस्थ कर्मियों के बच्चों की शिक्षा हेतु भी सक्रिय रूप से कदम उठाने चाहिए। हमें हमारे संस्कार और परंपरा को कभी नहीं भूलना चाहिए। राज्यपाल जी की प्रेरणा से प्रदेश भर में अब तक सोलह हजार से अधिक किटों का वितरण किया जा चुका है। विश्वविद्यालयों और संस्थानों की भूमिका इस दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण है। आनंदीबेन पटेल ने स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के समारोह में आंगनवाड़ी केंद्रों को किट वितरित किए। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि वे इन किट्स का उपयोग केंद्र के बच्चों के हित में करें। जिस भी आंगनबाड़ी में ये किट प्रदान की गई है, वहाँ बच्चों की संख्या में वृद्धि देखी गई है। आंगनबाड़ी छोटे और गरीब घरों के बच्चों की शिक्षा और विकास के लिए काम करती है। उन्हें विश्वविद्यालयों के साथ जोड़ने की आवश्यकता है। बल जन भागीदारी के बिना कोई भी राष्ट्र प्रगति नहीं कर सकता। आंगनबाड़ियों को ऊपर उठाने के लिए जन भागीदारी को बढ़ावा देना होगा। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के द्वितीय दीक्षांत समारोह में भी राज्यपाल ने दो सौ आंगनबाड़ी किट का वितरण किया। इनमें से सौ किट विश्वविद्यालय द्वारा और सौ किट जिला प्रशासन शामली द्वारा प्रदान की गईं। इसके अलावा, प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को मिष्ठान, फल और पुस्तकें उपहार स्वरूप प्रदान की गईं। राजभवन की तरफ से भी इन विद्यार्थियों को दो सौ पुस्तकें प्रदान की गई। राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के कार्य विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के साथ समन्वय स्थापित कर करते रहें। उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि गुजरात में मेडिकल की पढ़ाई करने वाली लड़कियों की फीस माफ की गई थी, जिससे शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाया जा सके। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करना ही विकसित भारत का लक्ष्य है। प्रशिक्षण और शिक्षण को बेहतर बनाना होगा। यह सुनिश्चित करना होगा कि सरकार की योजनाओं का लाभ सभी लोगों तक पहुंचे। शिक्षक केवल ज्ञान के प्रसारक ही नहीं होते, बल्कि वे जीवन के मार्गदर्शक भी होते हैं। उनकी शिक्षा और प्रेरणा से ही विद्यार्थियों का व्यक्तित्व और सोच विकसित होती है। शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समाज में परिवर्तन लाने के लिए उनके प्रयास अद्वितीय होते हैं। विद्यार्थियों को अकादमिक ज्ञान के साथ जीवन की महत्वपूर्ण सीख भी देनी चाहिए।

# मामला कुछ और बना दिया कुछ और रस्सी का सांप बनाने में माहिर हैं महेवागंज पुलिस




**चौकी के दलाल बिछाते अपना जाल 20 हजार रुपए में मामले में करा देंगे सुलह सिर्फ दाम का काम पीड़ित की गरीबी ने लगाएं न्याय पर विराम**



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। यह पब्लिक है सब जानती है अंदर क्या है बाहर क्या है सब पहचानती है।यह बात खाकी की खुलासे एनकाउंटर सभी जानते हैं।अपराधी के पास कहा से आया तमंचा कहा से नशीला पदार्थ सभी जानते हैं लेकिन खाकी के सामने सब नतमस्तक दलाल लगे हैं।चौकी कोई पीड़ित जाता है और उसका सर फटा गया है पास में शिकायती पत्र लिखे जाते प्रार्थना पत्र आया काम चालू चालू हो गया धन उगाही का खेल बस कोई पीड़ित आए उसको इतना डराया जाए मुकदमा लिख दिया जाएगा पूरे घर को जेल में डाल दिया जाएगा अगल-बगल के नंबर लिख लिए गए वीडियो बना लिया गया पीड़ित के हाथ पांव फूल गए विपक्षी भी थर-थर कांप रहा फिर जो मुंह से निकला रोकड़ा डाल दिया पुलिस के आगे इस तरह के कार्यों से चल रही पुलिस बताते चलें पीड़िता शहनाज़ पत्नी खलील उर्फ छैला ग्राम शिवाला पुरवा पोस्ट मिदनिया महेवागंज चौकी कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी रहने वाली ने बताया उसका पुत्र नसीम 19 वर्ष जिसे शाजिया पुत्री स्व निजामुद्दीन ग्राम पंचायत सिंघानिया चौकी महेवागंज कोतवाली सदर लखीमपुर खीरी पुत्र से शादी करना चाहती थी जिसमें पीड़िता की रजामंदी थी पीड़िता नाई जाति की थी और शाजिया अंसारी थी जिस कारण शादी नहीं हो सकी घटना दिनांक 22-7-2024 को शाजिया ने पूरनपुर के लड़के से शादी कर ली और उसी दिन नसीम की शादी की तारिक हो गई।शाजिया ससुराल चली गई नसीम दिल्ली में काम कर रहा है। अचानक बिना कोई वाद विवाद के पुलिस द्वारा पीड़िता को महेवागंज चौकी बुलाया गया बाद में मालूम हुआ है शाजिया ने ससुराल से आकर शिकायती पत्र दिया जिसमें पीड़िता व उसके पुत्र नसीम और छोटे पुत्र के खिलाफ शिकायत की जब कोई वाद-विवाद नहीं तो शिकायती पत्र क्यों दिया गया। पीड़िता काफी भयभीत हैं किसी न किसी मामले में पीड़िता को शाजिया द्वारा षड्यंत्र कर दिनांक 21-10-2024 को पुत्र नसीम की शादी रुकवाई जाएगी पुत्र सवा महिने से घर पर नहीं दिल्ली में ही है सिर्फ प्रताड़ित किया जा रहा है जो पीड़िता के न्याय हित में नहीं है।महेवागंज पुलिस बिल्कुल खुलकर सामने उतर आई है वहीं विपक्षी की पैरवी कर रही है रही बात लड़की की उसने शादी कर लिया और पति के साथ रही पीड़िता का लड़का बाहर चल गया क्या बीत रही होगी उस मां-बाप पर जिसने अपनी लड़की की शादी पीड़िता के लड़के से तय की उस बच्ची के भविष्य के बारे में कोई नहीं सोच रहा बेटी तो बेटी होती है।एक ऐसी बेटी जो शादी के सपने देख रही उन सपनों में ग्राहण लग गया एक बेटी जिसका प्रेमी पति सब शादी कर चुकी और एक बेटी ऐसी शादी की तैयारी कर रही है।जो शादी हो सकती है और नहीं भी हो सकती है यह किस्मत का खेल है और महेवागंज पुलिस की भ्रष्ट कार्यशैली दलाल और धनउगाही में जुटी महेवागंज पुलिस जायज नाजायज अच्छा बुरा कुछ नहीं देख रही है। ख़बर लिखे जाने तक विपक्षी लड़की महेवागज चौकी में है पीड़िता को भी चौकी बुलाया गया आगे क्या होगा भविष्य के गर्भ में है।

# सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक सामान्य निकाय बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



सहकारी गन्ना विकास समिति की वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक केन ग्रोवर्स नेहरू महाविद्यालय में सम्पन्न हुईइकार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरी रहे।विधायक ने बैठक में गन्ना प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि गन्ना किसान इस क्षेत्र के विकास की रीढ़ हैं। यूपी के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गतवर्ष 180 करोड़ रु0 बकाया धनराशि का गन्ने का भुगतान कराया गया और समय समय पर भुगतान व्यवस्था अगले सत्र में नियमित होगी एवं सत्र चलने से पहले गन्ना किसानों का बकाया भुगतान उनके खातों में पहुंचाने का प्रयास किया है। गन्ना प्रतिनिधियों के मानदेय के बावत विधायक ने गुलरिया, कुम्भी और गोला तीनों मिलों के प्रबंधक और सहकारी गन्नाविकास समिति के सचिव को मानदेय उपहार स्वरूप सम्मान देने का आग्रह किया। इसके साथ ही विधायक अमन गिरी ने योगी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यूरिया, कीटनाशकों, कृषि यंत्रों पर छूट के साथ ही गन्ना बीज, पेड़ी प्रबंधन हेतु जुताई व छिड़काव की व्यवस्था सहकारी समिति के द्वारा कराए जाने के बारे में बताया। विधायक ने कहा कि किसानों और मजदूरों के हक की लड़ाई में वह कंधे से कंधा मिलाकर अपने किसानों व मजदूरों के साथ रहेंगे।
इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुरजन लाल वर्मा, विधान सभा संयोजक अवधेश मिश्र, निवर्तमान अध्यक्ष/चैयरमेन सुरेश चंद्र वर्मा, आशीष कुमार सिंह संचालक सदस्य/पूर्व चैयरमेन, ईश्वरदीन वर्मा पूर्व चैयरमेन, बादाम सिंह संचालक सदस्य, रामू अवस्थी संचालक सदस्य, रामराखन बाजपेई पूर्व संचालक सदस्य, बलवंत कुमार चौधरी सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति,ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष कुमार मधुकर सहित सम्मानित किसान उपस्थित रहे।

# लिफ्ट देने वाले युवक के इशारे पर हुई थी नेपाली नागरिक से पौने तीन लाख की लूट

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा पर स्थित गंगानगर के पास नेपाली नागरिक से नेपाली मुद्रा के पौने तीन लाख रुपये की लूट का खुलासा भले ही पुलिस अभी नहीं कर पाई हो, लेकिन दर्ज एफआईआर ने पुलिस की खुलासे की दिशा में राह काफी आसान कर दी है। नेपाली नागरिक ने लिफ्ट देने वाले बाइक चालक की संलिप्तता बताते हुए उसे नामजद कर दो अज्ञात लुटेरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।बताते दें कि बुधवार को पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के जिला कैलाली के थाना सुखड के गांव शीतलपुर निवासी टीकाराम बटाला बाइक से कस्बा तिकुनिया आया था और दुर्गा इलेक्ट्रॉनिक से पौने तीन लाख नेपाली करेंसी लेकर अपने घर वापस जा रहा था।बनवीरपुर-दीपनगर में गांव गंगानगर गुरुद्वारे के पास पहले से बाइक के साथ खड़े दो बदमाशों ने उसे रोक लिया और तमंचा लगाकर नकदी व उसका मोबाइल लूट ले गए थे। कोतवाली तिकुनिया पुलिस ने नेपाली नागरिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की है, जिसमें उसने कहा है कि वह अपने घर (नेपाल) से रिश्तेदार द्वारा भेजे गए रुपये लेने तिकुनिया जा रहा था। मोहना नदी के दीपनगर घाट पहुंचा और वहां मौजूद दीपनगर निवासी मंजीत सिंह से उसने तिकुनिया पहुंचने के लिए मदद मांगी। मंजीत सिंह उसे तिकुनिया लाया। उन्होंने दुकान स्वामी से पौने तीन लाख रुपये लिए और बाजार में खरीदारी करने के बाद मंजीत के साथ ही वापस दीपनगर घाट जा रहा था। गंगानगर के निकट पहले से बाइक लेकर खड़े दो बदमाशों ने मंजीत सिंह के साथ मिलकर उसे तमंचा दिखाकर रुपये लूट लिए और तीनों भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित टीकाराम बटाला की तहरीर के आधार पर मंजीत सिंह व दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान: डीएम ने ली जागरूकता व तैयारी बैठक, दिए निर्देश



**स्वच्छता की भागीदारी में सभी का सहयोग जरूरी: एडीएम**

एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता की भागीदारी के अन्तर्गत सार्वजनिक भागीदारी व स्वच्छता के जन–आंदोलन में सभी नागरिकों के जुड़ाव हेतु विभिन्न आई.ई.सी. गतिविधियां करायी जानी है। इसमें सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वच्छ सारथी क्लब व अन्य द्वारा भी स्वच्छता की भागीदारी में सहयोग भी अपेक्षित है। स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम में समस्त नागरिकों की स्वच्छता में भागीदारी हेतु श्रमदान का आह्वान किया, जिससे कि जिले में पूर्ण स्वच्छता एवं व्यवहार परिवर्तन प्राप्त किया जा सके।

- **डीएम बोली, स्वच्छता के प्रति बढ़ाया आपका एक कदम, जिले को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त बनाने में करेगा मदद**
- **स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलेगा अभियान**
- **डीएम की अपील, स्वच्छता का करें मिलकर सभी पालन, स्वच्छ हो हर घर आंगन**

**ईओ ने अभियान की बताई तैयारिया**

ईओ संजय कुमार ने गत वर्षो की स्वच्छता की सेवा की तुलनात्मक उपलब्धियां बताई। उन्होंने स्वच्छता की भागीदारी के तहत श्रमदान और जन जागरूकता अभियान के तहत कराए जाने वाली गतिविधियों की तैयारिया को भी रेखांकित किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आप सभी के सहयोग से इसबार टॉप फाइव में आने का हर संभव प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में समाजसेवी, नपाप लखीमपुर की स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर मधुलिका त्रिपाठी, सभासद राकेश मिश्र ने भी अपनी सारगर्भित विचार व्यक्त किए।

**इनकी रही मौजूदगी**

कार्यक्रम में नपाप लखीमपुर की स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर मधुलिका त्रिपाठी, सभासद राकेश मिश्र,शमसुल हसन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मुरारी लाल विशाल शुक्ला, जेई अमरदीप, जितेंद्र वर्मा डीपीएम विक्रांत वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, संभ्रांत नागरिक गण मौजूद रहे।

**सड़कों पर खुली गाय छोड़ने पर मालिक को देना होगा दो हजार का जुर्माना: डीएम**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वच्छता के प्रति बढ़ाया आपका एक कदम, जिले को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त बनाने में मदद करेगा। आग्रह किया कि गोवंश को खुले में कतई ना छोड़ें। पकड़े गए गोवंश छुड़वाने के लिए दो हजार का जुर्माना अदा करना होगा। आमजन से नालियों पर जाली लगवाने का आग्रह करते हुए बताया कि इससे कूड़ा नालियों में नही जायेगा। पानी का प्रवाह भी नहीं रुकेगा। नालियों की सफ़ाई में सुलभता होने के साथ–साथ वेक्टर जनित रोगों में गिरावट भी आएगी।

**चुने जिंदगी, तंबाकू नहीं: डीएम**

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तंबाकू सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव बताकर इसका प्रयोग न करने का आग्रह किया। कहा कि तंबाकू खाकर अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कदापि ना करें। बैठक में आमसहमति से निर्णय लिया कि सार्वजनिक स्थलों पर इसके प्रयोग कर गंदगी फैलाने पर ?2000 का जुर्माना वसूला जाए।

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

बुधवार स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय)द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य निकायों में चलाये जाने वाले स्वच्छता कार्यों की तैयारियों और जागरूकता को लेकर गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह की उपस्थित में कलेक्ट्रेट में बैठक की। बैठक का संचालन ईओ संजय कुमार ने की।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के स्वर्णिम 10 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को वृहद जन सहभागिता के साथ मनाए जाने के लिए स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता थीम पर एक 15 दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम की रचना की गयी है।
इसमें स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता और सफाईमित्र सुरक्षा तीन प्रमुख घटक हैं।

# स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता की थीम पर चलाया जायेगा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक सम्पन्न हुई जिसमें दिनांक 14 सितम्बर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2024 के क्रियान्वन के विषय में चर्चा की गई। यह अभियान ''स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता'' की थीम पर चलाया जायेगा, जिसके अन्तर्गत व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने के साथ परम्परागत कचरा वाले चुनौतीपूर्ण स्थलों को चिन्हित करके उन्हें साफ करने का वृहद अभियान चलाने, स्वच्छता कर्मियों के योगदान को पहचाननें, पिछले दशक की उपलब्धियों का उत्सव माननें और सम्पूर्ण स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता सुनिश्चित की जानी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि शासनादेश में दिये गये प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जाये तथा नागरिकों, समुदायों एवं संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित की जाये। अभियान के दौरान व्यापक जन-जागरूकता, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता से संबंधित प्रतियोगिताएं, मैराथन एवं एक पेड़ माँ के नाम थीम के साथ पौधरोपण अभियान चलाया जाये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि सभी विकास खण्डों एवं नगरीय निकायों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराये जायें। विद्यालयों एवं कार्यालयों में स्वच्छता की शपथ दिलाये जाने के साथ-साथ पखवाड़े के दौरान स्वच्छता संवाद, स्वच्छता रैलियों, मानव श्रृंखला, स्वच्छता चौपाल, विशेष वार्ड बैठकें एवं ग्रामसभा की बैठक भी आयोजित करायी जायें। शैक्षिक संस्थानों, स्कूलों एव आंगनबाड़ी केन्द्रों में कविता, निबंध, चित्रकला एवं पोस्टर आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करायी जायें। युवाओं को भी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से इसमें सम्मिलित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक स्थल चिन्हित करते हुये सफाई से पूर्व के फोटोग्राफ एवं सफाई के बाद के फोटोग्राफ संकलित किये जायें तथा उन्हें संबंधित पोर्टल पर अपलोड किया जाये। कार्यालयों, बाजार क्षेत्र, पर्यटन स्थलों पर विशेष अभियान चलाया जाये तथा सामुदायिक शौचालयों की रंगाई-पुताई भी करायी जाये। अभियान हेतु ब्रांडएम्बेस्डर भी चिन्हित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सम्पूर्ण पखवाड़े हेतु कलेण्डर जारी करते हुये इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये।

# सांड के हमले से किसान की दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



क्षेत्र के गांव भुइहरा में खेत पर अपनी फसल की रखवाली करने गए एक वृद्ध किसान को छुट्टा सांड ने हमला कर पटक पटक कर मौत की नींद सुला दिया है। खेत से वापस न आने पर घर वालों ने जाकर देखा जहां वह मृत अवस्था में पड़े मिलने से कोहरा मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। पुलिस के अनुसार गांव भुइहरा में सुरेंद्र कुमार सिंह 59 वर्ष बुधवार की शाम खेतों में खड़ी गन्ने की फसल की रखवाली करने गए शाम 5 बजे करीब घर से गए थे। खाना खाने के समय तक वापस न आने पर उनके पुत्रों ने तलाश करने खेतों पर गए जहां वह घायल अवस्था में मृत पड़े मिले थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था। गुरुवार को पोस्टमार्टम हाउस से शव वापस आते ही गांव में पहुंचने पर चीख पुकार मच गई है। मृतक अपने पीछे पत्नी मंजू देवी, पुत्र संदीप सिंह, अरविंद सिंह और पुत्री गुड्डी देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। आवारा गोवंशीय पशुओं के हमले से अब तक कई किसानों की जान जा चुकी है। घटना को लेकर ग्रामीणों में रोष है। निरीक्षक इंद्रजीत सिंह ने बताया किसी अनहोनी घटना से निपटने को लेकर गांव में भारी मात्रा में पुलिस बल लगाया गया है।

# चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही हैं

**पुलिस शातिर चोरो पर अंकुश लगाने में नाकाम**

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी

नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती ही जा रही है। पुलिस शातिर चोरो पर अंकुश लगाने में नाकाम दिखाई दे रही है। ताजा मामला नगर के मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा गर्ग क्रेशर के पास का सामने आया है जहां एक किराने की दुकान पर बैठी महिला के सोने के कुन्डल छीनकर भाग गये। बताते चले कि शाहजहांपुर मार्ग पर मोहल्ला पूर्वी लखपेड़ा में गर्ग क्रेशर के निकट मुन्नी देवी अपनी किराने की दुकान चलाती है। कल शाम मुन्नी देवी अपनी किराने की दुकान पर बैठी थी तभी दो युवक बाइक पर सवार होकर आये और मुन्नी देवी की दुकान के सामने बाइक रोक दी और एक युवक मुन्नी देवी की दुकान पर कोई सामान लेने के बहाने आया और मुन्नी देवी के कान में पहने सोने के कुन्डल नोच कर भाग गया। मुन्नी देवी चोर चोर चिल्लाती रही तब तक यह लुटेरे कुन्डल लेकर फरार हो गये। मुन्नी देवी ने कोतवाली में तहरीर देकर लुटेरो के विरूद्ध कार्यवाही की मांग करते हुए कुन्डल बरामद किये जाने की मांग की है। अब देखना यह है कि पुलिस इन लुटेरो को पकड़ पाती है या नहीं।

# हज़रत इमाम हुसैन की याद में आठवीं का जुलूस प्रशासन की निगरानी में निकाला गया



ऐतिहासिक आठवीं के जुलूस के दौरान वर्ष 2011 में हुए विवाद के बाद पुलिस व प्रशासन लगातार जुलूस पर कड़ी नजर रखता है। जहां एक ओर जामा मस्जिद के पास सीसीटीवी कैमरे लगे थे वहीं जुलूस की सुरक्षा में महमूदाबाद कोतवाली व 05 थानों के एसओ, दो सेक्शन पीएसी के लगाये गये थे। जुलूस के दौरान एसडीएम, सीओ तथा एलआईयू के अधिकारी पल पल कड़ी नजर रख रहे थे। जुलूस में आगे और पीछे पीएससी के जवानों के साथ–साथ पुलिस का घेरा चल रहा था। वहीं कोतवाली प्रभारी, सीओ व एसडीएम तथा नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी भी जायजा लेते साथ में चल रहे थे। जामा मस्जिद से गहवारा निकलने के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**महमूदाबाद।** ऐतिहासिक किला महमूदाबाद से हजरत इमाम हुसैन अस्करी की शहादत की याद में गुरुवार को प्रसिद्ध आठवीं का जुलूस वरिष्ठ प्रशानिक अधिकारियों की मौजूदगी में भारी संख्या में पुलिस एवं पीएसी के जवानों की कड़ी सुरक्षा के बीच गमगीन माहौल में निकलकर कर्बला पहुंचा। सायं करीब पांच बजे किले की शाहीजरी एवं कर्बला के 72 शहीदों के ताबूत सुपुर्दे खाक किए गए। अंजुमनों द्वारा छुरी का मातम, छोटी तलवारों से सिर पर कमां का मातम और नौहाख्वानी की गई।
रात में आग का मातम हुआ। भारी गमगीन माहौल में कर्बला के शहीदों को अंतिम विदाई देते समय लोगों की आंखें छलक पड़ी। महमूदाबाद कोतवाल अनिल सिंह के साथ तंबौर, सदरपुर, रामपुर मथुरा, अटरिया, रामपुरकलां समेत पांच थाना प्रभारी, 25 एसआई, 70 एचएम व आरक्षी, दो सेक्शन पीएसी के जवान एसडीएम शिखा शुक्ला व सीओ दिनेश शुक्ल के नेतृत्व में जुलूस की सुरक्षा में लगे थे। आधा दर्जन महिला आरक्षियों के साथ पीएसी के जवानों की कड़ी सुरक्षा तथा जामा मस्जिद एवं आस-पास के 12 मकानों की छतों पर मुस्तैद सशस्त्र पुलिस, पीएसी जवानों की पैनी निगरानी के बीच किला महमूदाबाद से राजा मो. अमीर खां की अगुवाई में आठवीं का जुलूस निकला।

**सरे राह चलते छात्रा को मनचले ने छेड़ा मोहल्ले के लोगों ने पड़कर पुलिस को सौपा**

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। नगर में बुधवार को स्कूल जा रही एक छात्रा से सरे राह छेड़छाड़ की गई। मोहल्ले के लोगों ने युवक को पकड़ कर पिटाई कर दी फिर पुलिस के हवाले कर दिया। नगर में इन दिनों उचक्के और सोहदो के मन बढ़े हैं। बहू बेटियों से फब्तियां कासना आम बात है। बुधवार को तो हद हो गई। भूतनाथ रोड से कई छात्राएं सुबह स्कूल जा रही थी। तभी एक युवक ने सरे राह उनसे छेड़खानी कर दी। छात्राएं परेशान हुई ।तो मोहल्ले के लोगों ने युवक को दबोच लिया और सबक सिखाते हुए पुलिस को सूचना देते हुए नानक पुलिस चौकी के हवाले कर दिया। जबकि पुलिस एंटी रोमियो स्क्वाड की सक्रियता का हवाला देते हुए थक नहीं रही है। इस पूरे मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर बड़ी ही तेजी से वायरल हो रहा है।

# सपाइयों में सदस्य विधान परिषद के उप नेता चुने जाने पर जबरदस्त उत्साह की लहर

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



**लहरपुर।** सदस्य विधान परिषद में उप नेता चुने जाने के बाद जासमीर अंसारी का नगर के और क्षेत्र के लोगों ने दिल खोलकर स्वागत किया हर दिल अजीज जासमीर अपनी बिंदास और खुश मिजाजी के कारण युवाओं का मॉडल माने जाते हैं जिनके साथ हिंदू और मुस्लिम दोनों हमेशा बने रहते हैं इधर की राजनीति में जबरदस्त फेर बदल देखा गया कैसर जहां का नगर पालिका का चुनाव हारना अपने आप में आश्चर्य माना गया जिसमें एक सपा नेता ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी इसके बाद राजेश वर्मा का चुनाव बहुत दिलचस्पी के साथ देखा गया जहां 8-10 जिलों के भीतर अकेले सपा विधायक बनने वाले अनिल वर्मा का हौसला काफी बुलंद है वहीं पर जा समीर अंसारी जैसे युवा नेता को समाजवादी पार्टी ने पहला पदक विधान परिषद इसके बाद उप नेता बनकर इनके महत्व को रेखांकित किया है नगर अध्यक्ष मेराज महबूब की अगुवाई में समाजवादी पार्टी की एक विशाल भीड़ जा समीर के दरवाजे पर फूल माला के साथ पहुंची तथा उनका भव्य स्वागत किया मेराज महबूब ने कहा जासमीर अंसारी का कोई जोड़ नहीं और ना ही कोई विकल्प है।

## संचालक पद पर तीन नामांकन दाखिल

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक क्षेत्र के बी पैक्स गोकन में संचालक के एक पद पर चुनाव के लिए तीन लोगों ने पर्चा दाखिल कर देने से सरगर्मी तेज हो गई है ।चुनाव अधिकारी परवेज आलम सहयोगी सचिव विशेष कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से बताया संचालक के एक पद रिक्त होने पर उपचुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन के दिन मोहित कुमार, नवाब सिंह और शिवशरन यादव ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। 13 सितंबर शुक्रवार को नामांकन पत्र की जांच कर प्रदर्शन किया जाएगा। 17 सितंबर को नाम वापसी प्रक्रिया के बाद संभव होगा तो चुनाव 19 सितंबर को कराए जाएंगे।

# आधी रात घर में घुसा तेंदुआ, ग्रामीणों की उड़ी नींद, रातभर की पहरेदारी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

जिले में वन रेंज धौरहरा के घूसाखुर्द घोसियाना में इन दिनों तेंदुए का आतंक है। बुधवार रात तेंदुआ शिकार के इरादे से एक ग्रामीण के घर में घुस गया। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कॉम्बिंग की। तेंदुए से भयभीत ग्रामीण रात भर जागते रहे। धौरहरा वन रेंज के घूसाखुर्द घोसियाना गांव में बीती रात तेंदुआ गांव के रामकुमार के घर में घुस आया। ग्रामीणों के शोर मचाने और मशाल जलाने से तेंदुआ खेतों की तरफ भाग गया। तेंदुए से भयभीत ग्रामीण हाथों में डंडे लाठी लेकर रात भर जाग कर गांव में पहरेदारी करते रहे। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम गांव पहुंची और ग्रामीणों के साथ कॉम्बिंग की। बता दें कि 15 दिन पूर्व से एक 18 वर्षीय युवक सद्दाम अली पुत्र सहजाद लापता है। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुए ने उसका शिकार किया है। लेकिन उसका शव बरामद न होने से वन विभाग घटना से पूरी तरह इंकार कर रहा है।वहीं लगातार गांव में तेंदुए का आने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है।

# जिला उद्योग कार्यालय में भ्रष्टाचार का बोलबाला, औद्योगिक विकास प्रभावित

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जनपद में औद्योगिक विकास के लिए सरकार द्वारा संचालित जिला उद्योग केन्द्र कार्यालय में पदस्थापित जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह की देखरेख में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन करने की व्यवस्था निर्धारित है। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर महिलाओं व पुरुषों के रोजगार सृजन की योजनाएं प्रदत्त करना है। सरकार के मंशानुरूप जिले में बेरोजगार नौजवानों, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों को रोजगार परक सुविधाएं उपलब्ध कराया जाना है। परंतु जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह ने पदस्थापना काल से ही जिला उद्योग कार्यलय में भ्रष्टाचार की ऐसी बदबू फैलाई कि जिले की औद्योगिक आबोहवा पूरी तरह बदबूदार हो गई है।

### निजी कर्मचारी कुर्सी संभाले कर रहा धन उगाही

जिला उद्योग उपायुक्त कार्यालय का एक विडियो विगत दिनों से सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिससे एक प्राइवेट कर्मचारी कार्यलय में कुर्सी संभाले आवेदकों के आवेदन पत्रों की जांच कर रहा और उसे एक रजिस्टर में सूचीबद्ध कर रहा है। जानकारी के मुताबिक वायरल विडियो में जो शख्स आवेदन पत्रों की जांच कर रहा है वह उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह का निजी वाहन चालक है जो आवेदकों को एक निजी रजिस्टर में सूचीबद्ध कर उद्योग उपायुक्त के निर्देशानुसार धन वसूली करता है। जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ का प्रदेश सरकार के सभी विभागों को सख्त निर्देश है कि किसी भी सरकारी कार्यालयों में प्राइवेट व्यक्ति से काम नहीं लिया जाए, क्योंकि जिम्मेदारों के धन उगाही के मुख्य केंद्र बिंदु निजी सहायक ही होते हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए जब जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू के मोबाइल फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने फोन काल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा,जो चोर की दाढ़ी में तिनका वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है।




### धन उगाही कर अपात्रों को दिया जाता है योजनाओं का लाभ

सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभार्थी आनलाइन आवेदन करते हैं, योजनाओं का प्रशिक्षण भी प्राप्त करते हैं परंतु लाभार्थियों को बिना पात्रता के ही पात्र बनाने के खेल में जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह द्वारा जमकर रिश्वत की बदबू फैलाई जा रही है। जहां विश्वकर्मा सम्मान योजना में दो से तीन हजार रुपए प्रति आवेदक से वसूल कर अपात्रों को लाभ पहुंचाया जा रहा है।

### शांति सामाजिक सेवा संस्थान अध्यक्षा ने डीएम से की थी उपायुक्त के भ्रष्टाचार की शिकायत

बताते चलें कि विगत दिनों शहर के राम गुलाम टोला मुहल्ला निवासिनी शांति सामाजिक सेवा संस्थान की अध्यक्षा शशि प्रभा सिंह ने जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह पर धन उगाही कर अपात्रों को योजनाओं का लाभ देने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा थी, जिलाधिकारी ने पत्रक का संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश भी दिया था, लेकिन जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह की शासन में ऊंची पहूंच के कारण मामला ठंडे बस्ते में चला गया है।

### उद्योग उपायुक्त अपने निजी ड्राइवर से कराती हैं धन उगाही: शशि प्रभा सिंह



शांति सामाजिक सेवा संस्थान की अध्यक्षा शशि प्रभा सिंह ने वायरल विडियो के संबंध में कहा कि जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू सिंह बिना रिश्वत लिए कलम नहीं चलातीं है, उन्होंने बताया कि महिलाओं को रोजगार परक बनाने के सरकार द्वारा जारी सिलाई मशीनें अभी तक पात्र लाभार्थियों को नहीं उपलब्ध कराई गई है तथा जिन्हें सिलाई मशीन उपलब्ध कराया गया है उन्हें पूरा किट नहीं दिया गया है सिलाई मशीन का मोटर,उन बाइंडिंग की मशीन की उद्योग उपायुक्त द्वारा पात्र लाभार्थियों को नहीं उपलब्ध कराया गया है और लाभार्थियों को मिलने वाली टूल किट औने-पौने दामों में बाजार में बेचा जाता है। शशि प्रभा सिंह ने बताया कि जिला उद्योग उपायुक्त खुशबू का निजी ड्राइवर आवेदकों से धन उगाही कर अपात्रों को पात्र बनाने में मुख्य भूमिका निभाता है। जिला प्रशासन को इसकी जांच करानी चाहिए तथा जिले के औद्योगिक विकास और पात्र बेरोजगार नौजवानों व महिलाओं को रोजगार परक बनाने के दृष्टिगत खुशबू सिंह जैसी रिश्वत की बदबू फैलाने वाली अधिकारी को जिले से सेवा मुक्त करा देना जाना चाहिए।

# जनहित में कार्य करना जनप्रतिनिधियों का दायित्व: ई.सरवन निषाद

* विधायक के निर्देश पर सोनबरसा में शुरू हुआ नाली निर्माण

जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा



चौरी चौरा विधायक ई सरवन निषाद के निर्देश पर सोनबरसा में नाली निर्माण कार्य प्राथमिकता पर विभाग ने शुरू करा दिया है। नाली निर्माण नहीं होने से स्थानीय ग्रामीणों और व्यापारियों ने नाराजगी जताते हुए विधायक से मांग करते हुए नाली निर्माण की आवश्यकता जताई था,जिसके बाद विधायक श्री निषाद ने लोक निर्माण विभाग और अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि तत्काल नाली निर्माण कार्य शुरू कराया जाए, तत्पश्चात विभाग ने सोनबरसा में नाली निर्माण कार्य शुरू कर दिया है।

### लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार बख्शे नहीं जाएंगे

विधायक ने कहा कि जनता के हितों को ध्यान रखना जनप्रतिनिधि की प्राथमिकता होनी चाहिए । उन्होंने कहा की नाली निर्माण नहीं होने से स्थानीय व्यापारियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता और जलजमाव की समस्या से जूझना पड़ता इसको ध्यान में रखकर निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है । उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार में बजट की कोई कमी नहीं है। सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगातार उत्तर प्रदेश और चौरी चौरा विधानसभा में विकास कार्य जोर शोर से कराए जा रहे हैं। जनहित के कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी या कर्मचारी किसी भी हाल में बख्शे नहीं जाएंगे। सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के सरकार के नारे को आगे बढ़ाना है।

# भारत से नेपाल कंटेनर से ले जाया जा रहा लाल चंदन कस्टम ने फिल्मी अंदाज में पकड़ा



* कस्टम विभाग की टीम ने ढाई करोड़ की लाल चंदन की लकड़ी को नेपाल बॉर्डर से पहले पकड़ा

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

**सोनौली।** कस्टम विभाग की टीम ने बेशकीमती लाल चंदन की लकड़ी को एक कंटेनर से पड़कर अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुट गई। यह जानकारी कस्टम डीसी ने गुरुवार को दीं ।बंद कंटेनर के दरवाजे को कस्टम विभाग की टीम ने गैस कटर से काटकर लाल चंदन की लकड़ी को बरामद किया।लाल चंदन की बेशकीमती लकड़ी नौतनवा के एक गोदाम से कंटेनर में लोड करने के बाद नेपाल भेजीं जा रही थी। जबकि कस्टम विभाग के डीसी द्वारा सर्च वारंट पर टीम गठित कर एक गोदाम पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान गोदाम में रखी गई एक टन चंदन की बेशकीमती लकड़ी बरामद हुई। नौतनवा कस्टम कार्यालय के बगल में देश की मिट्टी में पायी जाने वाली चंदन की बेशकीमती लकड़ी का अवैध कारोबार बड़े पैमाने पर हो रहा था और तस्कर नेपाल जाने वाली मालवाहक ट्रक पर अवैध वस्तुओं के साथ सामग्री का अलग-अलग दिखा कर अपने मंसूबों में कामयाब होते रहें हैं और विभागीय अधिकारी मूकदर्शक बने रहे और अवैध कारोबार को खूब बढ़ावा मिलता रहा, बगैर किसी के संरक्षण में लाल चंदन की लकड़ी का तस्करी करना मुश्किल था, कोई तो रहा होगा या विभागीय अधिकारी चाहें नेता व विपक्षी नेता बिना इनके संरक्षण में लाल चंदन की लकड़ी का तस्करी करना नामुमकिन था।भारत के दक्षिणी हिस्सों में लाल चंदन की खेती बड़े स्तन पर की जाती है।

### मालवाहक ट्रैकों में सामानों के बीच छूपा कर लाते थे लाल चंदन

नेपाल पहुंचने पर उसे किसी गोपनीय स्थान पर छुपा दी जाता था,इसके बाद नेपाली मालवाहक ट्रैकों से नारायण घाट गोरखा जिले के तातोपानी बॉर्डर के रास्ते होते हुए तिब्बत से चीन पहुंचा दिया जाता हैं।

### चीन में लाल चंदन के लकड़ी की कीमत है 30-35 हजार रुपए प्रति किलो

भारतीय बाजारों में लाल चंदन की कीमत 10 से 15 हजार रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक्री की जाती हैं ,जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में इसकी कीमत 30 से 35 हजार रुपए प्रति किलो है।

### नेपाली नंबर की कंटेनर को नेपाल में प्रवेश होने से पहले रोका, बोलें डिप्टी कमिश्नर

कस्टम विभाग के डिप्टी कमिश्नर वैभव कुमार सिंह ने बताया कि मुखबिर की सूचना के आधार पर कस्टम विभाग की टीम ने नेपाली नंबर की एक कंटेनर को नेपाल में प्रवेश करने से पहले ही बॉर्डर पर रोक लिया था उसे वापस लाकर उसकी तलाशी की गई तो कंटेनर में केबिन में लगभग डेढ़ टन और गोदाम से एक टन लाल चंदन बरामद की गई है कुल मिलाकर ढाई टन लाल चंदन की लकड़ी बरामद कर आगे की कार्रवाई करते हुए गोदाम कों सील कर दिया गया।

# नवागत एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने ग्रहण किया पदभार



जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखपुर के नए एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने गुरुवार को यहां अपना पदभार जॉइन कर लिया। चार्ज संभलने के साथ ही उन्होंने कहा मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शहर को क्राइम मुक्त बनाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### तालमेल बना कर की जाएगी कानून व्यवस्था दुरुस्त

कानून व्यव्यस्था को दुरुस्त करने के साथ ही आने वाले त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्या को सुनकर उसका त्वरित निस्तारण कराने से ही पब्लिक का विश्वास पुलिस के प्रति बढ़ेगा। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों को भी यह निर्देशित किया जाएगा कि हर छोटे-छोटे विवादों को गंभीरता से लेते उसपर तत्काल एक्शन लें, ताकि किसी भी बड़ी घटना को होने से पहले ही रोका जा सके।

### सभी से बनाया जाएगा बेहतर तालमेल

नए एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने कहा कि कानून वव्यस्था को और बेहतर करने के लिए शहर के सभी व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, और बुद्धिजीवी वर्गों के लोगों के साथ तालमेल बैठाकर काम किया जायेगा। ताकि पुलिसिंग और बेहतर बनाया जा सके।

### कौन हैं नए एसपी सिटी अभिनव त्यागी...

दरअसल बीते दिनों यूपी सरकार ने 17 आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफ़र कर दिया। इसमें गोरखपुर के एसपी सिटी रहे कृष्ण कुमार बिश्नोई का भी ट्रांसफ़र हुआ है। कृष्णा बिश्नोई को संभल जिला का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है। जबकि उनकी जगह कुशीनगर में एएसपी पद पर तैनात रहे आईपीएस अफसर अभिनव त्यागी को गोरखपुर का नया एसपी सिटी बनाया गया है। वे 2019 बैच के आईपीएस ऑफिसर हैं और आगरा के मूल निवासी हैं। वे कंप्यूटर साइंस से बीटेक की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2018 में सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास कर आईपीएसअधिकारी बने। अपने बैच के सबसे होनहार आईपीएस अधिकारियों में गिने जाने वाले त्यागी अब गोरखपुर की कानून व्यवस्था को और भी धारदार बनाने के लिए कमर कस चुके हैं।

# एसओ ने चेताया, दो साउण्ड बाक्स से अधिक पर होगी कार्रवाई

* कैम्पियरगंज थाना परिसर में हुई शान्ति समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गणेश विसर्जन एवं बारावफात को लेकर बृहस्पतिवार को कैम्पियरगंज थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह ने दोनों समुदायों के शांति समिति की बैठक आयोजित कर गणेश विसर्जन एवं बारावफात को लेकर फीडबैक लिया और उनके सुझावों एवं शिकायतों को सुनकर तत्काल निराकरण की बात कही। थानाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि गणेश विसर्जन एवं बारावफात को लेकर सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई सुनिश्चित होगी। उन्होंने बैठक में उपस्थित गणेश विसर्जन एवं बारावफात के जिम्मेदार समितियों के लोगों से हर हाल में कायदे कानून में रहकर त्यौहार को मनाने की अपील की।श्री सिंह ने कहा कि सभी दो साउण्ड या स्पीकर ही लगायेंगे यदि इससे अधिक संख्या पाई जाती है तो कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी ,साथ असामाजिक तत्वों पर भी निगाह रखेने के निर्देश दिए।दारू पीकर कोई भी व्यक्ति जुलूस में शामिल नहीं हो यदि नशे में मिले तो उन्हें जेल भेजा जाएगा।

बैठक में कस्बा प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष चौधरी,चौकी प्रभारी करमैनीघाट राकेश कुमार सिंह, मछलीगांव प्रभारी रुद्र प्रताप सिंह, भौंरा बारी प्रभारी उमाशंकर कनौजिया , अविनाश कुमार, मनोज कुमार, उमेश राय, हेड कांस्टेबल राजनाथ, कांस्टेबल राजू यादव, गणेश पूजा एवं बारावफात समिति के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# एक माह से कार्यलय नहीं आते ईओ, सभासद ने लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

शासनादेश के विरूद्ध नगर पंचायत गोला कार्यालय पर ईओ के न आने का आरोप एक सभासद के द्वारा लगाया गया है। सभासद ने यह शिकायत प्रमुख सचिव, महानिदेशक, मंडलायुक्त व जिलाधिकारी से लिखित रूप में की है। उपनगर के वार्ड नंबर 18 के सभासद श्रवण कुमार वर्मा ने उपरोक्त अधिकारियों से लिखित रूप से शिकायत करते हुए कहा है कि शासनादेश के विरूद्ध ईओ गोला संजय तिवारी तैनाती स्थलों पर निवास नही करते हैं। ईओ गोला उरूवा व गोला दोनों जगह का कार्यभार देख रहे हैं। ईओ तकरीबन एक माह से कार्यलय पर नहीं आये हैं। फोन करने पर किसी भी सभासद, नागरिक या अधिकारी का फोन भी नहीं उठाते हैं। इनकी नियुक्ति 2023 में गोला हुई थी तब से अब तक यह एक हफ्ते में एक या दो दिन ही कार्यलय आते हैं, बाकी दिन अनुपस्थित रहते हैं। जिससे नगर का विकास कार्य प्रभावित हो गया है। इनकी शिकायत कई बार उच्चाधिकारियों से की गयी है लेकिन कोई भी कार्यवाई अभी तक नहीं हुई है। इनके उपर जिलाधिकारी प्रशासन के द्वारा कमेटियों को बना कर मामलों की जांच की जा रही है, लेकिन आज तक कोई भी जांच नही हुई है। इनके उपर कार्यवाही करते हुए नये अधिशासी अधिकारी की नियुक्ती की जाए जिससे नगर पंचायत का विकास हो सके। इस मामले को लेकर अधिशासी अधिकारी से बात करने की कोशिश की गयी तो फोन नहीं उठा।

### पहले भी हो चुकी है शिकायत

गोला व उरूवा में तैनात ईओ संजय तिवारी के उपर तैनाती स्थल पर ना रहने की शिकायत पहले भी हो चुकी है। लेकिन अभी तक इनके उपर कोई भी कार्यवाई नहीं हुई है। केवल कार्यवाई करने कि बात उच्चाधिकारी करते हैं। सूत्रों की मानें तो क्षेत्र के सत्ताधारी भाजपा नेता से इनके अच्छे संबंध हैं। दोनों लोगों में अंदुरूनी समझौता है जिसके वजह से जिले के अधिकारी कोई भी कार्यवाई करने में असमर्थ हैं।

# विधायक के प्रस्ताव पर दस लाभार्थियों को मिली सोलर लाइट

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

स्थानीय विधायक पीएन पाठक के प्रस्ताव पर बाबु जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना अन्तर्गत स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइट संयंत्र चिरगोडा धूसी में दस लोगों वितरित किया गया। इस स्ट्रीट लाइट से गांव में उजाला मिलेगा संयंत्र पाने वाले सभी लोगों ने अपने जन नेता विधायक पीएन पाठक को दिल से धन्यवाद दिया। बता दें कि कुशीनगर विधायक पीएन पाठक द्वारा पूरे विधान सभा में विकास को गति प्रदान करने में जुटे हुए हैं इसी कड़ी में चिरगोडा धूसी में दस लोगों को विधायक पीएन पाठक के प्रस्ताव पर सोलर स्ट्रीट लाइट का संयंत्र वितरण किया गया। लोगों को सम्बोधित करते हुए भाजपा बुथ अध्यक्ष चन्द्रदेव पटेल, समाजिक कार्यकर्ता रमेश कुमार तिवारी, ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय, राधेश्याम प्रसाद, आशुतोष कुमार तिवारी, अजय तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार गांव के विकास के लिए विभिन्न प्रकार की योजना चला रही है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने छात्र को कुचला, मौके पर हुई मौत

* मौके पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में ले जाम कराया ख़त्म

जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा

झगहा थाना क्षेत्र के इटौवा निवासी 14 वर्षीय छात्र अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से गुरुवार की सुबह मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। तथा ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया। बताते चलें कि क्षेत्र के इटौवा निवासी लालबहादुर यादव का 14 वर्षीय पुत्र कृष कुमार यादव नई बाजार स्थित भीमराव अम्बेडकर विद्यालय में कक्षा छठवीं में पढ़ता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार को वह साइकिल से विद्यालय जा रहा था। अभी वह दुबौली चौहान टोला पर पहुंचा ही था कि अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर हंगामा खड़ा कर दिया। सूचना पाते ही मौके पर उपजिलाधिकारी चौरीचौरा प्रशान्त वर्मा क्षेत्राधिकारी चौरीचौरा अनुराग सिंह तथा झगहा व चौरीचौरा पुलिस पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर ट्रक व ड्राइवर को कब्जे में लेकर तथा ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कराया। तथा जाम हटवाया। और शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिवारी जनों ने बताया कि अपने दो भाइयों में कृष सबसे छोटा था। पिता लालबहादुर बाहर कहीं मजदूरी करता है।परिवारी जनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस विधिक कार्यवाही करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया है ।

# भाजपा नेता बताकर की आवास व नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के चैतीमुसहरी निवासी कुछ लोगों ने दो पुलिसअधिक्षक को एक लिखित शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। की गांव का एक व्यक्ति अपने को भाजपा नेता बता कर अवास, नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपया ले लिया है। काम नही होने पर पैसा वापस मांगा गया तो गाली धमकी दे रहा है। गांव के दीपनारायण पटेल, मुखलाल, अर्जुन चौहान सहित अन्य लोगों ने 10 सितंबर को पुलिस अधिक्षक कुशीनगर संतोष मिश्रा को एक लिखित शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग करते हुए। कहा है कि गांव का एक व्यक्ति अपने को भाजपा नेता बता कर हम लोगों से दो वर्ष पूर्व अवास दिलाने व सफाई कर्मी व स्वास्थ विभाग में सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर दीपनरायण पटेल से सफाई कर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख, मुखला से तीस हजार, अर्जुन से पचास हजार सहित अन्य लोगों से लाखों रुपया ले लिया है। दो वर्ष से ज्यादा समय बितने के बाद किसी का कोई काम नही हुआ तो हम लोगों ने उक्त व्यक्ति से पैसा मागने गए। तो गाली गुप्ता देते हुए धमकी देकर भगा दिया। पैसा देने का वीडियो सोशल मीडिया मे तेजी से वायरल हो रहा है।

# खलिहान की भूमि पर दबंगों ने किया कब्जा

* अवैध कब्जा के हटाने के लिए प्रधान ने दिया ज्ञापन
* तहसील प्रशासन की दिखी अभी तक लापरवाही ...कई बार प्रार्थना पत्र के बाद भी क्यू नही हुआ खलिहान खाली
* सरकार की आदेश के बाद भी अवैध कब्जे को ना हटवाना, तहसील प्रशासन की बेपरवाही

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर



कप्तानगंज तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड रामकोला के ग्रामसभा दिउलिया मनिया छपरा के वर्तमान समय में ग्राम प्रधान उर्मिला देवी पत्नी मिथिलेश गिरी है। ग्राम सभा में खलिहान की जमीन जिस पर ग्राम स?भा के कुछ दबंग किस्म के लोग अवैध रूप से कब्जा किए हुए है। जो सम्पूर्ण तहसील दिवस पत्र दी थी लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नजर नहीं आई, ग्राम सभा की जमीन में खलियान पर कब्जे हटाने के लिए आराजी संख्या निम्न है। 236 व 408 ,498 ,618 व 1079 व 1319 व 1443 व 1687 व 1864 ,2131,2186,2191 है। कुल रकबा 1.822 हेक्टेयर का दर्ज किए हुए हैं, जसको खाली कराने हेतु कई बार तहसील दिवस व थाना दिवस पर प्रार्थना पत्र दे चुकी हैं। जिस पर अब तक कोई भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई है ,लेखपाल और राजस्व निरीक्षक मौके पर कोई कार्यवाही नहीं किए हुए हैं। ऐसी स्थित में के ग्रामवासी खलिहान की जमीन को उक्त दिए गए अराजियत संख्या से अवैध कब्जे को राजस्व विभाग द्वारा टीम बनाकर हटाने के लिए तहसील परिसर में संज्ञानित अधिकारी को पत्र देकर कार्यवाही की मांग की।

# सुभासपा युवा मोर्चा की मासिक बैठक हुई संपन्न

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

फाजिलनगर ब्लाक सभागार में सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी के युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें पार्टी की मजबूती पर चर्चा करते हुए सदस्यता अभियान पर जोर दिया गया। साथ ही पार्टी की कार्यक्रम और नीतियों को जन जन तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार राव ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक व पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष रामानंद बौद्ध ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीड है। इनके बदौलत ही बड़ा से बड़ा मुकाम हासिल किया जा सकता है। सुभासपा आज कार्यकर्ताओं के बदौलत ही प्रदेश की तीसरी बड़ी पार्टी बनकर छः विधायक विधानसभा पहुंचे हैं। विशिष्ठ अतिथि प्रदेश सचिव ओम प्रकाश राजभर ने कहा प्रदेश ही नहीं देश की जनता आज पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर ज्यादा से ज्यादा की संख्या में सदस्यता ले रहे हैं। आने वाले समय में यह पार्टी अपना एक अलग पहचान बनाएगी। विशिष्ठ अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष गुड्डु दुबे ने कहा कि बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को मजबूत करने की आवश्यकता है। पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है। कार्यक्रम को प्रदेश प्रवक्ता विजय कुमार राव ने कहा की आज एनडीए के नेतृत्व वाली केंद्र और प्रदेश की सरकार देश, प्रदेश की प्रगति और खुशहाली के लिए लगातार आगे बढ़ रही है। मंडल उपाध्यक्ष गुड्डु राजभर, पूर्व मंडल अध्यक्ष ध्रुवदेव राजभर, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष दिलावर राजभर पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल राजभर, राजू राजभर, विधानसभा प्रभारी प्रिंस राजभर, राजेश राजभर, चंदन राजभर, विजेंद्र राजभर, विश्राम राजभर आदि लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संतोष राजभर ने किया तथा पार्टी के युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष प्रदीप कुमार राव ने पार्टी की नीतियों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आए सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किए।

# ब्रज में बारिश का कहर, ढह गए मकान... धंसीं सड़कें, गिरा स्कूल तो पुल में भी आई दरारें, अब तक सात की मौत

**जन एक्सप्रेस । आगरा**



ब्रज क्षेत्र मे 24 घंटे से हो रही लगातार बारिश ने कहर बरपा दिया है। आगरा, मथुरा, मैनपुरी, एटा और फिरोजाबाद जिलों में कहीं लोगों को घर गिर गए। तो कहीं स्कूल का भवन ढह गया। पुलों पर भी दरारें आ गईं। अभी तक की जानकारी के अनुसार सात लोगों की मौत हो गई। जबकि दर्जनभर से अधिक लोग घायल हैं। आइए विस्तार से जानते हैं सब कुछ। आगरा में हो रही लगातार बारिश से लोग घरों में कैद हैं। पुराने शहर में बारिश से सात जर्जर खाली पड़े मकान गिर गए। कई मकान गिरने की हालत में हैं। लोहामंडी में दो बाइक सवार युवक नाले में बह गए। मुश्किल से उनकी जान बची। टेढ़ी बगिया क्षेत्र में नाला ढहने से सड़क किनारे खड़ा ट्रक नाले में गिर पड़ा। ट्रक चालक घायल है। सिकंदरा हाइवे से लेकर एमजी रोड, यमुना किनारा पर पानी भरा है। बुधवार रात मारुति एस्टेट चौराहा के पास सड़क के गड्डे में पानी भरने से कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। शास्त्रीपुरम, बोदला, शाहगंज रोड पर भी सुबह बारिश में वाहन भिड़ गए। जिला प्रशासन ने खराब मौसम का हाई अलर्ट जारी किया है। लोगों से जर्जर मकान, दीवार, बिजली खम्बो से दूर रहने की सलाह दी गई है। आगरा देहात क्षेत्र में खारी नदी के पुल में जगह-जगह दरारें पड़ गईं हैं। बात करते हैं मथुरा की। यहां बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त है। नौहझील क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय की दीवार भरभराकर गिर गई। बारिश के कारण बच्चे न होने से स्कूल में बड़ा हादसा टल गया। वहीं मैनपुरी में बारिश के कहर ने अलग-अलग स्थानों पर दो बच्चों सहित पांच लोगों की जान ले ली। कुरावली के गांव राजलपुर और भोगांव के शिवपुरी में मकान की दीवारें गिरने से हादसे हुए हैं। यहां कुरावली थाना क्षेत्र राजलपुर गांव में कप्तान सिंह जाटव के मकान की दीवार गिर गई। छप्पर के नीचे सो रहीं ममता देवी और दिलीप कुमार की मौत हो गई। भोगांव थाना क्षेत्र के शिवपुरी गांव निवासी मनोज यादव का पक्का मकान बन रहा है। इसलिए वह पत्नी फूलन देवी, दो बच्चों के साथ कच्चे मकान में सो रहे थे। बीती रात करीब 11 बजे मकान की कच्ची दीवार भरभराकर गिर गई। हादसे में दोनों मासूमों की दर्दनाक मौत हो गई। तीसरी घटना भोगांव थाना क्षेत्र के कटरा ब्योंति कलां गांव में हुई। गांव निवासी रामू पर बीती रात मकान की दीवार पलट गई। हादसे में रामू की मौके पर मौत हो गई। एटा जिले की बात करें तो अलग-अलग स्थानों पर बरसात के चलते दो महिलाओं की मौत हो गई है। तीन महिलाएं घायल हुई हैं। पहली घटना नयागांव थाना क्षेत्र के दादूपुर गांव हुई। घर के अंदर नाती के साथ सो रही दादी मकान गिरने से दब गई। वहीं मारहरा थाना क्षेत्र के मुहारा गांव में निर्माणाधीन मकान का बीम गिर गया। मलबे में दबकर महिला की मौत हो गई। इसके अलावा कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव में मकान गिरने से दो महिलाएं दबकर घायल हो गईं। निधौली कलां थाना क्षेत्र के झिनवार गांव में भी एक महिला दीवार के नीचे दबकर घायल हुई है।

# मंगेश यादव के बाद अब अखिलेश के गढ़ में फर्जी एनकाउंटर का मामला, आरोपी की मां ने कही चौंकाने वाली बात

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

सुल्तानपुर में मंगेश यादव के बाद अब अखिलेश के गढ़ में फर्जी एनकाउंटर का मामला सामने आया है। आरोपी की मां ने वीडियो में चौंकाने वाली बात कही है। उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में हुए मंगेश यादव के एनकाउंटर को लेकर राजनीति हो रही है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के बयान के बाद पलटवार भी हो रहा है। अब इसी बीच सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के क्षेत्र में फर्जी एनकाउंटर का मामला सामने आया है। मैनपुरी के



बरनाहल थाना क्षेत्र निवासी हिस्ट्रीशीटर की मां ने फिरोजाबाद पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप लगाया है। विधानसभा करहल क्षेत्र के सलूकनगर गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर गौरव यादव को फिरोजाबाद पुलिस ने नगला खंगर थाना क्षेत्र में 29 अगस्त को मुठभेड़ दिखाकर गिरफ्तार किया था। इसमें गौरव और उसके साथी नगला खुशाली निवासी शरीफ को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया था। दोनों के पैर में गोली लगी थी। उन पर चार अगस्त को सिरसागंज के व्यापारी राजेश जैन से सात लाख रुपये की लूट करने का आरोप है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने लुटेरों की पहचान की थी। मामले में अब बुधवार को नया मोड़ गया है। हिस्ट्रीशीटर गौरव यादव की मां मिथिलेश देवी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने पुलिस पर फर्जी एनकाउंटर करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पुलिस उनके बेटे को आठ दिन पहले 21 अगस्त को उठाकर ले गई थी। उन्हें आश्वासन दिया गया था कि उनके बेटे को कुछ नहीं करेंगे। इसके एवज में एक पुलिसकर्मी पर उन्होंने 1.80 लाख रुपये की रिश्वत लेने का भी आरोप लगाया है।

## सर सैयद दिवस समारोह को लेकर बैठक का आयोजन

**जनएक्सप्रेस/अलीगढ़।** अगले माह 17 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सर सैयद दिवस समारोह के संबंध में कुलपति प्रो. नईमा खातून की अध्यक्षता में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए कॉन्फ्रेंस हॉल में विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक के दौरान, प्रो. नईमा खातून ने कहा कि सर सैयद दिवस में सभी पारंपरिक कार्यक्रम शामिल होंगे और इसे बड़े पैमाने पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम गुलिस्तान-ए-सैयद में आयोजित किया जाएगा, जिसका लाइव स्ट्रीमिंग वेबकास्ट के माध्यम से उपलब्ध होगा। मुख्य कार्यक्रमों में सर सैयद हाउस में एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी जिसमें सर सैयद के उनके लेखन, पुस्तकें, चित्र, व्यक्तिगत सामान और सुलेख प्रदर्शित किए जाएंगे।

## मूसलाधार बारिश से बाढ़ जैसे हालात, मकान ढहे,नगर आयुक्त छाता लेकर सड़क पर उतरे

**जन एक्सप्रेस । अलीगंढ**

जनपद में बुधवार से हो रही बारिश के बाद शहर का बुरा हाल हो गया है। शहर की सड़कें लबालब हो गई हैं और राहगीर परेशान हो रहे हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों के साथ ही शहर में भी पुराने और जर्जर मकान लगातार गिर रहे हैं, जिसके कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश के कारण गुरुवार को कई इलाकों में मकान गिर गए। हालांकि राहत इस बात की रही है कि मकान गिरने के दौरान कोई इसमें मौजूद नहीं था। नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची। नगर आयुक्त विनोद कुमार भी अपनी टीम के साथ शहर की व्यवस्थाएं देखी। अलीगढ़ के मानिक चौक इलाके में गुरुवार को भीषण बारिश के दौरान एक पुराना जर्जर मकान गिर गया। राहत इस बात की रही कि मकान के गिरने के दौरान कोई घायल नहीं हुआ और लोगों ने मौके से भागकर अपनी जान बचाई। हादसे की जानकारी मिलने के बाद अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे और अपनी टीम के साथ उन्होंने व्यवस्थाएं जांची। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान पुराने और जर्जर मकानों में बिल्कुल न रहें और किसी सुरक्षित स्थान में चले जाएं। क्वार्सी थाना क्षेत्र के देवसैनी इलाके में वार्ड नंबर 24 में गुरुवार को भारी बारिश के कारण मकान पीछे से गिर गया। मकान के पीछे काफी बड़ा गड्ढा है और इसके कारण ही मकान की दीवार और जमीन सरक गई। घटना के समय कमरे के अंदर बच्चे सो रहे थे। लेकिन आवाज सुनकर वह उठ गए और परिवार के लोगों ने उन्हें सुरक्षित किया।

# रोडवेज को हर साल सात करोड़ का हो रहा नुकसान

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**



जिले में डग्गामार वाहनों के संचालन से प्रतिवर्ष सात करोड़ रुपये का परिवहन निगम को नुकसान हो रहा है। अनधिकृत तरीके से हो रहे संचालन को रोकने के लिए क्षेत्रीय प्रबंधक को बीते दिनों पत्र लिखा गया है। 100 से अधिक वाहन प्रतिदिन लखनऊ, दिल्ली, अयोध्या व प्रयागराज के लिए चलते हैं। इससे निगम की करीब तीन दर्जन बसें घाटे में चल रही हैं। लेकिन इसे लेकर परिवहन निगम कोई कदम नहीं उठा रहा। अकबरपुर व टांडा के रास्ते प्रतिदिन लगभग 100 से अधिक निजी बसें दिल्ली, लखनऊ, कानपुर, अयोध्या व प्रयागराज के लिए चलती हैं। इन बसों के संचालन से प्रतिदिन लगभग दो से ढाई लाख रुपये का परिवहन निगम को नुकसान उठाना पड़ता है। बीते दिनों प्रदेश मुख्यालय ने डग्गामार बसों को लेकर रिपोर्ट तैयार करने को कहा था। निगम ने सभी मार्गों के सर्वे के बाद जो रिपोर्ट दी उससे साफ हुआ है कि 100 से अधिक बसें जनपद के विभिन्न मार्गों से चलाई जा रही हैं। इन्हें रोकने के लिए एआरटीओ कार्यालय से कई बार निगम अधिकारियों ने वार्ता भी की लेकिन मामला फर्ज अदायगी से आगे नहीं बढ़ सका। विभाग की तरफ से हमेशा स्टाफ की कमीं का हवाला दिया जाता है। बीते तीन माह में अलग -अलग दिनों में चले संयुक्त चेकिंग अभियान में 93 डग्गामार वाहनों का चालान कर 11 लाख से अधिक का जुर्माना भी लगाया गया। उसके बावजूद निजी बसों का मनमाना संचालन नहीं रुक रहा है। परिवहन निगम से आधे किराए पर निजी बस सवारियों को अयोध्या, लखनऊ, कानपुर से लेकर दिल्ली तक जाती हैं।

# सियार के हमले में तीन घायल, ग्रामीणों ने मार डाला

**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

सियार के हमले में बुधवार को महरूआ के हुसैनपुर हीडी गांव में तीन लोग घायल हो गए। तीनों घायलों का सीएचसी में इलाज कराया गया। वहीं ग्रामीणों ने घेराबंदी कर सियार को मार डाला। वनविभाग की टीम ने गांव पहुंचकर सियार के शव को कब्जे में ले लिया। उसका बृहस्पतिवार को पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा। बीते दिनों अहिरौली थानाक्षेत्र के पियारेपुर गांव में सियार ने हमला कर दो ग्रामीणों को घायल कर दिया था। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर यहां सियार को मार डाला था। अब महरूआ थानाक्षेत्र के हीड़ी पकड़िया गांव में सियार ने बुधवार दिन में हमला कर दिया। दोपहर बाद ढाई बजे के करीब सियार ने गांव निवासी अरविंद के पुत्र उमेश (15) को घर



के बाहर पैर में काट लिया। इसके बाद वहां से भाग निकला। गांव के बाहर आकर वह सीधे आनंदनगर चौराहे पर पहुंच गया और सरजूदीन (52) के घर में घुस गया।

यहां खेल रहे उनके नाती अनुभव की उंगली व कमर के पास काट लिया। उसे बचाने के लिए सरजूदीन दौड़े तो उसने उनके भी हाथ को काट लिया। इसके बाद ग्रामीणों ने घेराबंदी कर वहीं पर सियार को मार डाला। तीनों घायलों का स्थानीय सीएचसी में उपचार कराया गया।

वनविभाग की टीम ने यहां बाद में पहुंचकर सियार के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अभिरक्षा में ले लिया। महरूआ पुलिस भी मौके पर पहुंची, ग्रामीणों को सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

## राज्य टीबी अधिकारी और उनकी टीम ने जेएन मेडिकल कॉलेज का दौरा किया

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

डॉ. शैलेंद्र भटनागर, अतिरिक्त निदेशक एवं राज्य टीबी अधिकारी, राज्य टीबी सेल, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार, डॉ. हरि भान सिंह, प्रभारी, राष्ट्रीय संदर्भ प्रयोगशाला और प्रमुख, महामारी विज्ञान विभाग, जालमा, आगरा, डॉ. प्रवीण कुमार पचौरी, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, एनआरएल-जालमा, आगरा, डॉ. ए. के. अवस्थी, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, आईआरएल, डॉ. राहुल शर्मा, जिला क्षय रोग अधिकारी और डॉ. सुल्ताना अंसार, डब्ल्यूएचओ सलाहकार की एक टीम ने हाल ही में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के जेएन मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी और टीबी और श्वसन रोग विभागों का दौरा किया। डॉ. भटनागर और टीम के सदस्यों ने एएमयू कुलपति प्रोफेसर नईमा खातून से भी मुलाकात की और उन्हें राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम-एनटीईपी-डायग्नोस्टिक नेटवर्क-यूपी की गतिविधियों और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई। टीम ने माइक्रोबायोलॉजी विभाग की क्षय रोग प्रयोगशाला की उसके सुचारू और कुशल संचालन के लिए प्रशंसा की। डॉ. भटनागर ने अलीगढ़ और आसपास के आठ जिलों में टीबी रोगियों को कुशल देखभाल, निदान और उपचार प्रदान करने में माइक्रोबायोलॉजी और टीबी एवं श्वसन रोग विभागों के प्रयासों की भी सराहना की।

## 16 फीट अजगर ने निगला बछड़ा,गांव के लोगों ने वन विभाग को दी सूचना

आगरा। आगरा के थाना चित्राहाट के गांव पारना में 16 फीट का अजगर बछड़े को निगल गया। चरवाहों ने बहुत मुश्किल से बछड़े को अजगर के अंदर से निकाला। लेकिन तब तक बछड़ा मर चुका था। ग्रामीणों के सूचना देने के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीण खुद ही अजगर को जंगल में छोड़ आए। पारना के जंगल में गाय के साथ उसका बछड़ा भी घास चर रहा था। इतने में ही एक 16 फीट लंबा अजगर वहां पहुंचा। अजगर ने बछड़े को अपने चंगुल में लेकर उसे निगलना शुरू किया। चरवाहों ने देखा तो उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने लाठी डंडों से अजगर को मारना शुरू किया। अजगर की पकड़ बछड़े पर ढीली पड़ी। लोगों ने अजगर के अंदर से बछड़े को निकाला। लेकिन तब तक बछड़े की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इतने लंबे अजगर को पकड़ने के लिए वन विभाग को फोन किया था। लेकिन बहुत देर इंतजार करने के बाद भी वन विभाग की टीम नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने खुद ही अजगर को जंगल के अंदर लेकर जाकर छोड़ दिया।

# अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गौतस्करों के साथ हुई पुलिस की मुठभेड़

**पुलिस मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय आठ गौतस्कर हुए गिरफ्तार**



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर**

जनपदर पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बसखारी पुलिस टीम रात्रि गश्त में मुखबीर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर हरैया बाइपास के पास बुढ़नापुर भट्ठा मे स्थित बाग मे कुछ व्यक्ति गोवंश लेकर गोवध करने के लिये मौजूद है। प्राप्त सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बसखारी मय टीम, उ0नि0 प्रेम बहादुर यादव मय टीम व उ0नि0 त्रिवेणी सिंह मय टीम द्वारा उपरोक्त स्थान पर जाकर देखा गया तो कुछ व्यक्ति गोवंश के साथ घटना कारित करने के उद्देश्य से मौजूद है। तत्काल पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से घेराबन्दी की गयी। पुलिस से घिरता देखकर बदमाशों द्वारा जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया जाने लगा, आत्मरक्षार्थ व गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु बसखारी पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया। मुठभेड़ के दौरान तीन अभियुक्त . मो0 आरिफ पुत्र मो इरफान अहमद निवासी नगपुर थाना जलालपुर एकलाख अहमद पुत्र रईश अहमद निवासी नगपुर थाना जलालपुर इरफान पुत्र वाजिद अली निवासी कौडाही थाना बसखारी को पैर में गोली लगने से घायल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया व एक अभियुक्त प्रमोद पुत्र लोधई निवासी हथिना इंदईपुर थाना आलापुर को मुठभेड़ के दौरान भागने की वजह से गिरने पर पैर मे चोट आई जिसे चोटिल अवस्था मे गिरफ्तार किया गया। मुठभेड़ के दौरान बसखारी पुलिस टीम के 2 पुलिसकर्मी भी घायल हो गए।

वही जैतपुर पुलिस टीम द्वारा गोबध के दो अभियुक्त और दो बाल अपराधी को पुलिस मुठभेड़ में दो गोवंश व एक 12 बोर नजायज तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया जैतपुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप पर गोवंश लदे हुए हैं रैदापुर मोड की तरफ आ रही है प्राप्त सूचना पर थाना अध्यक्ष ने मयफोर्स रैदापुर पुल के पास इंतजार कर रहे थे कि एक पिकअप बिना नंबर प्लेट की आती हुई दिखाई पडी पुलिस वालों को आता देखकर पिकअप में बैठे-व्यक्ति जान से मारने की नीयत से फायर कर भागने लगे आत्मरक्षात् गिरफ्तारी करने हेतु जैतपुर पुलिस द्वारा फायर किया गया जिसमें चार अभियुक्त अबुल कैश पुत्र नबी अहमद निवासी फत्तनपुर पवई आजमगढ़ रवि राजभर पुत्र राजेश निवासी महुल थाना अहिरौला आजमगढ़ और दो बाल अपराधी को मौके से गिरफ्तार किए गया।

## माफिया या जेल में या छोड़ चुके प्रदेश : ओपी राजभर

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

उत्तर प्रदेश में आज चारो ओर शांति और कानून व्यवस्था का माहौल है। अगर कोई इसके साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जा रही है। माफिया आज या तो जेल में है, या वह प्रदेश छोड़कर जा चुका है।

यह बात सूबे के पंचायती राज मंत्री ओपी राजभर ने गुरुवार को अलीगढ़ में कही। वह अलीगढ़ के खैर में जनसभा करने के लिए आए थे, लेकिन लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण उनकी जनसभा स्थगित हो गई। जिसके बाद उन्होंने सर्किट हाउस में ही पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके स्थितियों का जायजा लिया। प्रदेश के पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज विभाग के मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि वर्तमान सरकार में पूर्ण पारदर्शिता ओर निष्पक्षता के साथ युवाओं को नौकरी दी जा रही है। स्वरोजगार स्थापना के लिए शिक्षित युवाओं को मेलों एवं शिविरों के माध्यम से लोन भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के साथ देश में आतंकवादी घटनाओं पर विराम लगा है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ है, माफियाओं में दहशत है। वर्तमान सरकार का मकसद विकास करना है, और हम जनहित में निरंतर विकास कर रहे हैं। गरीबों को राशन, बच्चों को गुणवत्तापरक मुफ्त शिक्षा, निःशुल्क इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। मंत्री ओपी राजभर ने पंचायतीराज विभाग के जरिए हर गॉव में पंचायत भवन बनाए जाने की बात कही। इसके साथ ही यहां पंचायत सहायकों की तैनाती की भी जानकारी दी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में लोगों को किसी तरह की परेशानी बिल्कुल भी न हो। ग्रामीणों को प्रमाणपत्रों के लिए परेशान न होना पड़े। बजुर्गों, दिव्यांगों एवं निराश्रित महिलाओं को पेंशन फार्म भरवाने के लिए गांव से बाहर न जाना पड़े। इसके लिए गांव में ही समुचित व्यवस्था रहे। पंचायतीराज विभाग की योजनाओं का लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले, किसी भी व्यक्ति को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने में कार्यालयों के चक्कर न लगाने पडें। इसके साथ ही उन्होंने विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं के भी जल्द निस्तारण की बात कही। इस दौरान जिला महामंत्री शिव नारायण शर्मा, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी समेत अन्य अधिकारी व पार्टी पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## बारिश से गिरा दो मंजिला घर,सोते समय परिवार के लोग दबे, 6 लोग घायल

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**

जनपद में गुरुवार सुबह बारिश के कारण दो मंजिला घर गिर गया। हादसा टप्पल थाना के गांव जैतपुर घ्घ्में हुआ। घर के अंदर सो रहे परिवार के 6 लोग मलबे में दब गए। लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर उन्हें अस्पताल में पहुंचाया। हादसे में 6 लोग घायल हुए हैं। अलीगढ़ में बुधवार सुबह से ही बारिश शुरू हो गई थी। पूरे दिन बारिश चलने के कारण जहां एक ओर सड़कों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है, वहीं दूसरी ओर कच्चे और जर्जर मकानों के लिए भी परेशानी बना हुआ है। जिसके चलते टप्पल के गांव जैतपुर में हादसा हो गया। गांव में रहने वाले सुखवीर का परिवार अपने घर में सो रहा था। तभी तड़के करीब 5 बजे घर की छत अचानक भरभराकर गिर गई। इसके कारण 2 महिला, 2 बच्चे समेत परिवार के 6 लोग अंदर ही दब गए।परिवार की एक महिला का पैर फ्रैक्चर हो गया है। महिला को मलखान सिंह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि परिवार के अन्य लोगों की हालत ठीक है और उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया है।

# रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में घूस लेने का वीडियो आया सामने, पैमाइश करने के नाम पर की जा रही उगाही



**जन एक्सप्रेस । आगरा**

एटा में रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में घूस लेने का वीडियो सामने आया है। किसानों से खेत पैमाइश करने के नाम पर की उगाही करने की बात सामने आई है। उत्तर प्रदेश के एटा में तहसील जलेसर के रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में आरके द्वारा किसानों से जमीन को संक्रमर्णी कराए जाने के एवज में दस हजार रुपये लिए जा रहा है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। विदित हो कि मगंलवार को भी लेखपाल व कानूनगो द्वारा पांच हजार रुपये में किसान की पैमाइश करने के नाम रिश्वत लेने का भी वीडियो वायरल हुआ था। वहीं प्रशासन द्वारा इन भ्रष्ट कर्मचारियों पर कोई रोकथाम लगाने की जहमत नहीं उठाई जा रही है। ग्राम पंचायत में जमीन के पट्टे होने के कुछ वर्ष वाद असक्रमंर्णी भूमि को संक्रमर्णी कराने के लिए आरके जलेसर की रिपोर्ट लगाई जाती है।

इसके बाद भूमि संक्रमर्णी हो जाती है। भूमि को संक्रमर्णी कराने तथा रिपोर्ट लगाने के एवज में तहसील में रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय में तैनात आरके प्रेमपाल सिंह द्वारा किसानों तथा अधिवक्ताओं से दस-दस हजार रुपये की रिश्वत लिए जाने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक अधिवक्ता तथा किसान से भूमि संक्रमर्णी कराने के नाम पर आरके प्रेमलाल सिंह द्वारा दस हजार रूपये की रिश्वत ली जा रही है।

## गजानन के जयकारों से गूंज रहे पंडाल

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

जिले में गणेश उत्सव की धूम है। शहर से लेकर कस्बों तक सजे पंडालों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। स्थानीय के अलावा दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु मोदक का भोग लगाकर गजानन के जयकारे लगा रहे हैं। इस बार शहर के साथ ही ग्रामीण अंचल में भी गणेश उत्सव का उल्लास दिखाई दे रहा है। शाम होते ही पंडालों के आसपास लगाई गई लाइटें रंग-बिरंगी रोशनी से श्रद्धालुओं को आकर्षित करने लगती हैं। शाम को होने वाली आरती में हर पूजा पंडाल के पास श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। मंगलवार देर शाम शहर के रुहट्टागली, पयागीपुर चौराहा, बघराजपुर, रेलवे स्टेशन तिराहा समेत दर्जनों पूजा पंडालों के पास सुंदरकांड का पाठ किया गया। शास्त्रीनगर, डाकखाना चौराहा समेत अन्य कई पूजा पंडालों में महिलाओं ने भगवान गणेश की आराधना की। इसके साथ ही भक्ति गीतों पर जमकर नृत्य भी किया। देर रात तक चले गणेश उत्सव से शहर व कस्बा भक्तिमय माहौल में डूबा रहा। श्रीगणेश पूजा व्यवस्था समिति के पदाधिकारियों ने दर्जनों पंडालों की स्थिति का जायजा लिया। व्यवस्थाओं को लेकर समिति के कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया। केंद्रीय पूजा व्यवस्था समिति के कोषाध्यक्ष व नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, बड़ी दुर्गा माता समिति के अध्यक्ष सुनील सोनी, श्री गणेश पूजा व्यवस्था समिति के संयोजक अनिल द्विवेदी, मीडिया प्रभारी राजदेव शुक्ल, सभासद दिनेश चौरसिया, नारायण कसौधन का रुहट्टागली च राजा के पंडाल पर गणपति बप्पा का अंगवस्त्र भेंटकर समिति के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया।

## शहादत दिवस पर याद किए गए राधेश्याम और संजय

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**

विकास खंड क्षेत्र अखंडनगर के राहुल नगर में बुधवार को भारत की कम्युनिष्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने शहीद राधेश्याम यादव और संजय यादव की 20वीं बरसी पर उन्हें याद किया। पुलिस प्रशासन की देखरेख में समाधि स्थल पर पहुंच विखंडित प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही बगल में कॉमरेड रामजियावन सिंह की समाधि स्थल पर भी पुष्प अर्पित किया गया। सीपीआईएम के जिला सचिव मंडल सदस्य राज बहादुर यादव ने कहा कि शहीद राधेश्याम और संजय यादव इस इलाके के किसानों, मजदूरों और नौजवानों के प्रेरणास्रोत थे। वर्ष 2004 में स्थानीय सामंती और अराजक तत्वों ने दोनों साथियों की हत्या कर दी थी। 2005 में शहादत की पहली बरसी पर स्थानीय लोगों ने चंदा एकत्र कर दोनों साथियों की



प्रतिमा स्थापित कराई थी। इसके अनावरण कार्यक्रम में कॉमरेड सीताराम येचुरी, प्रकाश करात, सुभाषिनी अली जैसे दिग्गज नेता भी शामिल हुए थे।

तब से शहीदों की स्मृति में हर साल 11 सितंबर को अनवरत मेले का आयोजन होता रहा है। राधेश्याम वर्मा ने बताया कि कुछ अराजक तत्वों ने 2017 में शहीदों की प्रतिमाओं को विखंडित कर दिया था। प्रतिमा स्थापना तक कानूनी लड़ाई जारी रहेगी। एसएफआई के प्रदेश सचिव विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि शहीदों के नाम पर लगने वाले इस मेले ने राहुल नगर की पहचान प्रदेश स्तर पर करा दी थी। हजारों लोग मेले में आते थे। इससे एक तरह का स्थानीय रोजगार का इंतजाम भी होता था। भारत की जनवादी नौजवान सभा के जिला मंत्री शिवपूजन पांडेय ने कहा कि स्थानीय जनता और प्रशासन के सहयोग से शहीदों की प्रतिमा पुनः स्थापित की जाएगी।

# जनपद में अलग-अलग क्षेत्र में हो रही कुंडल लूट की घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा

- लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी जीजा साले को घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल सहित पकड़ा
- पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने पत्रकारों के समक्ष घटना का किया खुलासा



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

जनपद में बीते काफी दिनों से अलग-अलग क्षेत्रो में कुंडल लूट की घटनाएं हो रही थी, जो कि पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक काफी गंभीर थें। वही गुरुवार को घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले जीजा साले समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा इतना ही नहीं उन्होंने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि 700 घंटे की सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद पुलिस आरोपीयो तक पहुंची हैं। बीते काफी दिनों से बरखेड़ा व गजरौला थाना क्षेत्र में इन लोगों ने काफी आतंक मचा रखा था। वहीं पीलीभीत में 20 टीमें आरोपियों की धर पकड़ में लगी थी। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि काफी दिनों से पीलीभीत क्षेत्र के अलग-अलग जगह पर कुंडल लूट की वारदात हो रही थी, इसके बाद पुलिस ने आरोपी लूट की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी जीजा साले को घटना में उपयोग की गई मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि खमरिया पंडरी गांव के रहने वाले दिलशाद उर्फ झंडू की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पहचान हुई, वहीं घटना का दूसरा आरोपी नूर मोहम्मद जो की दिलशाद का साला है उसके साथ मिलकर दोनो घटना को अंजाम देते थे। वही आरोपियों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया और लूटा हुआ माल भी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक पीलीभीत ने बताया कि आरोपी जिस मोटरसाइकिल का इस्तेमाल लूट की घटना में करते थे उस मोटरसाइकिल के नंबर प्लेट पर जो नंबर अंकित था वह फर्जी था, जानकारी पर उनको पता चला कि जो नंबर अंकित है वो ट्रैक्टर का नंबर है ।वही आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह लूटा हुआ माल पोटा कला निवासी अफजल हुसैन व तोहिद को बेच दिया करते थे। वही पूछताछ में नाम बताने के बाद पुलिस ने माल खरीदने वाले दोनो सुनारों को भी हिरासत में लिया है। वहीं पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा करते हुए सारी जानकारी दी। गिरफ्तार करने वाली टीम में क्षेत्राधिकार बीसलपुर प्रतीक दहिया बरखेड़ा थाना प्रभारी मुकेश शुक्ला एवं समस्त टीम सर्विलांस सेल्स टीम एवं प्रभारी एसओजी शामिल रहें।

### मोटरसाइकिल भी की बरामद, 10000 का दिया जाएगा पुरस्कार

लूट की वारदात में प्रयुक्त होने वाली मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है बताते चले की पुलिस ने घटनाओं का खुलासा करने के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगाल था जिसके आधार पर जनपद के खमरिया पंडरी गांव के रहने वाले दिलशाद उर्फ झंडू की पहचान हुई थी जो घटना का मुख्य आरोपी दिलशाद अपने साले नूर मोहम्मद के साथ मिलकर इन घटनाओं को अंजाम दे रहा था हालांकि पुलिस ने दोनों आरोपियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया साथ ही लूट का सामान भी बरामद हुआ। वहीं पुलिस अधीक्षक द्वारा अभियुक्तों की गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 10000 का नगर पुरस्कार देगी।

# गैंगस्टर एक्ट में आने वाली विसंगतियों का निस्तारण तुरंत कराया जाए: जिलाधिकारी

- गैंगस्टर एक्ट के उद्देश्यो का अक्षरशः पालन करें: पुलिस अधीक्षक

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मांदड़ की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण नियमावली 2021 के तहत जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने गैंगस्टर अधिनियम के अनुसार विवेचना करने, गैंग चार्ट बनाए जाने, अधिनियम से संबंधित धाराओं, विवेचना के दौरान नए गैंगस्टर अधिनियम के निर्देशों का पालन करने तथा जिला स्तरीय पर्यवेक्षण समिति की बैठक प्रत्येक तीसरे माह कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी विसंगतिया सामने आ रही हैं उसको पर्यवेक्षण समिति के समक्ष लाई जाए तथा उसका तुरंत निस्तारण कराया जाए। पुलिस अधीक्षक डॉ अजयपाल शर्मा ने निर्देशित किया कि गैंगस्टर के मामले को सभी थानाध्यक्ष गंभीरता से ले। विवेचना के दौरान गैंगस्टर एक्ट के उद्देश्यों का अक्षरशः पालन करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राम अक्षयबर चौहान, एसपी सिटी शैलेंद्र प्रताप सिंह, संयुक्त निदेशक अभियोजन, समस्त थानाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।




# दीवानी अधिवक्ता संघ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

- मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरपी सिंह ने दिलाई शपथ

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

दीवानी न्यायालय अधिवक्ता संघ के सभागार में बृहस्पतिवार को नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

मालूम हो कि 9 सितंबर को अधिवक्ता संघ के चुनाव में सुभाष चंद्र यादव अध्यक्ष व रण बहादुर यादव मंत्री चुने गए थे। कार्यक्रम का संचालन राजीव गुप्त एडवोकेट ने किया। समस्त पदाधिकारी अपने शपथ में अधिवक्ताओं के हित व सम्मान के अनुरूप कार्य करने की शपथ लिए। कलेक्ट्रेट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष व मंत्री भी उक्त अवसर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जनपद न्यायाधीश वाणी रंजन अग्रवाल रहीं। उनके साथ काफी संख्या में न्यायिक अधिकारी गण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के पश्चात बोलते हुए अध्यक्ष सुभाष चंद्र यादव ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित के लिए किसी भी प्रकार के संघर्ष से मैं पीछे नहीं हटूंगा। अगर प्रशासन द्वारा किसी भी अधिवक्ता का उत्पीड़न किया जाता है तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और कड़ा प्रतिकार किया जाएगा। एसपी, डीएम जान लें कि अब समय बदल गया है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि अगर अधिवक्ता दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ भी कार्यवाही करने से पीछे नहीं हटूंगा और बार से निष्कासित कर दूँगा। उक्त अवसर पर भारी मात्रा में सीनियर व जूनियर अधिवक्ता गण उपस्थित रहे।

## जौनपुर पुलिस ने 25 हजार इनामिया को धर दबोचा

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

लूट, हत्या का प्रयास,छिनैती, डकैती,रंगदारी जैसे विभिन्न संज्ञेय अपराधों में वांछित चल रहे अंतर जनपदीय बदमाश को एसटीएफ व खुटहन पुलिस की संयुक्त टीम ने गुरुवार की भोर पिलकिछा तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद आरोपित को चलान न्यायालय भेज दिया गया। बताया जा रहा है कि बदलापुर थाना क्षेत्र के डड़वा खालिसपुर गांव निवासी मोनू यादव सुल्तानपुर और जौनपुर जिले में लूट,छिनैती, डकैती,हत्या के प्रयास, रंगदारी सहित विभिन्न अपराधों में वांछित चल रहा था। वह अपने साथी अंकित उर्फ आकाश के साथ रंगदारी के चक्कर में गत 1 फरवरी को पट्टी नरेंद्रपुर चौराहे से आगे खुटहन मार्ग पर संचालित हार्डवेयर की दुकान के संचालक लालबहादुर सोनी के पेट में गोली मार दिया था। संयोग अच्छा था कि उपचार के बाद उसकी जान बच गई। जिसमें मोनू यादव को छोड़ अन्य सभी आरोपित जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी वह पकड़ में नहीं आ रहा था। पुलिस अधीक्षक ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। उधर इनामिया बदमाशों की कुंडली यूपी एसटीएफ ने तलाशना शुरू कर दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कौशाम्बी में होगा

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** क्रीडा अधिकारी डा0 अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के तत्वावधान में खेल विभाग उ0प्र0 एवं उ0प्र0 कबड्डी संघ के समन्वय से प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 30 सितम्बर, 2024 तक कौशाम्बी में किया जा रहा है। उक्त के क्रम में जनपद जौनपुर के सब जूनियर बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का जनपदीय चयन परीक्षण 24 सितम्बर 2024 को प्रातः 10 बजे से इन्दिरा गांधी स्टेडियम सिद्दीकपुर में किया जायेगा। जनपद चयन परीक्षण में चयनित खिलाड़ियों को ही मण्डलीय चयन परीक्षण हेतु भेजा जायेगा। मण्डलीय चयन परीक्षण 28 सितम्बर 2024 को प्रातः 8.30 बजे से डॉ0 भीमराव अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल लालपुर, वाराणसी में किया जायेगा। मण्डल स्तर पर चयनित खिलाड़ी ही प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगी। इच्छुक खिलाड़ी निर्धारित प्रारूप पर अपना पात्रता प्रमाण पत्र फोटो सहित तथा आयु प्रमाण-पत्र प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित तथा आधार कार्ड के साथ, हाई स्कूल अंक पत्र की छायाप्रति साथ लेकर जनपदीय चयन/परीक्षण में प्रतिभाग कर सकती हैं।

### बागवानी की भूमि से पेड़ उखाड़ पिलर ढहाने में पांच पर केस

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के इमामपुर गांव में बागवानी की सरकारी भूमि के सीमा की पैमाइश के बाद लगाए गए पिलर और उसके भीतर लगाए गए दर्जनों बृक्षों को गांव के ही पांच मनबढ़ो के द्वारा ढहा कर पौधे उखाड़ दिए जाने के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान की नामजद तहरीर पर सभी आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम प्रधान संतलाल सोनी का आरोप है कि लगभग डेढ़ माह पूर्व उक्त लगभग 5 विश्वा भूमि की पैमाइस के बाद नायब तहसीलदार शाहगंज की मौजूदगी में चारों तरफ सीमा पर आरसीसी का पीलर लगा दिया गया था। उसमें दर्जनों बृक्ष की रोपाई भी करा दी गई। नायब तहसीलदार शैलेन्द्र कुमार ने भी पौधरोपण किया था। उस पौधे पर उनके नाम का बोर्ड भी लगाया गया है। आरोप था कि गत शनिवार को गांव के ही हरीराम सोनी, ओमप्रकाश,आकाश, संदीप और विकास सोनी एकजुट होकर? कई पिलर ढहा दिए। उसमें लगे कई वृक्ष भी उखाड़ कर फेंक दिए। आरोप है कि मना करने पर मनबढ़ो ने लाठी डंडा लेकर दौड़ा लिया। थाना अध्यक्ष दिव्य प्रकाश सिंह ने कहा कि सभी आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### टंकी के लिए प्रस्तावित जमीन का ग्रामीणों ने किया विरोध

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मछलीशहर।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के सरायभोगी गांव के ग्रामीणों ने जल मिशन की टंकी के लिए प्रधान द्वारा प्रस्तावित जमीन के विरोध में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को सोपा ज्ञापन। उक्त गांव के ग्रामीण महिला व पुरुष गुरुवार को तहसील परिसर में पहूंच कर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ को ज्ञापन देकर प्रधान द्वारा प्रस्तावित जमीन पर टंकी का निर्माण रोकने की मांग किया। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त जमीन पर लगभग 30 वर्ष पूर्व से डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति लगी है। तथा उसमें बच्चे खेलते हैं ग्राम प्रधान रंजिश बस उक्त भूमि में जल मिशन के तहत प्रस्ताव देकर सार्वजनिक उपयोग की जमीन पर पानी की टंकी बनाना चाह ते हैं। जबकि अन्य जमीन गांव के बगल में ही खाली पड़ी हुई है। वहां पानी की टंक बनाईं जा सकती है लेकिन प्रधान वहां टंकी न बनवाकर जहां खाली जमीन पर हम लोग शादी व व सार्वजनिक कार्यक्रम मेल इत्यादि के लिए उपयोग करते हैं वहां पानी की टंकी बनवा रहे हैं। ज्ञापन देने वालों में शिवकुमार, विनोद, अमर बहादुर, अंकुश, रीनू देवी, सुनीता, चन्दा, राजकुमारी, सीता देवी, सुरेश सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

### जौनपुर में बनेगी सुरजू द सेवियर हिंदी अवधि फिल्म

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** जौनपुर फिल्मों का हब बन रहा है जिससे जनपद के कलाकारों के लिए नित्य नए अवसर का मंच मिलने में सहजता हो रही है यहां का शांत सौम्य वातावरण फिल्मी कलाकारों को खूब भा रहा है ।जिले में बनी फिल्म नदिया के पार ने देश में खुब नाम कमाया आज भी लोग उतने ही चाव से फिल्म का आनंद लेते हैं नदिया के पार के गीतों का जादू आज भी छाया हुआ है ।यही कारण है कि फिल्म निर्माताओं व कलाकार को जौनपुर अपनी तरफ आकर्षित कर लेता है ।अब तक यहां अलग अलग भाषाओं में सैकड़ों फिल्म की शुटिंग हो चुकी है इसी क्रम में बुधवार को शहर के एक होटल में कामर्शियल हिंदी अवधि फिल्म वाई 2 एम बैनर तले मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभ मुहूर्त हुआ। फिल्म निर्देशक आनंद ने कहा कि फिल्म में सुरजू एक कम पढ़ा लिखा व्यक्ति हैं जो समाज और राजनीति का अच्छी समझ रखता है सुरजू समता मुलक समाज का पक्षधर हैं परिवार वादि राजनीति से घृणा करता है इसी मन से सुरजू नायक का रक्षक बनता है फिल्म मारधाड़ एक्शन से भरपूर होगी।

### जांच में सरकारी धनराशि का गबन करने का आरोप सही पाया गया

**जन एक्सप्रेस। बीसलपुर।** निर्माण व मनरेगा कार्यो में सचिव व ग्राम प्रधान से सांठ गांठ कर हजारों की धनराशि का दुरुपयोग करने वाले रोजगार सेवक को उपयुक्त श्रम रोजगार पीलीभीत ने कारण बताओं नोटिस जारी किया है। 15 दिनों के अंदर साक्ष्यों सहित संतोष जनक जवाब न देने पर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। ग्राम परसिया के सियाराम दीनदयाल व निरमेश कुमार ने जिलाधिकारी को ग्राम पंचायत में बने सामुदायिक शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र, वाटर हार्वेस्टिंग, इंटरलॉकिंग रोड व मनरेगा कार्यों में रोजगार सेवक द्वारा ग्राम प्रधान व सचिव से मिलकर सरकारी धनराशि का दुरूपयोग करने की शिकायत की थी। डीएम ने जिला गन्ना अधिकारी मुकेश चंद व शारदा सागर खंड के सहायक अभियंता को मामले की जांच सौंपी। जांच टीम ने पिछले दिनों गांव पहुंचकर आरोपी की स्थलीय जांच की थी। जांच में इंटरलॉकिंग कार्य, मनरेगा कार्य व अन्य निर्माण कार्यों में भारी खामियां मिली थी। कार्यों में 30325 की धनराशि का दुरुपयोग कर लेने का आरोप सही पाया गया। जांच पूर्ण होने के बाद उपयुक्त श्रम रोजगार ने रोजगार सेवक ललित कुमार को नोटिस जारी कर 15 दिनों के अंदर स्पष्टीकरण न देने पर मनरेगा एक्ट के तहत विभागीय कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। मामले की सूचना जिलाधिकारी को भी भेजी गई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता की मृत्यु, पति सहित सात के विरुद्ध प्राथमिकी

- नव विवाहिता की हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप
- कार की मांग पूरी न करने पर हत्या करने का आरोप

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

> मृतक की मां ने दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है ।पति सहित सात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।
> –राजीव शर्मा, इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर

संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता का शव कमरे के अंदर फंदे से लटके मिला था।सीओ और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाए थे।मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सात आरोपितों के विरुद्ध दहेज हत्या की प्राथमिकी की है। बुधवार नगर के मोहल्ला लाइन पर साहूकारा निवासी जगदीश सिंह की पत्नी साक्षी सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई।शव कमरे मे फंदे से लटका हुआ था। पुलिस के पंहुचने से पहले ही स्वजनों ने शव को फंदे से नीचे उतार लिया था। मौके पर पहुंची पुलिस को शव कमरे में बेड पर पड़ा मिला था। पुलिस क्षेत्राधिकारी विशाल चौधरी और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी। जिसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।बलिया जिले के थाना सहतवार के मोहल्ला दीक्षित निवासी सुनीता सिंह की तरफ से पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया कि उन्होंने पुलिस को बताया कि 12 जुलाई को बेटी साक्षी सिंह की शादी बृजेश सिंह निवासी ग्राम रुस्तमपुर थाना बांसडीह रोड जनपद बलिया के साथ की थी। वर्तमान में वह लाइनपार साहूकार में रह रहे हैं।शादी में वर पक्ष के अनुसार दस लाख रुपए नगद, फ्रिज, वाशिंग, मशीन,एसी गोदरेज अलमारी, डबल बेड, बड़ा बॉक्सा, बर्तन, कान के झुमके, गले की चेन, हार ,अंगूठी पायल, बिछुआ ,सोने के कंगन ज्वेलरी याद सात लाख का दहेज दिया था। इसके बावजूद ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे। ससुराल पक्ष के लोगों ने शादी बाद से ही कार की मांग करने लगे। शादी करने वाला बिचपई हरे राम निवासी पचरुखिया नारायणपुर थाना हल्दी जिला बलिया कार देने का दबाव बनाने लगा। दहेज की मांग पूरी न होने पर एक माह के अंदर बेटी का शव आने की धमकी दी। मायके पक्ष ने कार देने मे असमर्थता जताई। इसके बाद पति लगातार उनकी बेटी को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। आरोप है कि कार की मांग पूरी न होने पर सभी ने एक राय होकर विवाहिता की हत्या कर दी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति सहित सात के विरुद्ध दहेज हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है।

# सात दिवसीय समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला चारों सहकारी गन्ना विकास समितियों का हुआ शुभारंभ

- जिला गन्ना अधिकारी ने सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत एवं पूरनपुर मे सट्टा प्रदर्शन मेले का किया स्थलीय निरिक्षण

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**




गुरुवार को सात दिवसीय समिति स्तरीय सट्टा प्रदर्शन मेला जनपद की चारो सहकारी गन्ना विकास समितियों में शुरू हो गया है। प्राथमिक कैलेंडर वितरण के बाद यदि गन्ना सट्टा मे कोई कमी रह जाती है तो किसान भाई इस मेले मे आकर सही करवा सकते है। इसके लिए गन्ना समितियों पर गन्ना पर्वेक्षकवार, सर्किलवार टेबल लगायी गयी है। किसान भाई प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक समिति पर आकर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत मे 28, पूरनपुर मे 24 बीसलपुर मे 23 एवं मझोला मे 6 टेबल लगायी गयी है। सट्टा प्रदर्शन मेला मे पहले दिन 299 किसानो ने अपने अभिलेख देखे स इसके साथ ही 178 किसानो ने आपत्तियाँ दर्ज करायी स सभी सचिवों को निर्देश दिये गए है कि वह इस दौरान आगंतुक गन्ना किसानो के लिए स्वच्छ पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था रखे। इसके साथ ही नये सदस्य बनने के लिए एवं उपज बढ़ोत्तरी की रसीद काटने के लिए एक पृथक से काउंटर खोले स यदि कोई गन्ना किसान समिति सदस्यता हेतु ऑनलाइन आवेदन नही कर पाता है तो समिति के सचिव अथवा सर्किल के गन्ना पर्वेक्षक उसकी मदद करेंगे। समिति के सदस्य बनने के लिए आखिरी तारीख 30 सितम्बर है। सभी गन्ना विकास समितियों पर ऑनलाइन सदस्ता हेतु अलग से काउंटर लगाये गए है। सट्टा प्रदर्शन मेला के पहले दिन जनपद की सभी समितियों मे कुल 178 आपत्तिया प्राप्त हुई जिसमे से 159 आपत्तियों का मौके पर निस्तारण किया गया। इसी क्रम मे आज खुशी राम भार्गव जिला गन्ना अधिकारी पीलीभीत द्वारा सहकारी गन्ना विकास समिति पीलीभीत एवं पूरनपुर मे सट्टा प्रदर्शन मेले का स्थलीय निरिक्षण किया। पूरनपुर गन्ना समिति मे कुल 362 राजस्व ग्रामो मे गन्ना खेती होती है। इस समिति के 35723 आपूर्तिकर्ता सदस्य है जो कि समिति के माध्यम से चीनी मिल पूरनपुर, बरखेड़ा, पीलीभीत, गुलरिया, मकसूदापुर एवं संपूर्णानगर को अपने गन्ने की आपूर्ति करते है। सहकारी गन्ना विकास समिति पूरनपुर मे सट्टा प्रदर्शन मेले के निरिक्षण के समय ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पूरनपुर संजय श्रीवास्तव, पूरनपुर चीनी मिल के मुख्य गन्ना अधिकारी अजय यादव, एल. एच.चीनी मिल के उप गन्ना प्रबंधक पुष्पेंद्र चिकारा, बरखेड़ा चीनी मिल के सहायक गन्ना प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह, मकसूदापुर चीनी मिल के सहायक गन्ना प्रबंधक सतीश सिंह, गुलरिया चीनी मिल के आशुतोष द्विवेदी ,गन्ना किसान सुखवीर सिंह लारी,लखविंदर सिंह, सुरेश चंद, गेंदन लाल, राम कृपाल, जगदीश व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## गौरी शंकर मंदिर में लगा श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार

**जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार**



**पीलीभीत।** गणेश उत्सव एवं श्री राधा अष्टमी के उपलक्ष्य में जनपद के सुप्रसिद्ध गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार दरबार संचालक सभासद महंत सेवक विशाल के नेतृत्व में लगाया गया जिसमें सैकड़ो भक्तों की भीड़ इस भव्य दरबार में मौजूद रहीं। और महंत सेवक विशाल के भजनों पर सभी ने हाथ उठाकर तालियां बजाकर दरबार में आकर जय जयकार कर जमकर झूमे। बताते चले कि जहां मंदिरों में भव्य सजावट की गई जिस पर महंत सेवक विशाल द्वारा श्री बालाजी महाराज एवं राधा रानी गणपति बप्पा के मधुर मधुर भजन गाए गए। वही यह दरबार श्री गौरी शंकर मंदिर के महंत जयशंकर उर्फ लल्ला महाराज के द्वारा आयोजित किया गया तथा अंत में बालाजी महाराज की आरती कर सभी को प्रसाद वितरित किया गया।

# वन विभाग की टीम ने मछली का शिकार कर रहे तीन शिकारियों को पकड़ा

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** अवैध रूप से जंगल में घुसपैठ कर मछलियों का शिकार कर रहे तीन शिकारियों को वन विभाग की टीम ने दबोच लिया। पकड़े गए शिकारियों से जाल आदि बरामद किया गया।वन विभाग ने शिकारियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जुर्माना वसूल कर छोड़ दिया।
पीटीआर की दियोरिया रेंज में हो रही अवैध घुसपैठ पर लगाम नहीं लग पा रही है। शिकारी लगातार जंगल में घुसपैठ कर वन संपदा और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। बुधवार दियोरिया रेंज की नवदिया बंकी वीट की के जंगल में दाखिल हुए शिकारी खन्नौत नदी में मछली का शिकार कर रहे थे।वन दरोगा रघुवीर सिंह रावत टीम के साथ गश्त कर रहे थे।टीम को देख शिकारियों ने भागने का प्रयास किया।वन दरोगा ने टीम के साथ घेराबंदी कर शिकारियों को पकड़ लिया। पकड़े गए शिकारियों को रेंज कार्यालय लाने के बाद पूछताछ की गई।पकड़े गए शिकारियों ने अपना नाम मनोज, विद्याराम, बिषपाल गांव महोलिया थाना बिलसंडा का निवासी बताया।पकड़े गए शिकारियों के पास से पकड़ी गई मछली,जाल आदि बरामद हुआ।वन विभाग ने आरोपितों के 9/5 की धारा में केस दर्ज किया। जुर्माना वसूल करने के बाद आरोपियों को छोड़ दिया गया। डिप्टी रेंजर दिनेश गिरी ने बताया कि पकड़े गए शिकारियों के विरुद्ध केस दर्ज किया गया है।

# जौनपुर को फूलों की खेती में ग्लैडियोलस का मिला लक्ष्य

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

उद्यान विभाग को 05 हे0 लघु एंव सीमान्त कृषक और 02 हे0 अन्य कृषक को खेती कराने का मिला लक्ष्य- ग्लेडियोलस एक बहुत ही सुन्दर फूल है जो सबसे ज्यादा लोकप्रिय फूलों में से एक है। इसके पौधो की उंचाई 2 से 8 फीट तक होती है। भारत में ग्लेडियोलस सबसे लोकप्रिय व्यवसायिक कट फ्लावर फसल बन गया है। ग्लेडियोलस की मांग दिन प्रतिदिन बढ़ रही है ग्लेडियोलस उद्यान एंव फूलो की सजावट के लिए आदर्श है ग्लेडियोलस गुलदस्ते के लिए बहुत अच्छा है। ग्लेडियोलस का प्रयोग औषधी के रूप में किया जाता है, जैसे दस्त और पेट की गडबड़ी में बहुत ही लाभकारी है। ग्लेडियोलस की खेती करके किसान अधिक धन कमा के अपनी आय दोगुनी कर सकते है।



जिस खेत में ग्लैडियोलस की खेती करनी हो उसकी 2 से 3 बार अच्छी तरह से जुताई करके मिट्टी को भुरभुरा बना लेना चाहिए बुवाई करने का सही समय मध्य अक्टूबर से नवंम्बर तक रहता है। ग्लैडियोलस 01 हे0 भूमि मे रोपाई हेतु लगभग दो लाख कन्दो की आवश्यकता पड़ती है पौधो से पौधो की दूरी 20म20 से0मी0 से एवं गहराई 05 से0मी0 पर रोपाई करनी चाहिए। ग्लेडियेलस की खेती में लागत तीन लाख रूपये आती है और मुनाफा दस लाख तक सम्भावित है। हालांकि इसके सफल उत्पादन के लिए किसानों को कुछ सावधानियां बरतनी पड़ती है। इसके साथ ही, जिला उद्यान विभाग द्वारा ग्लैडियोलस की खेती पर अनुदान अनुमन्य है, अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी से सम्पर्क कर के खेती के बारे में अधिक जानकारी ले सकते है।

# बिल्हौर इकाई अटेवा टीम ने शिक्षिका आशा कटियार सहित अन्य शिक्षकों को सम्मानित किया

**सम्मान पाकर शिक्षकों के चेहरे खिले**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो





बिल्हौर खंड शिक्षा कार्यालय परिसर में क्षेत्र का प्रदेश में मान सम्मान बढ़ाने वाली संविलियन विद्यालय गोहलियापुर की शिक्षिका श्रीमती आशा कटियार का अटेवा की बिल्हौर इकाई द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले कुछ शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी सम्मानित किया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र पर खण्ड शिक्षा अधिकारी रवी कुमार सिंह के निर्देशन में आयोजित सम्मान समारोह में अटेवा के ब्लॉक अध्यक्ष मोहन मुरारी कटियार, महामंत्री तेज बहादुर और उपाध्यक्ष अजय सिंह पाल व आकाश बाजपेई ने आशा कटियार गोहलियापुर, यकृति कटियार बरौली, ज्योति विश्नोई औरंगपुर सांभी और पंकज कटियार नासिरापुर का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इनके साथ ही विद्यालय की जिन शिक्षकों को पुरस्कार मिला है उन विद्यालयों के सभी स्टाफ को भी फूल माला पहनाकर सम्मान बढ़ाया गया है।

संवमिलियन विद्यालय गोहलियापुर कल्पना देवी, उषा पाल, प्रज्ञा कुशवाहा, जया मिश्रा वंदना कटियार, माडवी सिंह, प्राथमिक विद्यालय औरंगपुर सांभी से निरुपमा पांडे ज्योति बिश्नोई साधना कटियार, उच्च प्राथमिक विद्यालय नसिरापुर से पंकज कटियार जिले पर होने की वजह से के स्थान पर सरिता कटियार, अपूर्वा भारती आदि

अटेवा ब्लॉक अध्यक्ष मोहन मुरारी ने अपने संबोधन में कहा कि आशा कटियार को राज्य स्तर पर मिला पुरस्कार पूरे ब्लॉक, तहसील और कानपुर नगर को मिला पुरस्कार है। खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह ने बताया कि अटेवा शिक्षा जगत में साराहनी कार्य कर रहे हैं जो आज के समय में सम्मान पाने वालों को सम्मान दे रही हैं और सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं इससे शिक्षा जगत में एक मजबूत इकाई बनकर उभरी है। आपातकाल में शिक्षकों का आर्थिक रूप से सहयोग करते रहते हैं।

# बिल्हौर नगर पालिका के नाले पर अतिक्रमण व सफाई न होने से गंदा पानी कचहरी के बस्तो में घुसा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर नगर पालिका द्वारा समय से नालों की सफाई न होने से तहसील परिसर से गुजरे नाला अतिक्रमण के चलते पूरी तरह से बंद हो गया है कहीं-कहीं पर नाला बंद भी कर दिया गया है जिसके चलते बरसात में गंदा पानी ओवर होकर कचहरी के अधिवक्ताओं के वस्तो की गलियों और बस्तो में घुसना शुरू हो गया है यह पानी गंदा बीमारियों को न्योता दे रहा है जैसे बारिश कम होगी या पानी सूख जाएगा और मच्छरों का पैदा होना शुरू हो जाएगा धीरे-धीरे मच्छरों का प्रकोप बढेगा और बीमारियां भी बढ़ना शुरू हो जाएंगी नगर पालिका चौराहे से लेकर यह नाला कचहरी होता हुआ कसौडे वाले नाले में मिलता है अब अतिक्रमण के चलते सफाई न करने का बहाना नगर पालिका प्रशासन को मिल गया है कि वहां पर दुकानें बनी है सफाई कैसे हो और टूटे नाले की मरम्मत कैसे कराई जाए इस संबंध में पिछले दिनों तहसील दिवस में सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी ने प्रार्थना पत्र अधिकारी को सौप था जिस पर अधिकारियों ने आदेश भी कर दिया था लेकिन अभी तक कोई भी सफाई का काम चालू नहीं हुआ है बिगत तीन दिनों से मूसलाधार बारिश का परिणाम यह है कि गंदा पानी इधर-उधर दुकानों और कचहरी में घुसने लगा है। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका है कि आखिरकार नाले की सफाई कब शुरू होगी।

## शिक्षक की हत्या में हिस्ट्रीशीटर समेत दो को आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। नौ साल पहले शिक्षक की गोली मारकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने हिस्ट्रीशीटर व उसके साथी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 65-65 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, साक्ष्य के अभाव में महिला समेत दो आरोपियों को दोषमुक्त करते हुए कोर्ट ने बरी कर दिया। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव के रामभरोसे क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में शिक्षक थे और छिबरामऊ में उनका मकान व खाद की दुकान भी थी। 21 सितंबर 2015 की शाम को वह दुकान बंद कर बाइक से गांव जा रहे थे। जैसे ही वह भोजपुर गांव के पास पुलिया पर पहुंचे तो उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्यारे उनकी जेब में पड़े रुपये व लाइसेंसी रिवॉल्वर भी लूट ले गए थे। उनके बेटे बृजकिशोर ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया। विवेचना में ग्राम उस्मानपुर निवासी अनुज प्रताप सिंह, धर्म सिंह राठौर उर्फ धर्मा, विमला देवी व शेखपुर निवासी जगभान सिंह उर्फ गुड्डू के नाम सामने आए। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई लाइसेंसी रिवॉल्वर भी बरामद कर ली थी। बुधवार को विशेष न्यायाधीश (एंटी डकैती) इंद्रजीत सिंह ने अनुज प्रताप सिंह व जगभान सिंह को दोष सिद्ध करते हुए शिक्षक की हत्या में आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए दोनों पर 60-60 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया।

# बिल्हौर के रामपुर नरूवा स्थित अटल आवासीय विद्यालय में बच्चों को जिलाधिकारी द्वारा किया गया पुरस्कृत





जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर ब्यूरो।** बिल्हौर तहसील क्षेत्र के रसूलाबाद थाना क्षेत्र में स्थित रामपुर नरूवा गांव में बना हुआ है प्रदेश में स्थित 18 अटल आवासीय विद्यालयों के शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारम्भ माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ द्वारा लखनऊ स्थित अटल आवासीय विद्यालय से किया गया। जिसका सजीव प्रसारण अटल आवासीय विद्यालय रामपुर नरूआ, कानपुर नगर में किया गया जिसमें कक्षा 6 एंव कक्षा-9 के नवप्रवेशित कुल 272 एंव पूर्व में अध्ययनरत 76 छात्र/छात्राओं सहित कुल 348 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण के उपरान्त विद्यालय के छात्र/छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना एंव मुख्य अतिथि राज्यमंत्री बाल विकाश एंव पुष्टाहार श्रीमती प्रतिभा शुक्ला जिलाधिकारी तथा अन्य अतिथि गणों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर आरम्भ किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री बाल विकाश एंव पुष्टाहार श्रीमती प्रतिभा शुक्ला द्वारा छात्र/छात्राओं को आर्शीवाद प्रदान करते हुये छात्र/छात्राओं से भविष्य में क्या बनेगें पूछा तो जिस पर कु0प्रांशी ने आर्मी आफीसर व कुछ अन्य छात्रा/छात्राओं द्वारा पुलिस आफीसर, डॉक्टर एंव इंजीनियर बनने की बात कही है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह द्वारा अपने संबोधन में कहा कि मजदूर वर्ग के लोगो के लिए अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देना एक सपना था इस सपने को माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उत्तर प्रदेश में अटल आवासीय विद्यालय के रूप में विकसित किया है, जिसमें बच्चों को बेहरत आवसीय वातावरण में उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान की जा रही है।

मुख्य अतिथि एंव अन्य अतिथि गणों द्वारा विद्यालय में रचनात्मक एंव सृजनात्मक कार्यो में अच्छा प्रदर्शन करने वाले कक्षा 7 के अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया । जिसमें कु0 गोल्डी, कु0सोनाक्षी, कु0 गायत्री, भौतिक, आनंद, अक्षित एंव प्रतीक को मंच से पुरस्कृत एवं प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। विद्यालय की कक्षा 7 की ही छात्रा गोल्डी को विज्ञान रत्न से पुरस्कृत किया गया जिसने वैज्ञानिक बनने की इच्छा प्रकृट की है।

शैक्षणिक सत्र के शुभारम्भ में विधायक बिल्हौर राहुल बच्चा सोनकर, माननीय विधायक रसूलाबाद श्रीमती पूनम शंखवार एंव शुभम् बाजपेई ब्लाक प्रमुख शिवराजपुर. अनिल उपाध्याय प्रदेश महामंत्री भारतीय मजदूर संघ एंव सुखदेव मिश्रा पूर्व राष्ट्रीय मंत्री भारतीय मजदूर संघ, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन के अपर श्रमायुक्त कानपुर क्षेत्र, कानपुर पी0 के0 सिंह, सहायक श्रमायुक्त कानपुर क्षेत्र कानपुर रामलखन पटेल व श्री कीर्तिवर्धन के साथ-साथ श्रम विभाग के सभी श्रम प्रवर्तन अधिकारी एंव प्रधानाचार्या सरिता राज्य कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा विद्यालय के सभी शिक्षकगण विभाग के कर्मचारी गण उपस्थित रहें।

# बिल्हौर तहसील क्षेत्र में लगातार 40 घंटे बारिश से किसान कराह उठा



जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में मंगलवार और बुधवार की रात लगभग 2=00 से लगातार मूसलाधार रुक-रुक कर बारिश गुरुवार को शाम 5:00 बजे कुछ समय के लिए रुकी इस बारिश ने किसान और जानवरों के लिए आफत ला दी है किसानों के लिए धान में जिन खेतों में बाली निकल रही है उन खेतों की धान की फसल जमीन पर गिर गई है जिससे अगर और बारिश हो गई तो धान सड़ने लगेगी वहीं पर धान की पछेती फसलों और सब्जी की फसलों में फायदेमंद साबित हो रही है वहीं आलू अगेती की फसल गडाई भी लेट होने की संभावना बनी हुई है अगेती आलू की फसल बोने वाले किसान 15 सितंबर से आलू कोल्ड स्टोर से निकलकर घरों में सुखाते हैं आलू के बीज का शोधन कर एक हफ्ते बाद में गडाई का काम चालू कर देते हैं वह भी आप लेट होता नजर आ रहा है कुछ किसान आलू लेकर घरों पर डाल दिया है

लेकिन जब खेत में आलू गाड़ने योग्य नहीं बन पाएंगे तो आलू का बीज भी खराब होने लगेगा वहीं पर जानवरों के लिए बैठने का स्थान गीला है जिससे बारिश में ही खड़े जानवर जो दूध देने वाले पशु जैसे गाय/भैंस दूध देना कम कर दिया है और उनको भरपेट चारा नहीं मिल पा रहा है जिससे दूध कम देने लगी है जिससे किसान और परेशान हो गया है किसान धर्मेंद्र कटियार, संजू कटियार, श्रीकृष्णा यादव, अशोक कुमार, रामनरेश, कमलेश कुमार, अजमेर, बालक राम, जयसिंह आदि ने बताया किआलू की फसल लेट होगी और कोल्ड स्टोर में जो रखा आलू है उसके भाव बढ़ने की उम्मीद है।

## डिंपल यादव ने भाजपा को घेरा, बोलीं- महिला सुरक्षा पर खड़े किए सवाल?

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

इन दिनों में यूपी में उपचुनाव की सरगर्मी है। विभिन्न पार्टियों के नेता जीत के लिए कमान संभाले हुए दिख रहे हैं। मैनपुरी जिले की करहल सीट पर भी उपचुनाव होना है। यह सीट इसलिए काफी चर्चा में है, क्योंकि यहां से सपा मुखिया अखिलेश यादव विधायक थे। कन्नौज से सांसद बनने के बाद, उन्होंने यह सीट छोड़ी है।

मैनपुरी से अखिलेश यादव की पत्नी और सपा नेता डिंपल यादव, वर्तमान सांसद हैं। डिंपल मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र पहुंची। यहां करहल में उन्होंने लोगों से मुलाकात की। इस दौरान समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में उन्होंने भाजपा को निशाने पर लिया। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। डिंपल यादव ने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सच बोल रहे हैं। जब भी सच बोला जाता है, तो भाजपा को तकलीफ पहुंचती है। उन्होंने बेरोजगारी पर सरकार को घेरा। कहा कि मैं युवाओं से यह बात पूछना चाहती हूं, कि क्या उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी नहीं है? सपा सांसद ने महिलाओं की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि अग्निवीरों के लिए सरकार ने क्या व्यवस्था की है? पूरी दुनिया जानती है कि आज उत्तर प्रदेश और देश में बेरोजगारी है।

## भ्रष्टाचार की नियत से धरातल में सहयोग मौजूद टेंडरों को शिकायत के बाद अधिकारी ने करे निरस्त

जन एक्सप्रेस । रवींद्र कुमार भारतवंशी। हमीरपुर। भ्रष्टाचार की नियत से बनाए गए टेंडरों को अधिशाषी अधिकारी मौदहा ने शिकायत के बाद किया निरस्त, बिना कारण बताये टेण्डर निरस्त करने का राइट है मुझे कहते अधिकारी के पसीने छूटे7 उक्त वक्तव्य मौदहा नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी का है। जिन्होने दिनांक 5 सितम्बर को कस्बे के विकास हेतू आमन्त्रित 18 टेण्डर निरस्त करने की पुष्टि आज कर दी है। दिनांक 27 अगस्त 2024 को पालिका मौदहा की ओर से कस्बे के वार्ड नम्बर 2,3,4,6,7,9,16,19 व 25 मे 18 कार्यो के लिये कुल 1658886 रूपये के टेण्डर आमन्त्रित किये गये थे। जिसके अन्तर्गत मीरातालाब के पास स्थित मोक्षधाम मे पहले से ही रखी पानी की टंकी सहित अन्य तमाम वो कार्य जो धरातल मे मौजूद है, टेंडर आमंत्रित थे। अब इन कार्यो के टेंडर क्यों आमन्त्रित किये गये थे, फोन डिस्कनेक्ट कर दिए जाने के चलते इसका जवाब फिलहाल अधिशाषी अधिकारी से नहीं मिल सका और फोन रिसीव न होने के चलते उक्त प्रकरण पर पालिका अध्यक्ष का भी पक्ष नहीं लिया जा सका। जबकि कार्ययोजना का स्टीमेट बनाकर इस योजना मे अहम भूमिका निभाने वाले जेई साहब भी अस्पताल मे होने के चलते फिलहाल अपना पक्ष नहीं रख सके। बताते चलें कि विकास कार्यो के नाम पर जनता की गाढी कमाई से 1658886 रूपया ठिकाने लगाने के लिये ही इन टेण्डरों को आमन्त्रित किया गया था किन्तु प्रकरण मीडिया मे उजागर होने के बाद हुयी फजीहत से बचने के लिये पालिका प्रशासन ने पत्रांक सख्या 585 मे दर्शाये गये 18 कार्यो के टेण्डर निरस्त किये, यही कस्बे मे आम चर्चा है। इतना ही नही, नाम न छापने की शर्त पर कुछ सभासदों द्वारा बताया गया वर्तमान मे पालिका मे भ्रष्टाचार चरम पर है यन्त्रों की खरीद वास्तविक दरों से कई गुना महंगी की जा रही है तो बिना कार्य कराये ही ठेकेदारों को बडे बडे भुगतान इसी तरह की गोपनीय टेण्डर प्रक्रिया अपना कर किया जाना अब आम बात हो गयी है। जबकि मांगने पर भी कार्ययोजना आदि के रजिस्टर दिखाने के लिये टालमटोल अपनाया जा रहा है, जो जांच का विषय है।

# भाई को बचाने के लिए किया ट्रांजेक्शन बुआ ने भाजपा नेता पर लगाए ये आरोप



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कन्नौज जिले में किशोरी दुष्कर्म कांड के सहआरोपी पूर्व ब्लॉक प्रमुख नीलू यादव और पीड़िता की बुआ ने पुलिस की कस्टडी रिमांड के दौरान कई अहम राज खोले हैं। दोनों ने पुलिस को बताया कि मुख्य आरोपी नवाब सिंह को बचाने का उन्होंने भरसक प्रयास किया था। नीलू ने भाई को बचाने के लिए किशोरी का मेडिकल परीक्षण न करवाने तथा कोर्ट में बयान न देने के एवज में पीड़िता की बुआ को चार लाख रुपये का ट्रांजेक्शन किया था। पुलिस ने इस संबंध में नीलू के पैतृक गांव से साक्ष्य एकत्र किए हैं।

बुधवार को कोर्ट के आदेश पर किशोरी दुष्कर्म कांड के सह आरोपी नीलू यादव व पीड़िता की बुआ को कड़ी सुरक्षा में जिला कारागार अनौगी से सदर कोतवाली लाया गया। सदर कोतवाल कपिल दुबे की जीप पर नीलू तो महिला थानाध्यक्ष रंजना पांडेय की जीप पर बुआ को लाया गया। एसपी के आदेश पर पूरे रूट की ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई तथा सदर कोतवाली को छावनी बना दिया गया। गेट पर बैरियर लगाकर भारी तादाद में पुलिस व पीएसी के जवानों को तैनात किया गया।

आरोपियों के साथ कोर्ट के आदेश पर उनके वकील भी पूरी कार्रवाई के दौरान साथ रहे और इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई। कोतवाली के बंद कमरे में पर्यवेक्षण अधिकारी सीओ सिटी कमलेश कुमार व विवेचक सदर कोतवाल कपिल दुबे ने दोनों से पूछताछ की। इसके बाद पुलिस नीलू को लेकर उसके पैतृक गांव अड़ंगापुर गई, जहां से कई दस्तावेज बरामद किए। पूछताछ के बाद दोनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां मेडिकल परीक्षण कराने के बाद उन्हें जिला कारागार भेज दिया गया।

### अब बुआ ने भाजपा जिलाध्यक्ष पर लगाया आरोप

जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण के लिए पहुंची पीड़िता की बुआ ने भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया का नाम लेकर सबको चौंका दिया। मीडिया के सामने उसने कहा कि वीर सिंह भदौरिया समेत दो अन्य लोग इस साजिश में शामिल हैं। जल्द ही वह जेल से छूटकर आएगी तो खुलासा करेगी। वहीं, इस बारे में भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया का कहना है कि उनका इस केस से कोई लेना देना नहीं है। मामले को राजनीतिक तूल देने के लिए उनका नाम लिया जा रहा है। इससे पहले वह सपा के कई अन्य नेताओं के नाम ले चुकी है। कई लोगों को वह फर्जी केस में फंसा चुकी है।

### पहली बार की गई ड्रोन कैमरे से निगरानी

पुलिस कस्टडी रिमांड पर दोनों आरोपियों को लाने और ले जाने के रूट की पहली बार ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई। एसपी के निर्देश पर सर्विलांस टीम ने पूरे रूट की कैमरे से निगरानी की। हाईप्रोफाइल मामला होने के कारण पुलिस कोई लापरवाही नहीं बरतना चाहती थी। रूट पर संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी गई। एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि सुरक्षा कारणों से कड़े बंदोबस्त किए गए थे। सीओ सिटी और विवेचना में लगी टीम की बैठक बुलाई गई है। इसी सप्ताह चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी जाएगी।

### दोनों से दो-दो घंटे हुई पूछताछ, हुई वीडियोग्राफी

एसपी ने बताया कि सदर कोतवाली में आरोपी नीलू यादव व बुआ से कैमरे के सामने दो-दो घंटे पूछताछ की गई। रुपयों के लेनदेन की बात कुबूल की है, लेकिन कई अहम सवालों के जवाब नहीं दिए। हालांकि चार लाख रुपये के लेनदेन के बारे में पुलिस के पास साक्ष्य पहले से ही मौजूद हैं। पुलिस कस्टडी रिमांड के बाद केस और भी मजबूत हो गया है, जिसके आधार पर फास्ट ट्रैक कोर्ट की तरह मुकदमे का ट्रायल कराया जाएगा। इस रिमांड के बाद प्रचलित विवेचना का निस्तारण कर दिया गया।

## करंट की चपेट में आने से गर्भवती की मौत

जन एक्सप्रेस । कन्नौज। तिर्वा। घर में पंखा चलाते समय गर्भवती करंट की चपेट में आ गई। परिजन उसे पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के करौंदा शाहनगर गांव निवासी श्यामकिशोर की पत्नी पूनम (25) बुधवार दोपहर बिजली के बोर्ड में पंखा का तार लगा रही थी। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। हादसा देख परिजन आनन फानन में उसे पास के ही स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पति श्यामकिशोर ने बताया कि पूनम गर्भवती थी और एक दो साल का बेटा है। थाना प्रभारी अरुण कुमार चौधरी ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है।

# हज़रत मुख़्तार निजामी का सालाना उर्स होने पर शहर में लंगर का सिलसिला शुरू



जन एक्सप्रेस । हमीरपुर

प्रसिद्ध सूफी संत हजरत मुख़्तार अहमद निजामी का तीन दिवसीय सालाना उर्स मुबारक आज से मौदहा में शुरू हो गया।

कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज स्थित हज़रत मुख़्तार अहमद निजामी र0अ0 का चार दिवसीय सालाना उर्स मुबारक आज शुक्रवार से शुरू हो गया है। उर्स में बृहस्पतिवार की रात आस्ताने में मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया, शुक्रवार को सुबह कुरानख्वानी के साथ दिन में चादरपोशी और लंगर का सिलसिला शुरू होगा जो देर शाम तक चलेगा और दिन के तीसरे पहर बाबा के पैतृक मकान से चादर निकाली जाएगी जो मोहाल भ्रमण के बाद आस्ताने में पेश की गई और रात में शानदार कव्वालियों का आयोजन हुआ। इसी तरह शनिवार को सुबह कुरानख्वानी के बाद दिन मे लंगर और रात में महफिल शिमां का आयोजन किया जाएगा, इसके अगले दिन रविवार को सुबह कुल शरीफ की महफ़िल और लंगर होगा। इसी क्रम में देर रात ईद-मिलादुन्नबी के पर्व पर शानदार अल इंडिया नातियां मुशायरे का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी उर्स कमेटी के सदर हसन निजामी ने दी।

## दिनभर होती रही बारिश, गलियों से सड़कों तक भरा पानी

जन एक्सप्रेस । मैनपुरी। सुबह से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला बुधवार को पूरे दिन जारी रहा। धीमे तो कभी तेज बारिश होती रही। गलियों से लेकर सड़कों तक पानी भर गया। स्कूलों की छुट्टी हुई तो बच्चे भीगते हुए घर पहुंचे। धान की फसल के लिए बारिश वरदान साबित हुई है। दिनभर में कुल 29 मिमी बारिश मैनपुरी में दर्ज की गई। सुबह छह बजे से ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई थी। इसके चलते मौसम भी ठंडा हो गया था। दिन के साथ ही बारिश की रफ्तार भी बढ़ती गई। दोपहर दो बजे के करीब हुई जोरदार बारिश से हर तरफ पानी ही पानी हो गया। निचले मोहल्लों में पानी भर गया। सबसे अधिक परेशानी राजीव गांधी नगर, नगला शिवलाल, मोहल्ला अग्रवाल, छपट्टी समेत अन्य मोहल्लों में हुई। यहां लोग घुटनों तक भरे पानी के बीच से होकर अपने घर तक पहुंचे। दोपहर में स्कूलों की छुट्टी के दौरान बच्चों के साथ-साथ अभिभावकों को भी परेशानी उठानी पड़ी। दिनभर में कुल 29 मिमी बारिश मैनपुरी में दर्ज की गई। बारिश के चलते लोगों के लिए परेशानी बढ़ गई है, लेकिन धान की फसल के लिए ये बारिश फायदेमंद साबित हुई है।

## बारिश से गिरा कच्चा मकान मलबे में दबकर महिला सहित दो की मौत



जन एक्सप्रेस । मैनपुरी

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में गुरुवार को बारिश के चलते कच्चा मकान ढह गया। मलबे में दबकर महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई। घटना के बाद घर में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर गांव के लोग जमा हो गए। ग्रामीण परेशान परिजन को ढांढस बंधाते रहे।

घटना कुरावली थाना क्षेत्र के राजलपुर गांव की सुबह 8 बजे की है। गांव में विधवा महिला ममता (40) और दिलीप निवासी उशीर गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद के ऊपर कच्चा मकान गिर गया। दोनों लोग मलबे में दब गए। शोर सुनकर गांव के लोग मौके की तरफ भागे। ग्रामीण जब तक मलबा हटाकर दोनों को निकाल पाते, तब तक उनकी मौत हो गई। घटना से घर में रोना पिटना शुरू हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करके जानकारी ली। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**भारतीय रेल**

**"सार्वजनिक सूचना"**

रेलवे एवं परिसरों के सभी उपभोक्ताओं को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि रेलवे के निम्नलिखित खंड पर 25000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज एसी. सिरोपरि कर्षण तारों को खंड के सामने विनिर्दिष्ट तारीख को या उसके बाद में ऊर्जित किया जाएगा। उस तारीख को और उस तारीख से सिरोपरि कर्षण लाइन को सभी समय हमेशा के लिए विद्युतीकृत माना जाएगा और कोई भी अनधिकृत व्यक्ति उस सिरोपरि लाइन के समीप दाखिल होने या काम करने नहीं जाएगा।

| सेक्शन (खण्ड) | मण्डल (डिविजन): लखनऊ |
|---|---|
| उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के जंघई स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंगः किमी 845/28-29 (चौ. 845/818.50) से किमी 848/19 (चौ. 848/488.50) और प्रयागराज साइड स्थान किमी 1/1-2 (चौ. 1/26.50) से किमी 2/23 (चौ. 2/623.50) और जाफराबाद साइड स्थान किमी 00/02 (चौ. 503.00) के किमी 1/2 (चौ. 1/576) ए.टी. सहित संबंधित टर्नआउट और क्रॉसओवर के साथ। | दिनांकः 15.09.2024 |

**के.वी. ट्रैक्शन लाइन का आरंभ 25 सड़क "उपयोगकर्ताओं हेतु अधिसूचना"**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेल खंड **"उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के जंघई स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंगः किमी 845/28-29 (चौ. 845/818.50) से किमी 848/19 (चौ. 848/488.50) और प्रयागराज साइड स्थान किमी 1/1-2 (चौ. 1/26.50) से किमी 2/23 (चौ. 2/623.50) और जाफराबाद साइड स्थान किमी 00/02 (चौ. 503.00) के किमी 1/2 (चौ. 1/576) ए.टी. सहित संबंधित टर्नआउट और क्रॉसओवर के साथ"** पर 25 केवी विद्युत ट्रैक्शन का शुभारंभ किया जाएगा। सभी समपार फाटक हाटज गेज़ का निर्माण सड़क की सतह से स्पष्ट अधिकतम ऊंचाई **4.78 मीटर** पर अत्यधिक ऊंचाई भारों को ट्रैक्शन लाइन **(कांटेक्ट तार), जो कि समपार फाटक पर रेल लेवल से 5.5 मीटर न्यूनतम ऊंचाई पर हो,** के खतरनाक संपर्क में आने से बचाव के उद्देश्य से किया गया है।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भारित वाहनों के लिए उपर्युक्त निर्धारित ऊंचाई का अवलोकन करें तथा यह भी ध्यान रखें कि सड़क वाहनों में लदा हुआ हाइट गेज में किसी भी परिस्थिति में न टकराए।

अधिक ऊँचे भार से निम्न खतरे हैं:

1. हाईट गेज को नुकसान और तत्पश्चात् सड़क व रेल लाइन का अवरोध।
2. स्वयं वाहन अथवा ले जाये जाने वाले सामान अथवा उपकरण को खतरा।
3. बिजली के तारों से संपर्क अथवा खतरनाक समीपता के कारण आग फैलने व जान माल को खतरा।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण
उत्तर रेलवे, लखनऊ

L.No. 134 /Elect./C/Dy.CEE/LKO/Warning/01
Dated: 11.09.2024

2860/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 15 सितंबर को दस नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देंगे पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को देश के विभिन्न राज्यों को 10 नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की सौगात देंगे। ये ट्रेनें उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के कई शहरों से होकर गुजरेंगी। जिससे इन शहरों में रहने वाले लोगों को काफी फायदा होगा। नई 10 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों में से तीन अकेले ओडिशा को मिलेंगी।



## वाराणसी-देवघर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

यह ट्रेन झारखंड के देवघर से वाराणसी के कैंट स्टेशन के बीच चलेगी। यह ट्रेन सुबह वाराणसी से देवघर के लिए रवाना होगी और फिर शाम तीन बजे देवघर से चलकर वापस वाराणसी कैंट स्टेशन पहुंचेगी।

## हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस

यह ट्रेन दोपहर में 2.25 बजे गया से हावड़ा के लिए रवाना होगी और रात करीब आठ बजे तक हावड़ा पहुंचेगी। इसके बाद हावड़ा से अगले दिन सुबह 6.50 बजे चलेगी और दोपहर में करीब 1.20 बजे गया जंक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन कोडरमा, पारसनाथ, धनबाद, प्रधानखनटा, आसनसोल, दुर्गापुर से होकर गुजरेगी।

### दुर्ग-विशाखापत्तनम वंदे भारत एक्सप्रेस

यह ट्रेन सुबह छह बजे दुर्ग से चलेगी और दोपहर में करीब ढाई बजे विशाखापत्तनम पहुंचेगी। दोपहर में 3.15 पर यह ट्रेन वापसी के लिए विशाखापत्तनम से रवाना हो जाएगी और रात करीब 11.50 बजे दुर्ग पहुंचेगी।

### राउरकेला-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस

यह ट्रेन सुबह छह बजे हावड़ा से चलेगी और खड़गपुर, टाटानगर, चक्रधरपुर होते हुए 11.50 बजे तक राउरकेला पहुंचेगी। दोपहर में करीब 1.40 बजे यह ट्रेन वापस हावड़ा के लिए रवाना होगी।

### आगरा कैंट-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस

आगरा कैंट स्टेशन से वाराणसी के बीच चलने वाली यह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन टूंडला जंक्शन, इटावा, कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज से होकर गुजरेगी। आगरा से सुबह छह बजे चलकर यह ट्रेन दोपहर में करीब एक बजे वाराणसी पहुंचेगी। साथ ही दोपहर में 3.20 बजे यह ट्रेन वापस आगरा के लिए रवाना हो जाएगी।

### पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस

यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचालित हो सकती है। यह ट्रेन सुबह छह बजे टाटानगर से रवाना होकर सात घंटे की दूरी तय कर बिहार की राजधानी पटना पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दोपहर में तीन बजे पटना से रवाना हो जाएगी और रात करीब 11 बजे टाटानगर पहुंचेगी।

### टाटानगर-बरहामपुर वंदे भारत एक्सप्रेस

टाटानगर-बरहामपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सुबह 5.20 बजे टाटानगर से चलेगी और दोपहर में करीब 2.15 बजे बरहामपुर पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दोपहर तीन बजे बरहामपुर से रवाना होगी और देर रात करीब 12 बजे टाटानगर पहुंचेगी।

### हुबली पुणे वंदे भारत एक्सप्रेस

कर्नाटक के हुबली से महाराष्ट्र के पुणे को जोड़ने वाली यह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सुबह पांच बजे रवाना होगी और दोपहर में करीब डेढ़ बजे पुणे पहुंचेगी। एक घंटे बाद ही यह ट्रेन वापसी के लिए हुबली रवाना हो जाएगी।

### हावड़ा-भागलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन

प्रधानमंत्री 15 सितंबर को जमशेदपुर से जिन वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे, उनमें हावड़ा भागलपुर वंदे भारत भी शामिल है। यह ट्रेन बंगाल के हावड़ा को बिहार के भागलपुर से जोड़ेगी। दोनों शहरों के बीच की दूरी यह ट्रेन करीब 6.20 घंटे में तय करेगी और अन्य ट्रेनों के मुकाबले इससे यात्रियों के करीब ढाई घंटे बचेंगे।

### नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत एक्सप्रेस

ये वंदे भारत एक्सप्रेस नागपुर से सिकंदराबाद को जोड़ेगी और सुबह करीब पांच बजे नागपुर से सिंकदराबाद के लिए रवाना होगी। ये ट्रेन सेवाग्राम, चंद्रपुर, बल्लारशाह, रामागुंडम, काजीपेट होते हुए सिकंदराबाद पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन दोपहर में एक बजे सिकंदराबाद से चलकर रात करीब साढ़े आठ बजे नागपुर पहुंचेगी।

# पेरिस पैरालंपिक में इतिहास रचने वाले पैरा एथलीट्स से मिले पीएम



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पेरिस पैरालंपिक खेलों में इतिहास रचने के बाद आज भारतीय दल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इसका वीडियो भी सामने आया है। पीएम मोदी पैरा एथलीट्स से हंसी मजाक करते नजर आए। उन्होंने इतिहास रचने वाले एथलीट्स और उनके कोच की जमकर तारीफ की। पेरिस पैरालंपिक में रिकॉर्ड 29 पदक जीतने के बाद भारतीय एथलीट्स मंगलवार को देश लौटे थे। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य समेत 29 पदक जीते थे। भारत ने टोक्यो पैरालंपिक का रिकॉर्ड तोड़ा था। टोक्यो में भारत ने 19 पदक जीते थे और देश पदक तालिका में 24वें स्थान पर रहा था, जबकि पेरिस में भारत 18वें स्थान पर रहा। भारत इस बार पेरिस में 25 पार के लक्ष्य के साथ उतरा था और उसे हासिल भी किया। इस दौरान पीएम मोदी के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया भी नजर आए। जूडो में पैरालंपिक पदक जीतकर इतिहास रचने वाले कपिल परमार ने पीएम मोदी को एक मोमेंटो गिफ्ट किया। पीएम मोदी ने फिर कपिल को ऑटोग्राफ भी दिया। वहीं, अवनि लेखरा ने पीएम मोदी को स्वर्ण पदक वाले ग्लव्स और एक जर्सी गिफ्ट की, जिसमें पीएम मोदी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद लिखा था। पीएम मोदी ने अवनि के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया। खेल मंत्रालय द्वारा साझा किए गए 43 सेकंड के वीडियो में पीएम को पदक विजेताओं के साथ बातचीत से पहले उन्हें बधाई देते देखा जा सकता है। भारत ने पैरालंपिक खेलों में अभूतपूर्व सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य पदक सहित 29 पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। भारत ने इस बार सबसे ज्यादा 84 खिलाड़ियों के दल को पेरिस भेजा था।

### पैरालिंपियनों को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया

देश लौटने के बाद से पैरालिंपियनों को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। खेल मंत्री मांडविया ने स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपये, रजत विजेताओं को 50 लाख रुपये और खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले एथलीटों को 30 लाख रुपये दिए हैं। मिश्रित टीम स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को 22.5 लाख रुपये देकर सम्मानित किया गया। इनमें तीरंदाज शीतल देवी शामिल हैं, जिन्होंने राकेश कुमार के साथ कांस्य पदक जीता था।
पेरिस पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर सिंह ने कहा कि वह पीएम मोदी से मिलकर खुश हैं। उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं पेरिस पैरालंपिक में पैरा तीरंदाजी का चैंपियन बनकर लौटा हूं। यह देश के लिए ऐतिहासिक पदक है। मैंने प्रधानमंत्री को फाइनल में इस्तेमाल किया गया अपना एक तीर उपहार के रूप में दिया है। पीएम मोदी ने हमें काफी प्रेरित किया और पदक विजेताओं, प्रतिभागियों और सपोर्ट स्टाफ से बातचीत की।

# दतिया में किले की दीवार ढही, सात की मौत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दतिया

**अशोकनगर।** दतिया जिले में राजगढ़ किले की बाहरी दीवार ढहने से सात लोगों की मौत हो गई। इनमें से पांच मृतक एक ही परिवार के बताए गए हैं। पड़ोसी राहुल रजक ने बताया कि सुबह करीब साढ़े तीन बजे बहुत तेज आवाज आई। बाहर निकले तो देखा तो किले की दीवार गिर गई है। हमने दो लोगों को तत्काल बाहर निकाला और हॉस्पिटल भेजा। डायल-100 को फोन लगाया तो एक पुलिसकर्मी पहुंचा और लोगों को निकालने में मदद करने लगा। मौके पर कलेक्टर संदीप मकीन, एसपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा और एसडीईआरएफ की टीम मौजूद है। पुलिस ने महिलाओं और स्थानीय लोगो को शांत करवाया। मौके पर मौजूद लोगों ने रेस्क्यू की गति धीमी होने का आरोप लगाकर सुबह करीब आठ बजे हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि मलबा हटाने में लापरवाही बरती जा रही है। सुबह चार बजे से मलबा हटाया रहा है, लेकिन रेस्क्यू टीम एक भी आदमी को बाहर नहीं निकाल पाई है। रास्ता काफी संकरा है। कोई भी बड़ा वाहन यहां नहीं पहुंच पा रहा है। इस कारण रेस्क्यू में परेशानी आ रही है। गेट के मुहाने पर दो पोकलेन मशीन और एक जेसीबी आकर खड़ी है। उसे भीतर लाने के लिए बाहरी हिस्से की बांउड्री वॉल को तोड़ने की कोशिश की जा रही थी। लोग गैंती-फावड़े की मदद से मलबा हटाने लगे। दतिया विधायक राजेंद्र भारती भी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने कहा ऐसी घटनाएं न घटें, इसकी तैयारी जिला प्रशासन को पहले से करके रखना चाहिए।

### पानी से बाइक निकालते समय दो युवक बाइक के साथ बहे

अशोकनगर जिले में लगातार हो रही बारिश के कारण नदी-नाले उफान पर हैं। ऐसे में पुलिया के ऊपर से बह रहे पानी से बाइक निकालते समय दो युवक बाइक के साथ बह गए। इसका वीडियो सामने आया है हालांकि, दोनों युवक तैराक थे। इस कारण से बहते हुए पानी में तैरते हुए आगे की ओर बढ़ गए। पानी से बाहर निकल गए। यह घटना जिले के शाढ़ौरा तहसील क्षेत्र के पीलीघटा व खैजरा अटारी के बीच में पड़ने वाली सिंध नदी के किनारे की पुलिया की है। बुधवार शाम के समय दो युवक मनोज केवट एवं अनिल केवट अपनी बाइक से उफनती पुलिया को पार कर रहे थे। अचानक से बाइक पानी के तेज बहाव में बहने लगी। युवकों ने बाइक को काफी संभालने का प्रयत्न किया लेकिन वेग अधिक होने के कारण बहती धारा की ओर बाइक के साथ दोनों युवक भी बहने लगे। पुलिया के किनारे पर पहुंचे ही युवकों ने बाइक को छोड़कर खुद को संभालने का प्रयत्न किया लेकिन वह नाकाम रहे। पहले बाइक पुलिया से नीचे गिरी, फिर दोनों युवक भी नहीं संभाल सके। पुलिया में गिर गए। घटना की जानकारी लगने के बाद रात के समय शाढ़ौरा थाना प्रभारी नरेंद्र त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। रास्ते पर पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

# कर्नाटक के मांड्या में शोभायात्रा के दौरान दो गुटों में बहस, हिंसा और आगजनी, अब तक 46 गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक के मांड्या के नागमंगला कस्बे में भगवान गणेश की प्रतिमा की शोभायात्रा में हिंसा भड़क गई। इसके बाद पुलिस ने 46 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला बुधवार देर रात का है। पुलिस ने बताया कि जब बदरिकोप्पलु गांव से श्रद्धालु शोभायात्रा निकाल रहे थे, तब दो समूहों के बीच बहस हो गई और कुछ उपद्रवियों ने पथराव किया, जिससे स्थिति बिगड़ गई। उन्होंने बताया कि दोनों समूहों के बीच झड़प के बाद कुछ दुकानों में तोड़फोड़ की गई और वाहनों में आग लगा दी गई। पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने और स्थिति को संभालने के लिए हल्का बल प्रयोग किया। इस दौरान दो पुलिसकर्मियों समेत कुछ लोग घायल हो गए। वहीं, मांड्या के डिप्टी कमिश्नर डॉ. कुमार ने बताया, %घटना शाम को गणेश जुलूस के दौरान हुई। जब जुलूस मस्जिद के पास पहुंचा तो कुछ उपद्रवियों ने पत्थरबाजी की। यह बात हमारे संज्ञान में आई है। बाद में विरोध प्रदर्शन भी हुआ। आईजी, एसपी और मैंने घटनास्थल का दौरा किया है। हम स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय कर रहे हैं। 2-3 दुकानों में आग लगा दी गई। एहतियात के तौर पर 14 सितंबर तक धारा 144 सीआरपीसी लागू रहेगी। हम इसकी जांच कर रहे हैं। आग की वजह से बिजली गुल हो गई है। मैंने जीईएससीओएम (गुलबर्गा इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड) से बात की है।



### स्थिति पर काबू पा लिया गया

हालांकि, स्थिति पर काबू पा लिया गया है। मौके पर अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। 14 सितंबर तक इलाके में चार से अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगाने के लिए निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने, हत्या का प्रयास, सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डालने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और भारतीय न्याय संहिता की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। शोभायात्रा निकालने वाले युवाओं के समूह ने थाने के निकट विरोध प्रदर्शन किया और हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की।

### सादी वर्दी में पुलिस अधिकारियों को भी तैनात किया गया

मांड्या के पुलिस अधीक्षक मल्लिकार्जुन बलदंडी ने बताया कि हमने बुधवार की घटना के सिलसिले में 46 लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थिति अब सामान्य हो गई है। लोग अपने दैनिक कामकाज कर रहे हैं। दुकानें खुली हैं। हमने कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस के अतिरिक्त बल के साथ-साथ सादी वर्दी में अन्य पुलिस अधिकारियों को भी तैनात किया है।

### किस वजह से लोग भड़के या किसके उकसाने पर ऐसा हुआ?

दक्षिण डिवीजन आईजीपी एमबी बोरलिंगैया ने बताया कि मुझे झड़प में इस्तेमाल किए गए चाकू या अन्य हथियारों से संबंधित कोई जानकारी नहीं है। जांच चल रही है। हम कारण पता लगाने की कोशश कर रहे हैं। किस वजह से लोग भड़के या किसके उकसाने पर ऐसा हुआ? यह पता लगाया जा रहा है। हमारे अधिकारी ड्यूटी पर हैं। हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है और तलाशी चल रही है। प्रतिबंध आदेश जारी रहेंगे।

# पूर्व सीएम लालू हृदय रोग से पीड़ित मुंबई के अस्पताल में हुई एंजियोप्लास्टी



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का इलाज मुंबई के एक अस्पताल में हो रहा है। लालू को दिल से जुड़ी समस्याओं की शिकायत के बाद मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि हृदय रोग विशेषज्ञों ने लालू को एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी। डॉक्टरों की सलाह के बाद गुरुवार को लालू की एंजियोप्लास्टी की गई। बता दें कि लालू सेहत से जुड़ी कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लालू इससे पहले सिंगापुर में किडनी प्रत्यारोपण करा चुके हैं। लालू के लिए किडनी उनकी बेटी ने दान की है। नाजुक सेहत को देखते हुए अदालत ने लालू को इलाज कराने की अनुमति दी है, जिसके आधार पर वे विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में अपना इलाज करा रहे हैं।

### 10 साल पहले ऑपरेशन करा चुके हैं

लालू की सेहत के बारे में सूत्रों ने बताया कि 10 सितंबर को उन्हें एशियन हार्ट इंस्टीट्यूट में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि 76 वर्षीय बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को चिकित्सा जांच के बाद एक या दो दिन में छुट्टी मिलने की उम्मीद है। 2014 में लालू इसी अस्पताल में महाधमनी वाल्व रिप्लेसमेंट सर्जरी करा चुके हैं। साल 2018 और 2023 में फॉलो-अप के लिए लालू एक बार फिर इसी अस्पताल में आए थे। सूत्रों ने बताया कि लालू का इलाज करने वाली चिकित्सकों की टीम में डॉ संतोष डोरा और डॉ तिलक (सुवर्णा) शामिल रहे।

### बेटी के कहने पर कराया किडनी का इलाज

बता दें कि लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी ने पिता के लिए नवंबर, 2022 में किडनी दान किया था। लंबे समय तक किडनी संबंधी बीमारियों से जूझने के बाद लालू ने सिंगापुर में किडनी प्रत्यारोपण कराया था। खबरों के मुताबिक लालू 56 से अधिक तरह की बीमारियों से पीड़ित हैं। खबरों के मुताबिक लालू की दूसरी बेटी रोहिणी सिंगापुर में ही रहती हैं। लंबे समय तक बीमारी से जूझते रहे लालू ने बेटी रोहिणी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह के बाद किडनी ट्रांसप्लांट कराने पर हामी भरी थी।

# करीमगंज में तीन बांग्लादेशी घुसपैठिए गिरफ्तार, डिब्रूगढ़ में तलाशी अभियान के दौरान दो ग्रेनेड बरामद

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहटी

असम के करीमगंज जिले में तीन बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार कर उन्हें वापस उनके देश भेज दिया गया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरकार ने इसकी जानकारी दी। तीनों घुसपैठियों की पहचान सुमोन हुसैन, सुहाना खातून और ईवा अख्तर के तौर पर की गई है। पुलिस ने बताया कि उन्हें तब गिरफ्तार किया गया जब वे त्रिपुरा से करीमगंज में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उन्हें गिरफ्तार कर बांग्लादेशी अधिकारियों के हवाले कर दिया गया। इस घटना पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, भारत-बांग्लादेश सीमा पर कड़ी निगरानी रखते हुए असम पुलिस ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ने में कामयाब रही। उन्हें तुरंत उनके देश वापस भेज दिया गया। असम में डिब्रूगढ़ जिले के एक गांव में तलाशी अभियान के दौरान पुलिस ने दो ग्रेनेड बरामद किया।

# इंदौर में आर्मी अफसरों से मारपीट, दोस्त से गैंगरेप

## बंधक बनाकर 10 लाख मांगे, लड़की को झाड़ियों में ले गए, 6 आरोपी थे, 2 गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इंदौर

मध्य प्रदेश के इंदौर में सेना के 2 ट्रेनी अफसरों और उनकी दोस्त से मारपीट करने, बंधक बनाने और गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि घटना 10 सितंबर रात करीब ढाई बजे की है, जब अफसर इंदौर के जामगेट घूमने गए थे। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि सभी 6 आरोपियों की पहचान हो चुकी है और 2 को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियों ने अफसरों से 10 लाख रुपए भी मांगे। अफसर की दोस्त को दूर झाड़ियों में ले गए। पीड़ित अफसर ने गैंगरेप की आशंका जाहिर की है। पुलिस ने गैंगरेप, लूट, डकैती और आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर लिया है। एसपी ग्रामीण हितिका वासल ने कहा, ÷अस्पताल में भर्ती विक्टिम के बयान दर्ज नहीं किए जा सके हैं। उसका मेडिकल कराया गया है। बयान के आधार पर केस की धाराएं अपडेट की जाएंगी।÷ लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने घटना पर दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर नकारात्मक रवैया चिंताजनक है।

### एक आरोपी पर मर्डर का केस

एसपी ने कहा कि फरार 4 आरोपियों की भी पहचान हो गई है। उनको तलाशने के लिए 10 थानों को अलर्ट किया गया है। सभी आरोपी इंदौर के मानपुर, बडगौंदा के रहने वाले हैं। दो का क्रिमिनल रिकॉर्ड है। एक पर 2016 में मर्डर का केस भी दर्ज हुआ था।

### गैंगरेप पर पुलिस के 3 बयान...

- **बुधवार रात 9 बजे: गैंगरेप की शिकायत हुई है**
  बुधवार रात 9 बजे ग्रामीण डीआईजी निमिष अग्रवाल ने घटना के दौरान महिला से गैंगरेप की पुष्टि कर दी थी। उन्होंने कहा था कि अफसरों के साथ जो महिला थी, उसके साथ रेप जैसे गंभीर अपराध को अंजाम दिया गया है।
- **बुधवार रात 10 बजे: पीड़ित ने रेप की बात नकारी**
  डीआईजी अग्रवाल के बयान के बाद एडिशनल एसपी रूपेश द्विवेदी ने बुधवार रात 10 बजे कहा कि महिला ने रेप की बात नकार दी है। उन्होंने कहा कि महिला ऐसी किसी घटना से मना कर रही है।
- **गुरुवार सुबह: संदेह के आधार पर रेप केस दर्ज**
  ग्रामीण एसपी हितिका वासल ने गुरुवार सुबह कहा कि लूट, डकैती, मारपीट, जबरन वसूली का केस दर्ज किया है। फरियादी आर्मी अफसर के बयान के आधार पर रेप का केस भी दर्ज किया गया है, क्योंकि उसने इस बात की आशंका जताई थी।

### राहुल गांधी बोले, भाजपा सरकारों का नकारात्मक रवैया चिंताजनक

राहुल गांधी ने कहा- मध्य प्रदेश में सेना के दो जवानों के साथ हिंसा और उनकी महिला साथी के साथ दुष्कर्म पूरे समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। भाजपा शासित राज्यों की कानून-व्यवस्था लगभग अस्तित्वहीन है। महिलाओं के खिलाफ दिन प्रतिदिन बढ़ते अपराधों पर भाजपा सरकार का नकारात्मक रवैया अत्यंत चिंताजनक।

### मायावती ने कहा, इन घटनाओं को गंभीरता से ना लेने से स्थिति बेकाबू

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा मध्य प्रदेश के इंदौर में पर्यटक स्थल जामगेट में घूमने गए सेना के दो अफसरों पर हमला, उन्हें बंधक बनाना और उनकी महिला मित्रों के साथ दुष्कर्म की घटना अति-शर्मनाक है। सरकारों द्वारा लगातार हो रही ऐसी जघन्य घटनाओं को उसकी गंभीरता से नहीं लेने से ही स्थिति बेकाबू है। सरकार ध्यान दे।

# मुंबई वालों को आर्च ब्रिज की सौगत, फडणवीस बोले, 25 साल से बंद प्रोजेक्ट को भाजपा ने पूरा किया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई



अब मरीन ड्राइव से बांद्रा तक का सफर आसान होगा। गुरुवार को सीएम एकनाथ शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कोस्टल रोड को बांद्रा-वर्ली सी लिंक से जोड़ने वाले आर्च ब्रिज का उद्घाटन किया। इस दौरान सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि पहले मरीन ड्राइव से बांद्रा पहुंचने में 45 मिनट से एक घंटे का समय लगता था। लेकिन अब यह सफर 10 मिनट में पूरा होगा। वहीं डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस और शरद पवार को घेरा। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट 25 साल से बंद था। कांग्रेस और शरद पवार इसे पूरा नहीं कर सके। भाजपा ने इसका काम कराया। सीएम शिंदे ने कहा कि यह प्रोजेक्ट लोगों को काफी सुकून देगा। साथ ही मुंबई के लिए लोगों के लिए गेम चेंजर प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा कि पहले इस रूट पर गाड़ियां रुक-रुककर चलती थीं। लेकिन अब यहां सफर तेजी से पूरा होगा और लोगों का समय बचेगा। ईंधन की बचत होगी। साथ ही प्रदूषण कम होगा। उन्होंने कहा कि यह ब्रिज सिग्नल फ्री है। पिछली बार जब हमने दूसरे चरण काम पूरा किया था तो कहा था कि ब्रिज को हम 15 सितंबर को शुरू करेंगे। लेकिन हमने इसे 12 तारीख को ही पूरा कर लिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)